
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-70 ❐ शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



निरंतर बदलती परिस्थितियों और साइबर, अंतरिक्ष तथा सूचना युद्ध के पारंपरिक अभियानों का रूप लेने की संभावना के मद्देजनर सशस्त्र बलों को एकजुट होकर काम करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए। राजनाथ सिंह

माओवादियों ने राज्य सरकार के सामने शांति वार्ता का रखा प्रस्ताव 11

यमुना को अविरल और निर्मल बनाने में जुटी दिल्ली सरकार 12

# मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया गया

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा को वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार गुरूवार को यहां पहुंचने पर हिरासत में लिया और अब उसे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर आज शाम विशेष विमान से यहां लाया गया। एनआईए ने गुरुवार शाम को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार राणा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित करने में सफलता हासिल कर ली है। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत शुरू की गई कार्यवाही के चलते राणा को अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। राणा द्वारा प्रत्यर्पण को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाने के बाद आखिरकार उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी हो गयी। वक्तव्य में कहा गया है कि कैलिफोर्निया के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 16 मई 2023 को उसके प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। इसके बाद राणा ने नौवीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील में कई मुकदमे दायर किए, जिनमें से सभी को खारिज कर दिया गया। इसके बाद उसने एक रिट , दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आपातकालीन आवेदन दायर किया लेकिन उसे भी खारिज कर दिया गया। भारत द्वारा अंततः अमेरिकी सरकार से वांछित आतंकवादी के लिए आत्मसमर्पण वारंट प्राप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण कार्यवाही शुरू की गई। एनआईए ने स्काई मार्शल, यूएसडीओजे की ● शेष पेज 11 पर



❐ दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर विशेष विमान की लैंडिंग, सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा

❐ पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा 26/11 हमले का है मास्टरमाइंड

### 26/11 को 175 लोग मारे गए थे

26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

### अधिवक्ता नरेंद्र मान विशेष अभियोजक नियुक्त

केंद्र सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा के खिलाफ न्यायालय में सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है एनआईए मामले से संबंधित मुकदमे और अन्य मामलों के लिए नरेंद्र मान विशेष अभियोजक होंगे। वह इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन साल की अवधि या उक्त मामले की सुनवाई पूरी होने तक, जो भी पहले हो, काम करेंगे।

### राणा को भारत में निश्चित रूप से दोषी ठहराया जाएगा, संभवतः उसे मृत्युदंड मिलेगा: पूर्व गृह सचिव

**नयी दिल्ली।** पूर्व गृह सचिव गोपाल कृष्ण पिल्लई ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को निश्चित रूप से देश में दोषी ठहराया जाएगा और संभवतः उसे इस जघन्य आतंकवादी कृत्य में शामिल होने के लिए मौत की सजा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राणा डेविड कोलमैन हेडली का सहयोगी था, जो वर्ष 2008 में 26 नवंबर के हमलों में शामिल था। पिल्लई ने कहा, ''राणा वह व्यक्ति था जिसने मुंबई में (अपनी फर्म का) आव्रजन कार्यालय स्थापित किया था, जिसमें डेविड हेडली को काम दिया गया और फिर उसे भारत आने के लिए वीजा मिला। राणा और हेडली बहुत करीब थे और उन्हें घटनाक्रम की जानकारी थी। इसलिए भारत में उससे पूछताछ में यह बात सामने आएगी और हेडली ने उसे क्या बताया था। उन्होंने कहा कि राणा वह व्यक्ति नहीं है जिसने ताज होटल और अन्य स्थानों का सर्वेक्षण किया था जहां आतंकवादी आये थे। पिल्लई ने आतंकवादी हमले के सिर्फ छह महीने बाद गृह सचिव का पद संभाला था। उन्होंने कहा, ''यह सब डेविड हेडली ने किया था। वह वही व्यक्ति था जो भारत आया, फिर पाकिस्तान गया और सारी जानकारी ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री आज वाराणसी में करेंगे 3,880 करोड़ रुपये की लागत वाली 44 परियोजनाओं की शुरुआत

एजेंसी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे तथा 3,880 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।



वाराणसी के संभागीय आयुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा उनमें ग्रामीण विकास पर केंद्रित योजनाएं शामिल हैं, जिनमें 130 पेयजल परियोजनाएं, 100 नए आंगनवाड़ी केंद्र, 356 पुस्तकालय, पिंडरा में एक पॉलिटेक्निक कॉलेज और एक सरकारी डिग्री कॉलेज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पुलिस लाइन में 'ट्रांजिट हॉस्टल' और रामनगर में पुलिस बैरक तथा चार ग्रामीण सड़कों का भी उद्घाटन करेंगे। शहरी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए मोदी 'शास्त्री घाट' और 'सामने घाट' पर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, साथ ही रेलवे और वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा किए गए विभिन्न सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें से 25 परियोजनाएं 2,250 करोड़ रुपये की हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य शहर के बिजली ढांचे को मजबूत करना है। इसमें 15 नए 'सबस्टेशन' का निर्माण, नए ट्रांसफार्मर की स्थापना और 1,500 किलोमीटर तक बिजली के तार लगाना शामिल है। चौकाघाट के पास एक नया 220 ● शेष पेज 11 पर

## मोदी सरकार पूरी ताकत से ड्रग माफियाओं को कुचल रही है : शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार पूरी ताकत से ड्रग माफियाओं को कुचल रही है। श्री शाह ने गुरूवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ड्रग-मुक्त भारत बनाने के हमारे विजन के अनुरूप हमारी एजेंसियों ने ड्रग कार्टेलों पर लगाम लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाए और असम में तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए 24.32 करोड़ रुपये की 30.4 किलोग्राम मेथामफ़ेटामाइन की गोलियां जब्त कीं। ड्रग्स के खिलाफ हमारा अभियान कठोरता से जारी रहेगा। इस बड़ी सफलता के लिए एन सी बी, असम पुलिस और सीआरपीएफ को बधाई।

## यूपी में आकाशीय बिजली, तेज बारिश से नौ लोगों की मौत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली एवं तेज बारिश में दीवार गिरने की घटना से नौ लोगों की मौत हो गयी। इसमें फिरोजाबाद में दो लोग, सिद्धार्थनगर में एक, सीतापुर में दो लोगों, फतेहपुर में दो, संतकबीर नगर में एक, आजमगढ़ में एक सहित कुल नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। गुरुवार को फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी विशु राजा ने तेज बारिश एवं बिजली गिरने के बारे में बताया कि फिरोजाबाद में आकाशीय बिजली गिरने से गांव दौलतपुर में ललिता देवी और जसराना के चनारी में किसान पदमवीर सिंह की मौत हो गयी है। वहीं जिले में कुछ एक स्थानों पर पेड़, कच्चे मकान गिरने की भी जानकारी मिली है। सीतापुर के जिलाधिकारी अभिषेक कुमार के मुताबिक सीतापुर के बिसवां के मोछखुर्द गांव में किसान हरिशचंद्र की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी। वहीं रसूलपुर गांव में एक मकान की दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर कुसुमा देवी की मौत हुई है। उक्त घटना में एक व्यक्ति के घायल होने की भी सूचना है। जिले में अन्य जगहों से कोई अप्रिय समाचार प्राप्त नहीं हुआ है। सिद्धार्थनगर जिले ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### दिल्ली में आयुष्मान कार्ड का वितरण शुरू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - आयुष्मान भारत के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरुआत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में चयनित लोगों को आयुष्मान खुराना कार्ड दिए गए। इस कार्ड से दिल्ली के 36 लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को पांच लाख रुपए का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। दिल्ली के निवासी देश भर में योजना के 30 हजार से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों में से किसी में भी उठा सकते हैं। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 8.19 करोड लोगों को उपचार मिल चुका है। इसके लिए सरकार ने 1.26 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

## पैक्ड फूड पर वार्निंग लेबल दिया जाए : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। कोर्ट ने ये आदेश एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है।

केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह समिति जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करे ताकि उसी आधार पर एफएसएसएआई लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी आईसीएमआर के तहत हैदराबाद बेस्ड नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन (एनआईएन) ने भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। एनआईएन ने कहा, 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सख्त मानदंड हैं, लेकिन लेबल पर दी गई जानकारी भ्रामक हो सकती है। कुछ उदाहरण देते हुए एनआईएन ने कहा कि किसी फूड प्रोडक्ट को 'नेचुरल' कहा जा सकता है, यदि इसमें एडेड कलर्स, फ्लेवर्स और आर्टिफिशियल ● शेष पेज 11 पर

❐ केंद्र तीन महीने के अंदर लेबलिंग का नियम बनाए, कितना शुगर, हानिकारक फैट स्पष्ट लिखें

❐ केंद्र ने कहा- एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी



## कुकर्म की खबर न छपे, इसलिए पुजारी ने करवाई थी पत्रकार की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की सनसनीखेज हत्या के 34 दिन बाद आखिरकार पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया है। गुरुवार को पुलिस ने हत्या में शामिल पांच आरोपियों की पहचान कर ली, जिनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मंदिर का पुजारी भी शामिल है, जबकि दो शूटर अब भी फरार हैं। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में नोएडा व आसपास के इलाकों में दबिश दे रही हैं।

पुलिस के अनुसार, कारेदेव बाबा मंदिर के पुजारी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पत्रकार की हत्या की साजिश रची थी। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार चल रहे दोनों शूटरों की पहचान हो चुकी है और उन्हें वांछित घोषित किया गया है।

8 मार्च को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे महोली निवासी पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हेमपुर ओवरब्रिज पर चार गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई थी। हत्याकांड की जांच के लिए एसपी चक्रेश मिश्र और एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह के नेतृत्व में कुल 36 से अधिक टीमें गठित की गई थीं। क्राइम ब्रांच के निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में तीन विशेष टीमें बनाई गईं, जबकि एएसपी के नेतृत्व में 12 टीमों ने अलग-अलग पहलुओं से जांच की।

पुलिस ने 34 दिनों की लंबी छानबीन में एक हजार से अधिक मोबाइल नंबरों को ट्रैक किया, 125 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ की और करीब 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी जांच और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस को अहम सुराग मिले, जिससे मामले की परतें खुल सकीं। अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। फरार दोनों शूटरों की तलाश में ● शेष पेज 11 पर

❐ सीतापुर में 8 मार्च को हुई पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया

❐ मंदिर के अंदर पुजारी शिवानंद बाबा उर्फ विकास राठौर को बच्चे का कुकर्म करते हुए पत्रकार ने देख लिया था

❐ शिवानंद बाबा, निर्मल सिंह और असलम गाजी गिरफ्तार, दोनों शूटर फरार



## ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट घोटाला सामने आने के बाद निजीकरण हो रद्द : बिजली कर्मचारी

लखनऊ। निजीकरण का विरोध कर रही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने गुरुवार को मांग की कि ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट घोटाला सामने आने के बाद निजीकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाये। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन के झूठे शपथ पत्र और तमाम फर्जी दस्तावेजों के उजागर होने के बाद संघर्ष समिति के इस आरोप की पुष्टि हो गई है कि निजीकरण की सारी प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है । उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति प्रारंभ से ही कहती रही है कि निजीकरण की प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं है और मेगा भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होने कहा कि वाराणसी में 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में सैकड़ो करोड रुपए की नई बिजली परियोजनाओं के शिलान्यास के मद्देनजर विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने बड़े पैमाने पर निजी घरानों से ऊर्जा निगमों में निदेशक बनाए ● शेष पेज 11 पर

# यूपी सौर ऊर्ज़ा और गेहूं क्रय में बेस्ट प्रदर्शन करेगा : योगी

**मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद की संयुक्त समीक्षा बैठक**

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को भरोसा दिलाया कि यूपी अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देने का प्रयास करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पीएम सूर्य घर योजना के तहत अभियान चलाकर हर आवेदनकर्ता के घर सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार के कंज्यूमर अफ़ेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन मिनिस्टर प्रहलाद जोशी ने गुरुवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं खरीद को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक की। इस मौके पर प्रहलाद जोशी ने भी यूपी के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्ज़ा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए मॉडल बन रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का अपने सरकारी आवास पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। संयुक्त समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को ओडीओपी का उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कॉमन मैन और खासतौर पर अन्नदाता किसानों को स्पर्श करती तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में यूपी इन योजनाओं में अच्छा कार्य कर रहा है और प्रदेश सरकार की ओर से आश्वस्त करता हूं कि यूपी बेस्ट रिजल्ट देगा। उन्होंने कहा कि यूपी में नवीकरणीय ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्ज़ा नीति-2022 लागू की गई है। इसके तहत राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्ज़ा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त यूपी जैव ऊर्ज़ा नीति-2022 और उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2024 भी जारी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सोलर पॉलिसी के तहत 2027 तक ● शेष पेज 11 पर

❐ सौर ऊर्ज़ा नीति 2022 में राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्ज़ा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है: मुख्यमंत्री

❐ उत्तर प्रदेश ने सोलर पॉलिसी के तहत 2027 तक सोलर प्रोडक्शन में 22 हजार मेगावाट से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया

❐ मुख्यमंत्री का निर्देश- प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में सोलर पार्क विकसित किए जाएं, इसके लिए नगर निगम भूमि उपलब्ध कराएं

❐ केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने केंद्रीय योजनाओं में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को दी बधाई



## खुले में न रहे गेहूं, गोदाम में रखा जाए सुरक्षित : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपरीत मौसम को देखते हुए निर्देश जारी किए हैं कि गेहूं खुले में न रहे, इसे गोदाम में सुरक्षित रखा जाए। वहीं दूसरी तरफ रविवार हो या अन्य अवकाश, मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों से संवाद जारी रखने के निर्देश हैं। योगी सरकार के निर्देश पर महावीर जयंती के अवकाश पर भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचे और किसानों से संवाद स्थापित किया।

गेहूं की अच्छी ख़रीद हो, इसके लिए कटाई के पहले से ही गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क साधा गया और उन्हें सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए प्रेरित किया गया। खाद्य व रसद विभाग पहली बार मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसान के खेत तक पहुंचा। एक तरफ़ कटाई चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ मौके पर ही गेहूं तौला जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी क्रय केंद्र खुल रहे हैं, जिससे गेहूं बेचना अन्नदाता किसानों के लिए काफी आसान हो गया है। गुरुवार को महावीर जयंती के अवकाश पर भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचे और किसानों से संपर्क स्थापित किया। 10 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक गेहूं खरीद के लिए 3,67,875 किसानों ने पंजीकरण करा लिया था। 5784 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद हो रही है। 27388 किसानों से 1.43709 लाख मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीद भी हो चुकी है। आलम यह है कि दो दिन में लगभग 11 हजार से अधिक किसानों ने सरकारी बिक्री के लिए पंजीकरण कराया। 8 अप्रैल तक जहां 20,409 किसानों से गेहूं क्रय किया गया था, वहीं 10 अप्रैल तक बिक्री करने वालों किसानों की संख्या बढ़कर 27388 से अधिक हो गई है यानी दो दिन में लगभग सात हजार से अधिक किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री की। 8 अप्रैल तक 3.56 लाख किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जो 10 अप्रैल तक बढ़कर 3.67 लाख हो गई है।

सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल तय किया है, जिसका भुगतान 48 घंटे के अंदर किसानों को किया जा रहा है। यही नहीं, गेहूं की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से भी किसानों को प्रतिपूर्ति की जा रही है। सरकार ने व्यवस्था की है कि पंजीकृत किसान बिना ● शेष पेज 11 पर

❐ योगी सरकार का निर्देश- अन्नदाता किसानों के हित में घर-घर पहुंच रही योगी सरकार

❐ अवकाश में भी मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों से जारी रहा संवाद

# हर कार्यकर्ता से मुखातिब होने का अवसर दे रहा गांव चलो अभियान: राजमणि कोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। हर एक कार्यकर्ता से मुखातिब होने तथा उनसे मिलने और उनकी जन समस्याओं को सुनने का अवसर भाजपा का गांव चलो अभियान दे रहा है। इसके साथ ही साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वास्तविक पात्र गरीबों को ही लाभान्वित कराया जा रहा है अथवा नहीं, इसकी भी परख हो रही है।

जिन गांवों में आवास शौचालय तथा सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग छूट गए हैं। उनको संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर लाभान्वित कराने का काम किया जा रहा है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने बृहस्पतिवार को सायं 5 बजे के आस पास विधानसभा कोरांव के कोरांव मंडल के गोबरी गांव में संगठन के निर्देशानुसार आयोजित चौपाल कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, लाभार्थी संपर्क, बूथ कमेटी के साथ बैठक, अति वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। जिसके परिप्रेक्ष्य में गांव चलो अभियान चलाया गया है। इस अभियान का आशय सबका साथ सबका विकास और सबके सम्मान का जो वादा था उसे हमारी सरकार पूरा कर रही है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के साथ-साथ गरीबों को भी राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़कर उनकी ऊर्जा को राष्ट्रहित में लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर दिख रही हैं। पूर्ववर्ती सरकारों में सिर्फ योजनाएं कागज तक ही सीमित रहती थी।

कार्यक्रम को प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद, शिवाकांत पांडेय, शिक्षक राधेश्याम पांडेय समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। चौपाल कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम जालसाजी करने वाली महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोलबंद होकर नौकरी दिलाने के नाम जालसाज महिला कोमल शर्मा 24 को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार कर वृहस्पतिवार को जेल भेज दिया। जानकारी अनुसार जिले के झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचदेवरी निवासी जीतेन्द्र शर्मा की बेटी कोमल शर्मा महिलाओं को अपने बात में फंसाती थी । उनके बेरोजगार बेटे या पतियों को एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठ लेती थी। इसके साथी फर्जी नियुक्ति पत्र थमा देते थे । ऐसे ही मामले का आरोप लगाते हुए मेडिकल की अर्चना पाठक ने झंगहा में सात लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। अक्टूबर 24 में पिपराइच थानें में भी थाना क्षेत्र के लालगंज की रहने वाली रंभा देवी ने भी आरोपी कोमल शर्मा के विरुद्ध एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.45 लाख रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोप लगाते हुए धारा 420,406,506,467,468,471 का केस दर्ज कराया था। क्षेत्रीय चौकी प्रभारी विनय सिंह ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## पारिवारिक कलह व सम्पत्ति को लेकर युवक ने लगायी फाँसी

गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के खुटभार खजनी निवासी लक्ष्मण पाठक ने सम्पत्ति को लेकर पारिवारिक विवाद के कारण फाँसी लगाकर मौत को गले लगाया ।ख़जनी क्षेत्र ग्राम बिशुनपुरा के मूल निवासी लक्ष्मण पाठक पुत्र स्बर्गीय बिंध्याचल पाठक उम्र (45 वर्ष), खजनी कस्बा क्षेत्र के खुटभार में स्थित अपने पूर्वजों के मकान में रहते थे। बताया जा रहा है कि लक्ष्मण पिछले कई वर्षों से सम्पत्ति को लेकर पारिवारिक कलह से जूझ रहे थे। जानकारी के मुताबिक, उनके पिता की दूसरी पत्नी ने सारी अचल संपत्ति अपने नाम वसीयतनामा लिखवा ली थी जिसमे वह गवाह भी थे,और मुकदमा भी लड़ रहे थे, जिससे लक्ष्मण मानसिक रूप से बेहद परेशान थे।दिन–प्रतिदिन संपत्ति को लेकर होने वाले विवाद ने उनके मनोबल को पूरी तरह तोड़ दिया था।उनकी पत्नी प्राइवेट विद्यालय मे शिक्षक है आज बुधवार को उनके मकान में उस समय सनसनी फैल गई जब लक्ष्मण की लाश बरामदे में कुंडी से लटकी मिली।मृतक की पत्नी विद्यालय पढ़ाने गयी वापस आकर नजारा देखा तो शोर मचाई और लाश को नीचे उतारा गया। मृतक की दो पुत्रियाँ है जो नाबालिग है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुट गई है।

# प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पाकर छात्रों के चेहरे खिले



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/ कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय माधोपुर बुजुर्ग में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर छात्रो के चेहरे खिल गये।विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से परीषदीय विद्यालयों के छात्रों को तमाम सुविधाएं दे रही है। डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक छात्रों/अभिभावकों के खाते में 1200 रू की धनराशि मुहैय्या करा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपने पाल्यों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने का आह्वान किया।

इस दौरान छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान कक्षा के टापर बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्राशिसं अध्यक्ष शंभू यादव, जूनियर शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, पूर्व एनपीआरसी अजय शर्मा, पूर्व एबीआरसी राजेश प्रसाद, प्रधानाध्यापक अजीमुद्दीन अंसारी, संजय कुमार सिंह, प्रद्युम्न राय, ब्रजेश श्रीवास्तव, राजकुमार पाल आदि रहे।

# सीओ और अधिवक्ताओं के बीच का विवाद गहराया,तीन नामजद कईयों पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में मंगलवार को करनैलगंज के सीओ सौरभ कुमार वर्मा के साथ हुई ध क्कामुक्की और मारपीट के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।इस मामले में तीन नामजद अधिवक्ताओं के साथ साथ कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करा या गया है।सीओ सौरभ वर्मा ने कोतवाली नगर में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वह राजकीय कार्य से न्यायालय परिसर पहुंचे थे। जैसे ही वह मुख्य प्रवेश द्वार से अंदर गए,उनकी गाड़ी को कुछ अधिवक्ताओं ने रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे।

सीओ का आरोप है कि उनके साथ और उनके हमरा ही के साथ भी धक्कामुक्की व मारपीट की गई।इस घटना को लेकर उन्होंने अधिवक्ता आलोक पाण्डेय,राजेश दूबे और शिवम सिंह रैकवार समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।अपराध शाखा के इंस्पेक्टर अरविंद यादव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।वहीं दूसरी ओर,इस कार्रवाई को लेकर अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश है।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी और महामंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा है कि निर्दोष अधिवक्ताओं पर झूठी एफआई आर दर्ज कराई गई है,जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ इसका जोरदार विरोध करेगा और पुलिस अधीक्षक एसपी को पत्र भेजकर आरो पियों के खिलाफ साक्ष्य की मांग की गई है।साथ ही,बार एसोसिएशन ने इस मामले की स्वतंत्र जांच के लिए अपनी एक टीम गठित करने का भी निर्णय लिया है।

दरअसल यह विवाद सोमवार शाम गुरु नानक चौराहे पर हुई एक घटना से शुरू हुआ था।जब यातायात सीओ द्वारा चेकिंग के दौरा न पूर्व महामंत्री रितेश कुमार यादव की बाइक की चाबी निकाल ली गई थी।इसी बात को लेकर मंगलवार को अधि वक्ताओं ने न्यायालय परिसर में प्रदर्शन किया था,जो बाद में तनाव में बदल गया।फिलहाल पुलिस और अधिवक्ता सं घ दोनों अपनी-अपनी कार्रवाई में जुटे हैं,जिससे माहौल और गरमाता जा रहा है।

# हर गरीब को छत, भूखे को राशन दे रही भाजपा सरकार: संतरा देवी बिंद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के हर गरीब को छत तथा भूखों को निःशुल्क राशन देने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के गरीबों के उत्थान के साथ-साथ देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने, तथा हर व्यक्ति को रोजगार मिले इस पर काम कर रही है। यह बातें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे की जिला महामंत्री यमुनापार प्रयागराज संतरा देवी बिंद ने बृहस्पतिवार सायं 5 बजे के करीब विधानसभा कोरांव के मंडल अयोध्या में आयोजित आवंटित बूथ संख्या 360 में 8 घंटे प्रवास पूर्ण करने के उपरांत उपस्थित मातृ शक्तियों तथा लोगों को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार हर पात्र गरीबों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करने का काम कर रही है। जो कोई पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित हो वे जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

# ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, गंभीर रूप से हुए घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पथरताल गांव में स्थित हनुमान मंदिर के सामने ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो जाने से एक ही बाइक पर सवार दो लोग सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्रेकर के बगल गए पत्थर होने के कारण एक व्यक्ति को गंभीर चोट आ गई है। हादसा बृहस्पतिवार को सायं 4 बजे के करीब हुआ। हादसे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बिहारी लाल पुत्र लालमनि (35) निवासी सलैया बरहुला थाना कोरांव गांव के ही श्री नारायण पुत्र लंगड़ (50) के साथ बाइक से कहीं जा रहा था कि अभी दोनों एक ही बाइक से पथरताल गांव में स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचे थे कि ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्साधिकारी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि श्री नारायण की हालत नाजुक बनी हुई है। जबकि बिहारी लाल का एक पैर टूट गया है। सीएचसी से रेफर करने तक दोनों घायलों के कोई पारिजन अस्पताल नहीं पहुंचे थे। पुलिस की मौजूदगी में चिकित्सको ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## जन समस्यायों का निस्तारण ही प्राथमिकता– कोतवाल



कुशीनगर। हाटा कोतवाली में नवागत प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने पदभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों पर नियंत्रण की बात पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। प्रभारी निरीक्षक ने आम जन से सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया और कहा कि फरियादी सीधे थाने आकर अपने समस्याओं से अवगत करा सकते हैं और शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने महिला सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया। कहा की थाने में आने वाली शिकायतों का निस्तारण प्रार्थमिकता होगी।इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी विवेक पाण्डेय, एसएसआई मंगेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बृहस्पतिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ।इसमें छात्राओं को पुलिस कर्मियों ने जा गरूक किया।महिला उप निरीक्ष क खुशबू श्रीवास्तव ने कहा कि मुश्किल में छात्राएं हेल्प लाइन नंबर डायल करें मदद जरूर मिलेगी।महिला उप निरीक्षक आरती गौतम ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी,छेड़खानी,सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्का ल 1090 व 112 ,1076 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दें,पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।थाने पर महिला हेल्प डेस्क है,जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं।थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं।वही 1930 और नारी सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के बारे में वि स्तृत जानकारी दी गई व एंटी रोमियो फीड बैक फार्म भी भरवाए गए तथा आने जाने के मार्ग में हो रही समस्या ओं के बारे में जानकारी ली गई।खेल के बारे में जानकारी दी ताकि उनके अंदर खेल की भावना अधिक से अधिक उत्प न्न हो और स्वस्थ रहते हुए खेल को अपने जीवन का उद्दे श्य बनाते हुए बच्चे अपने घर,अपने स्कूल, जनपद,राज्य,देश,का नाम रोशन कर सकें।इस दौरान महिला कंास्टेबल रूपा देवी, महिला कंास्टेबल कामिनी मिश्रा व विद्यालय के प्रधानाचार्य एवम् अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे।

# कार सवार पर जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। दो दिन पहले गिरजाशंकर तिवारी पुत्र कृष्ण दत्त तिवारी निवासी ग्राम टेंगनहा थाना परसपुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली कर्नलगंज में लिखित तहरीर दी कि उनका भाई आशुतोष त्रिपाठी तहसील कर्नलगंज से अप नी निजी कार से घर आ रहा था कि वंधिया घाट पुल के पा स विपक्षीगणों के द्वारा गाड़ी रोककर जानलेवा हमला कर ते हुए लाठी-डण्डे व फरसें से उसके भाई को मारा-पीटा ग या है।

जिससे उसके भाई को गम्भीर चोटे आयी है।कार स वार से मारपीट और जानलेवा हमला करने के तीन आरो पियों को कर्नलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।कोतवाली कर्नलगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए तीनो आरोपी राजेश कुमार पुत्र पारसनाथ,सुमित कुमार पुत्र विनोद कुमार,नन्द कुमार मिश्रा पुत्र पारसनाथ मिश्रा निवासीगण ग्राम टेंगहना पोस्ट रेक्सड़िया थाना परसपुर को ग्राम टेंगहना से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कर्नल गंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# भ्रष्टाचार :मनरेगा योजना में एमएमएस सिस्टम से खुल रही घोटाले की पोल,फर्जी फोटो साइड पर अपलोड

- केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र मुजेहना ब्लॉक में ग्राम पंचायत परासिया पंडित में मनरेगा में गड़बड़ झाला

मनरेगा में एक ही फोटो से लगाई जा रही कई श्रमिकों की फर्जी हाजिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में लाखों मजदूर काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं.उनके जीवन यापन में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है,लेकिन अब योजना पूरी तर ह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गयी है।पूरा मामला केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के संस दीय क्षेत्र गोण्डा विकासखंड मुजेहना ग्राम पंचायत परासि या पंडित में मनरेगा में बड़ा फर्जीवाड़ा हो रहा है।ग्राम पंचा यत परासिया पंडित में दो कार्यों के लिए सात मस्टर रोल चल रहा है जिसमे 65 मनरेगा मजदूर जो सिर्फ कागजी आंकड़ों में काम कर एक ही लोगों की फोटो मनरेगा के साइड़ पर अपलोड किया जा रहा है,न तो साइड पर काम चल रहा है और न ही कोई मजदूर काम करते नजर आ रहे हैं लेकिन जब विकासखंड मुजेहना ग्राम पंचायत पर सिया पंडित में मनरेगा की कागजी आकंड़ों पर नजर डालेंगे तो पांच अप्रैल से रोजाना 65 मजदूर काम कर रहे हैं और जो वास्तविक मनरेगा मजदूर हैं,प्रतिदिन 16,315 रुपए के हिसाब से सात दिन में 114,205 रुपए का वारा न्यारा कर चुके हैं।वही रोजगार की तलाश में दर-दर भट कने पर मजबूर हैं उनके घर के चूल्हे किसी तरह जल रहे हैं वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी इस पर मौन सहमति देकर मुजेहना विकास




खण्ड की ग्राम पंचायत परसिया पंडित में लूट की छूट दे रखे हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले जिरो टारलेंस नीति की ढोल पीट रही हो,लेकिन इसकी जमीनी धरातल पर तस्वीरें साफ तौर से देखा सकता है कि कैसे कथनी-करनी में अन्तर हैं,मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर घोटाला देखने को मिल रहा है जब इस सम्बन्ध में जिम्मेदार अधिकारियों से सवाल किया जाता है तो वह जांच कर कार्रवाई की बात करते हैं,लेकिन उसमें कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है,क्योंकि उसमें वही अधिकारी सामिल हैं वहीं मनरेगा मजदूरों की मांग हैं कि सरकार इस पर लगाम कसे और कागज में हो रहें फर्जीवाड़ा रोकने पर लगाम लग सके।लेकिन गोंडा जनपद में ऐसा नहीं हो रहा है जिले में कोई ऐसा ब्लॉक अछूता नहीं है जहां मनरेगा में बड़े पैमाने पर कागज में भ्रष्टाचार ना चल रहा हो।

## टीम गठित कर कराई जाएगी जांच:सीडीओ

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। इस संबंध में जब मुख्यविकास अधिकारी अंकिता जैन से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचा र किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने क हा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जां च कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# मुरादाबाद में भी अटल आवासीय विद्यालय की बिल्डिंग बनकर तैयार, सीएम करेंगे शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोनाकाल में निराश्रित हुए बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालयों की शुरुआत की थी। उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण और आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इसी क्रम में बरेली के बाद अब मुरादाबाद में भी अटल आवासीय विद्यालय की शानदार इमारत बनकर तैयार हो चुकी है। एक मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस इमारत का शुभारंभ कर सकते हैं। इसके साथ ही सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय अपनी-अपनी बिल्डिंग से संचालित हो सकेंगे।



बच्चों के लिए नया घर, बेहतर भविष्यबरेली और मुरादाबाद के बच्चे जो पहले लखनऊ और बुलंदशहर जैसे अन्य जिलों में पढ़ाई कर रहे थे, अब उन्हें अपने ही मंडल में सुविधायुक्त अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे न सिर्फ उन्हें बेहतर शिक्षा बल्कि सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल भी प्राप्त होगा। अटल आवासीय विद्यालयों में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के साथ-साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र अनाथ बच्चों और कोविड काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों को भी प्राथमिकता से प्रवेश दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23 सितंबर 2023 को वाराणसी में इन विद्यालयों का औपचारिक उद्घाटन किया गया था, जबकि आधारशिला स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 जनवरी 2020 को रखी थी। अब यह सपना साकार हो रहा है। 13.5 एकड़ में फैला है परिसर, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्तमुरादाबाद में तैयार यह विद्यालय 13.5 एकड़ में फैला है और इसमें एकेडमिक ब्लॉक, रेसीडेंस ब्लॉक और छात्रावास की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है। कुल 1000 छात्रों

**बरेली के बाद अब मुरादाबाद मंडल में भी अटल आवासीय विद्यालय अपने खुद के भवन में होगा संचालित**

के बैठने की क्षमता वाले इस विद्यालय में फिलहाल 640 छात्र-छात्राएं नए सत्र से अपनी पढ़ाई शुरू करेंगे। इस बिल्डिंग में 28 क्लासरूम, 11 आधुनिक प्रयोगशालाएं और लाइब्रेरी, 6 ट्यूटोरियल रूम 300-300 सीनियर गर्ल्स और बॉयज डॉरमेट्री, 200-200 जूनियर गर्ल्स और बॉयज डॉरमेट्री, 6 टाइप-1, 6 टाइप-2 और 30 टाइप-3 रेजिडेंशियल फ्लैट्स, प्रिंसिपल आवास, सेपरेट मेस, एसटीपी, 1000 किलोवाट की ईएसएस (इलेक्ट्रिक सब स्टेशन) है। इस बिल्डिंग की निर्माण लागत लगभग ?70 करोड़ रुपये है।

# लखनऊ मे रहने वालों को ही नही मिल रही जीने की मूलभूत सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुस्कुराइये कि आप लखनऊ मे हैं लखनऊ जो उत्तर प्रदेश की राजधानी है यहाँ विकास का डंका बजता है लेकिन ये विकास क्या केवल वी आइ पी क्षेत्रों भर तक सीमित है ये सवाल भी है और कटाक्ष भी वो भी उन लोगो का जो कहने को तो लखनऊ मे रहते हैं पर उन्हें रहने पर मुस्कुराहट महसूस नही हो रही हम बात कर रहे हैं राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र के शाहपुर भमरौली

और मुर्दापुर फरीदीपुर रोड मे रह रहे लोगों की जहाँ जल निकासी की कोई व्यवस्था नही की गई है कालोनियां तो बसे ज़माना हो गया पर पानी निकासी कि कोई व्यवस्था नही की गई है स्थानीय निवासी राहुल प्रजापति,राजू लोधी, वीरेंद्र प्रजापति और सुरेंद्र सोनू ने हमे बताया कि हमारी कालोनी बसे कई साल हो चुके हैं लेकिन यहाँ बिना बरसात ही बरसात का माहौल बना रहता है पिछले तीन चार सालों से तो



और भी मुश्किलात बढ़ गई है हर जगह जल भराव दिखाई देता है जिसकरण स्कूली बच्चों और वृद्धजनों को कहीं आने जाने मे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है उन्होंने बताया कि यहां के स्थानीय पार्षद,विधायक और सांसद सभी को सूचना भी भेजी गई है पर किसी ने हमे इस समस्या से निजात दिलाने का कोई कार्य नही किया जिससे हमे महसूस ही नही होता कि हम राजधानी मे रह रहे हैं जहाँ विकास की बात तो की जाती है लेकिन हमारे जन प्रतिनिधि विकास करने मे कतराते नज़र आते हैं अगर ऐसा ना होता तो हमारी ये जल भराव की समस्या कब की दूर कर दी गई होती अब सरकार ही हमारी सुध ले यही उम्मीद है।

# जयंती से पूर्व सपा की द्वारा की गई बाबा साहब की मूर्ति स्थल की सफाई अभियान की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार परमपूज्य विश्वरत्न बाबा साहब डॉध भीम राव अम्बेडकर की जयंती से पूर्व मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मलौली में स्थित बाबा साहब की मूर्ति स्थल पर सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ सपा सांसद आर. के. चौधरी एवं पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने संयुक्त रूप से किया।

पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बाबा साहब की जयंती के पूर्व सभी मूर्ति स्थलों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य निरंतर करते रहेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।



इस अवसर विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, राष्ट्रीय सचिव अंबेडकर वाहिनी संतोष रावत, ललित कुमार रावत, पवन कुमार, अमित गौतम, राजेश रावत, शिव बरन, संदीप रावत, कृपा शंकर रावत, हरीशंकर रावत समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योगी सरकार के 'दस के दम' अभियान से अपराधियों की टूटी कमर, ऑपरेशन त्रिनेत्र बना काल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति ने पिछले आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी है। इस दौरान एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा जा चुका है। योगी सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत प्रदेशभर में 'दस का दम' नामक विशेष ऑपरेशन चलाए गए। इसमें ऑपरेशन गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र आदि शामिल हैं। इन ऑपरेशन के जरिये यूपी पुलिस ने महिलाओं, बेटियों, बच्चों, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र ने जघन्य अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम योगी की मंशानुसार मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में दस ऑपरेशन चलाए। यूपी पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए काल बन गया है। योगी सरकार का 'दस का दम' ऑपरेशन ने प्रदेश को अपराध से मुक्त करने की संकल्पना है, जिसे ज़मीन पर सफलतापूर्वक उतारा गया है। इन ऑपरेशन के जरिए एक लाख से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।



डीजीपी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद प्रदेशभर में 11 लाख 7 हजार 782 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। ये सीसीटीवी थानों से जोड़े गए, ताकि कैमरा कंट्रोल रूम्स से घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी का नतीजा है कि डकैती, लूट समेत कुल 5,718 जघन्य अपराधों का सफल खुलासा किया गया। महिलाओं और बच्चियों से जुड़े साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए ऑपरेशन गरुड़ चलाया गया। अभियान के तहत 2,597 प्राथमिकी पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 2,407 का निस्तारण किया गया। वहीं पूर्व में पंजीकृत 1,179 अभियोग में से 449 का निस्तारण किया गया और 498 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 405 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए गए। उन्होंने बताया कि स्कूल-कॉलेजों के आसपास बच्चों और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों सौहदों के खिलाफ ऑपरेशन मजनू चलाया गया। इस अभियान में 7,554 स्थानों को चिह्नित किया गया और 58,624 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं ऑपरेशन ईगल के तहत महिलाओं से संबंधित अपराधों में जेल से बाहर आए 7,963 अपराधियों में से गिरफ्तार-हाजिर अदालत 5,166 को चिन्हित किया गया। इस दौरान 2,683 अभियुक्त गिरफ्तार-हाजिर अदालत हुए। वहीं 4,294 के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। ऑपरेशन रक्षा के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर में छिपे मानव तस्करी के मामलों में 56 महिलाओं/बालिकाओं को रेस्क्यू कर 49 का पुनर्वास कराया गया। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में बल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति समेत बच्चे के अधिकारों के लिए ऑपरेशन बचपन और खोज चलाया गया। इसमें ऑपरेशन बचपन के तहत बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के मामलों में 2,860 बच्चों को बचाया गया। वहीं 1,207 केसों में कार्यवाही हुई। इसी तरह ऑपरेशन खोज के तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, आश्रयगृहों से 3,327 गुमशुदा बच्चों को पुनर्वासित किया गया। ऑपरेशन शील्ड के तहत 29,773 एसिड की दुकानों को चेक किया। वहीं 725 के खिलाफ कार्रवाई की गयी।

# मोदी सरकार में किसान हित सर्वोपरि : प्रह्लाद जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरूवार को लखनऊ स्थित नवीन गल्ला मंडी में पहुंचकर किसानों से संवाद किया। किसानों से केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गेहूं की खरीदारी और बिक्री की व्यवस्था एवं मूल्य पर व्यापक चर्चा किया। किसानों से बिलों के भुगतान की स्थिति जानने के बाद केन्द्रीय मंत्री ने मंडी परिषद के अधिकारियों को किसान हित का ध्यान रखकर बिल भुगतान करने को कहा।

केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में किसान हित सर्वोपरि है। इसका ध्यान सभी अधिकारियों को रखने की आवश्कता है। किसी किसान को ?कोई समस्या ना होने पाये। किसान के खाते में सीधे भुगतान राशि पहुंचें। तीस लाख टन गेहूं की खरीद हो, इस लक्ष्य के साथ योजना पर कार्य करना है। उत्तर प्रदेश में आने पर मालूम होता है कि यहां पर किसान व्यवस्था से बेहद खुश है। फिर भी हमारी तैयारी हर वक्त होनी चाहिए कि किसान को कोई कष्ट ना होने पाये।

किसानों के साथ बैठक कर केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद ने बख्शी का तालाब क्षेत्र के डुग्गौर ग्राम में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर ऊर्ज़ा संयंत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां भी केन्द्रीय मंत्री ने योजना के लाभार्थी परिवारों से चर्चा करते हुए उनके अनुभव प्राप्त किए। वहां से निकलने के बाद केन्द्रीय मंत्री डुग्गौर ग्राम में पहुंचें और पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंपों की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री एके शर्मा भी मौजूद रहें।

इससे पहले केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सौर ऊर्ज़ा, गेहूं क्रय, पीएम कुसुम योजना, गेहूं खरीद जैसे विषयों पर समीक्षा बैठक किया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# आपातकालीन चिकित्सा सेवा को मजबूती के लिए लखनऊ में जुटेंगे 500 चिकित्सा विशेषज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवा को मजबूत करने के लिए लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय कॉन्क्लेव में देश-दुनिया के 500 विशेषज्ञ डॉक्टर्स हिस्सा लेंगे। कॉन्क्लेव ऑफ मेडिकल इमरजेंसी एंड ट्रामा (सीओएमईटी-25) के संचालक डॉ. लोकेंद्र गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन 11 अप्रैल से शुरू होगा और तीन दिन तक चलेगा। इस सम्मेलन में 500 से अधिक विशेषज्ञ, शासकीय अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ भाग लेंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'गोल्डन आवर' रखा गया है, जो चिकित्सा आपातकालीन स्थितियों में वह महत्वपूर्ण समय है, जब त्वरित इलाज से जीवन बचाया जा सकता है। जैसे कि सड़क दुर्घटनाओं में



घायल व्यक्ति, दिल का दौरा या स्ट्रोक के मरीजों को यदि समय रहते इलाज मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। 'गोल्डन आवर' के दौरान दी गई चिकित्सा मदद से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं, और यह समय सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। सम्मेलन के पहले दिन 11 अप्रैल को केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया में विशेषज्ञों द्वारा डॉक्टर्स को गोल्डन आवर के दौरान क्या करना है, इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा 12 और 13 अप्रैल को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विशेषज्ञ डॉक्टर्स गोल्डन आवर पर चर्चा करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे।डॉ. लोकेंद्र ने बताया कि योगी सरकार की विभिन्न पहलों से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा में सुधार हो रहा है और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। सम्मेलन के जरिए प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही सम्मेलन में हिस्से लेने वाले डॉक्टर्स को 'गोल्डन आवर' के महत्व के बारे में बताया जाएगा ताकि समय रहते उपचार मिल सके और हर साल होने वाली हजारों मौतों को रोका जा सके।

## दारुलशफा में दुकानदारों ने खुद तोड़ी अपनी दुकान

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य संपत्ति विभाग के अंतर्गत आओ वाली दारुलशफा कॉलोनी के दुकानदारों को गुरुवार को अपनी ही दुकान को तोड़ते हुए देखा गया। दुकानदारों ने लोहे की रॉड लेकर अपनी दुकानों के बाहरी हिस्से की छत व दीवार गिरा दी। दारुलशफा के खंड अ में व्यवस्था अधिकारी डॉ दिनेश कारूष ने बताया कि कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान की सीमा के बाहर तक दुकानें बढ़ा रखी थी। जिसके कारण उन्हें नोटिस भेजी गई और कार्रवाई के भय से वे अपनी ही दुकानों को तोड़ रहे हैं। वहीं कुशवाहा जलपान गृह के मालिक दिनेश कुशवाहा ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान समय में राज्य सरकार के अधिकारी अपनी मनमर्जी कर रहे हैं। उनकी दुकान वर्षों से चल रही है और आने-जाने के रास्ते पर कोई अतिक्रमण नहीं है। फिर अचानक नए व्यवस्था अधिकारी के आने के बाद नोटिस भेजी और कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दुकान के बाहरी हिस्से को तोड़ लिया गया है।

# औद्योगिक निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन कर उभर रहा यूपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास की दिशा में नए इतिहास रच रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इन्वेस्ट यूपी 2.0 के तहत राज्य ने जिस तरह से उद्योग जगत को नीति, सुरक्षा और सुविधाओं का मजबूत आधार प्रदान किया है, उसका परिणाम अब ठोस रूप में सामने आ रहा है। भारत सरकार द्वारा संचालित वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) के ताज़ा आंकड़े इस परिवर्तन की सशक्त तस्वीर पेश कर रहे हैं। साथ ही इस वर्ष प्रदेश में सबसे अधिक फैक्ट्रियों का पंजीकरण हुआ है, जो कि वर्ष 2020-21 के मुकाबले लगभग दोगुना है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश में कुल 3318 नई फैक्ट्रियों का पंजीकरण हुआ है। अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि



में से एक है। खास बात यह है कि इन पंजीकृत इकाइयों में से 460 फैक्ट्रियां ऐसी हैं, जहाँ सौ से अधिक कर्मचारी कार्यरत होंगे। यह स्पष्ट संकेत है कि यूपी अब न केवल छोटे और मझोले उद्योगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि बड़े औद्योगिक निवेश के लिए भी एक प्रमुख गंतव्य बन चुका है। वर्तमान की यह उपलब्धि वर्ष 2020-21 के मुकाबले लगभग दोगुनी वृद्धि को दर्शाती है। 2020-21 में 1484 नई फैक्ट्रियों का पंजीकरण हुआ था। बाद के वर्षों में लगातार वृद्धि हो रही है। यह प्रमाणित करता है कि राज्य में ईज ऑफ डूइंग

**वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 3318 नई फैक्ट्रियां हुई पंजीकृत**

बिजनेस में बड़ा सुधार हुआ है। उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक पंजीकरण के मामले में निरंतर प्रगति करते हुए भारत सरकार के एएसआई फ्रेम में भी उल्लेखनीय बढ़त पाई है। वर्ष 2022-23 में एएसआई फ्रेम में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़कर 7.6 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो कि प्रदेश की अब तक की सबसे ऊंची स्थिति है। औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) के स्तर पर भी उत्तर प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। वर्ष 2022-23 में राज्य का जीवीए बढ़कर 1.3 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो देश के कुल औद्योगिक जीवीए में 6.1 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित करता है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ पंजीकरण के आंकड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उत्पादन, मूल्य संवर्धन और रोजगार निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतिगत प्रतिबद्धता, जिसमें उद्योगों के लिए बेहतर लॉ एंड ऑर्डर, तेज़गति से स्वीकृति प्रक्रियाएं, सिंगल विंडो ऑपरेटिंग सिस्टम, गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा और क्रियान्वयन में पार्दर्शिता ने निवेशकों का विश्वास मजबूत किया है। देश के बड़े औद्योगिक घराने ही नहीं बल्कि विदेश के निवेशक भी उत्तर प्रदेश को अब एक स्थायी और लाभकारी औद्योगिक डेस्टिनेशन के रूप में देख रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## सांसद रामजी लाल सुमन के विरूद्ध प्रदर्शन का ऐलान करने वाले करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष हाउस अरेस्ट

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के विरूद्ध प्रदर्शन का ऐलान करने वाले श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह को हाउस अरेस्ट किया गया है। लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में दुर्गेश सिंह के आवास पर सुबह के वक्त पुलिसकर्मियों ने डेरा डाल दिया और उन्हें आवास से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होने की सूचना दी। श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के बयान से एक समाज पूरी तरह से आक्रोशित है। इसके लिए लखनऊ में बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी की गयी थी। जिसको लेकर लखनऊ पुलिस ने उनके आवास के बाहर पहरा लगा दिया है। उन्हें हाउस अरेस्ट होने की बात बतायी गयी है। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने कहा कि आज नहीं तो कल लखनऊ में करणी सेना का ऐतिहासिक प्रदर्शन होना तय है। पुलिस कितने ही दिन तक पहरा लगायेगी। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन को अपने बयान पर माफी मांगने तक प्रदर्शन होता ही रहेगा। सुबह से शाम तक कार्यकर्ताओं की मांग पर विभिन्न प्रकार से प्रदर्शन होगें।

## फसल नुकसान पर किसानों को दी जाएगी त्वरित राहत : कृषि मंत्री

लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश में गुरूवार को अचानक बदले मौसम के मिजाज और कई जिलों में हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्थलीय निरीक्षण कर फसलों को हुए नुकसान का तुरंत जायजा लें। कृषि मंत्री ने कहा कि वर्षा तथा आंधी-तूफान के कारण जो भी फसलों को नुकसान हुआ है ।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का विद्यालय के अभिलेखों में त्रुटिवश नाम तान्या गुप्ता अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही नाम कीर्ति गुप्ता है। अतः मेरी पुरी को कीर्ति गुप्ता से नाम से जाना जाए। सुरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व. राम चरन गुप्ता निवासी-वार्ड संख्या-16, बरगदी मगठ, बख्शी का तालाब, लखनऊ।

# अपना दल (एस) के नवीन विधानसभा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। आज 10 अप्रैल वृहस्पतिवार को अपना दल (एस) की 150 सेवता विधानसभा के नवीन कार्यालय का उद्घाटन सम्पन्न हुआ।यह कार्यालय जहांगीराबाद - बजेहरा सम्पर्क मार्ग पर खोला गया है। विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष शिक्षक मंच सीतापुर राम सिंह वर्मा ने फीता काट कर किया। इस नवीन कार्यालय में आज ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा की मासिक समीक्षा बैठक भी हुई। जिसमें दल के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। गत मास की हुई बैठक में पारित किये गये प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई जिन्हें सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।




इस मौके पर प्रेमचंद्र को महासचिव, देशराज वर्मा को बूथ अध्यक्ष पूंजी खेरा तथा जगमोहन लाल भारती को बूथ अध्यक्ष बजेहरा नियुक्त किया गया। इस अवसर पर दयाराम वर्मा उपाध्यक्ष व राम लखन पटेल उपाध्यक्ष, संतोष कुमार वर्मा सचिव, कालिका प्रसाद पटेल उपाध्यक्ष किसान मंच सीतापुर, संकटा प्रसाद, कमलेश वर्मा, राजकुमारी मौर्या, ओमप्रकाश पटेल व राम सजीवन वर्मा उर्फ पप्पू सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बस बिजली के पोल से टकराई, महिला समेत कई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा तिराहे पर पुलिया कट के पास गुरुवार की सुबह लखनऊ रायबरेली हाईवे पर लुधियाना से सवारियां लादकर प्रतापगढ़ जा रही एक निजी बस यू पी 70 बी टी 6858 रॉन्ग साइड से मुड़ रहे ट्रक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक दुकान व रियल एस्टेट साइड ऑफिस की बाउंड्री को तोड़ते हुए सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। इस दुर्घटना में एक महिला व बच्चे समेत कई लोग जख्मी हो गए । इस हादसे के दौरान नींद से जागे बस सवार लोगों में कोहराम मच गया और हड़बड़ाहट में नींद से जागे लोग घायलों को देखकर अपने बचाव के लिए चीखने चिल्लाने लगे । दुर्घटना स्थल के पास सड़क किनारे बनी दुकानों में सो रहे




कुछ लोग मौके पर आए और यात्रियों को कुशलता पूर्वक बाहर निकाला। इस दौरान 10 - 12 सदस्यों को छोड़कर अन्य सभी यात्री सड़क पर वाहनों को रोक कर अपने घरों की ओर चले गए। इस दुर्घटना में लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गए जिसमें 30 वर्षीय लक्ष्मी और उसका 3 वर्षीय पुत्र अर्पित भी शामिल है। जिन्हें एंबुलेंस तथा राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी ले गये। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया मोहनलालगंज हाईवे पर हुई इस दुर्घटना के संदर्भ में अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है दुर्घटना को लेकर यदि कोई तहरीर देता है तो बस व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने शारदा नदी के सनेढी तटबंध एवं मार्जिनल बंध पर चल रहे बाढ़ से बचाव हेतु कराये जा रहे कार्यो का मौके पर किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ग्राम गभिया सहराई के शारदा नदी के दांये तट पर स्थित सनेढी तटबंध एवं मार्जिनल बंध पर चल रहे बाढ़ से बचाव हेतु कराये जा रहे पिंचिंग, जियो बैग व स्पर कार्यों को मौके पर पहुॅचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट में स्वीकृत किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली और चल रहे कार्यों को देखा एवं गुणवत्ता परखी गई। इस दौरान अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना शासन द्वारा भूमि के कटान को सुरक्षित करने हेतु स्वीकृति की गई है, जिसके अंतर्गत जियो बैग व परक्यूपाइन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि अवशेष कार्य को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा बनाये गए स्पर का मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा स्पर कार्य पिचिंग, जी0ई0ओ0 बैग व परक्यूपाइन की गुणवत्ता को भी परखी। बाढ़ से वचाव



हेतु मार्जिनल बांध पर 765 मी0 लम्बाई में 03 रो परक्यूपाइन के निर्माण कार्य को देखा। जिसकी मार्जिनल बंध की अनुबन्धित लागत 59.88 लाख है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य गुणवत्तापरक व पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न किये जाए।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड बृजेश कुमार पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, सहायक अभियन्ता द्वितीय अवध राम, जूनियर इंजीनियर भूपेन्द्र सिंह, संदीप श्रीवास्तव व प्रीतम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हमूदाबाद में श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद (सीतापुर) । श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सरावगी टोला में भगवान महावीर का 2623वां जन्मकल्याणक अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के

**भव्य शोभायात्रा, डांडिया-भांगड़ा और विशेष पूजन रहे आकर्षण का केंद्र**

साथ मनाया गया। प्रातःकाल भगवान श्रीजी का अभिषेक और पूजन विधिवत संपन्न हुआ, जिसके पश्चात नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।



बारिश की फुहारों के बीच रथ पर विराजमान भगवान श्रीजी की शोभायात्रा बजाजा चौराहा, रामकुंड होते हुए महावीर उद्यान तक पहुँची। महावीर उद्यान में पाण्डुक शिला पर शांतिधारा और विशेष पूजन किया गया। शोभायात्रा का उद्घाटन कमल जैन परिवार द्वारा किया गया और रथ के सारथी गौरव जैन बने।

शोभायात्रा में उत्साह की झलक हर कदम पर दिखी। महिलाओं ने पारंपरिक डांडिया नृत्य से वातावरण को उल्लासपूर्ण बनाया, वहीं युवाओं ने भांगड़ा कर अपनी सहभागिता जताई। शोभायात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने आरती कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह में जैन समाज के अध्यक्ष अनुज जैन, आशीष जैन, प्रदीप चन्द्र जैन, अंकित जैन, अम्ब्रीश गुप्त, विकास जैन, चन्द्र कुमार जैन, मनोरंजन जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। आयोजन ने नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का सुंदर संदेश दिया।

## कोतवाली इलाके में बृहस्पतिवार को बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई

सीतापुर। ग्राम पंचायत जनुवां के मोच खुर्द में बृहस्पतिवार को प्रातः हरिश्चंद्र भार्गव 23 वर्ष पुत्र स्व0 भोला भार्गव अपने खेत में गन्ना छीलने के लिए गया हुआ था। अचानक मौसम खराब हो गया। गरज के साथ पानी गिरने लगा। इसी दौरान तेज गर्जन के साथ बिजली कड़की और गांव के पास जहां पर लोग गन्ना छिल रहे थे।वही पर बिजली गिर गई। जिससे हरिशचंद्र भार्गव की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे तथा कोतवाली पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी गई सूचना पर लेखपाल ओमकार यादव मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## आंधी और बरसात से गिरा टीनशेड चार लोग घायल

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका जा के रहने वाले मेराज हसन ने गुरुवार को बताया कि वह अपने परिवार के साथ वुधवार की रात में अपने घर में सो रहा था। अचानक आई आंधी से मेराज के पड़ोसी का टीनशेड पर लगी ईट मेराज के टीनशेड पर गिर गई। जिसमें मेराज की पत्नी नाजरीन व उसके के दो पुत्र अरसद व अजमल और बंडा थाना क्षेत्र के गांव ररुरा की रहने वाली मेराज की साली चांदनी घायल हो

# खैराबाद नजूल भूखंड पर राजस्व टीम की चौदहवीं बड़ी करवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। शासन की मंसा अनुसार लगातार राजस्व की टीम द्वारा नजूल भूखंडों पर अवैध कब्जा को कब्जामुक्त कराया जा रहा है जिसके चलते गुरुवार को खैराबाद कस्बे के मोहल्ला करनपुर में राजस्व व नगर पालिका की संयुक्त टीम के द्वारा पूर्व सभासद मोहम्मद जफर के द्वारा लगभग 15 करोड़ कीमत की 30 बीघा कब्जाकी गई भूमि



को बुलडोजर चलाकर कब्जामुक्त कराया गया खैराबाद में लगातार यह राजस्व व नगर पालिका टीम के द्वारा कब्जामुक्त अभियान चलाकर चौदहवीं बड़ी करवाई की गई है खैराबाद अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने बताया कि राजस्व व नगरपालिका टीम के द्वारा नजूल कब्जा मुक्त अभियान के तहत

**लगभग 15 करोड रुपए की 30 बीघा जमीन कराई गई कब्जा मुक्त**

चौदहवीं कार्रवाई कर कर अब तक लगभग 300 करोड़रपए की नजूल भूखंडों को भू माफियाओं द्वारा खाली कराया जा चुका है और लगातार यह अभियान जारी रहेगा। इस कार्यवाहीके दौरान राजस्व टीम के तहसीलदार अतुल सेन नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी कानूनगो अशोक कुमार सरोज लेखपाल विवेक कुमार पांडे लेखपाल अरुण स्वास्थ्य खैराबाद नगरपालिका अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकरगुप्ता सफाईइस्पेक्टर मनोज कुमार राणा नजूल लिपिक शैलेंद्र कुमार हैदराबाद कस्बा इचार्ज अवधेश यादव चौकी इंचार्ज आकांक्षा यादव सहित नगर पालिका की टीम व पुलिस बल मौजूद रहा।

## वन विभाग ने छापेमारी कर घर में पकड़ा लकड़ी का चिरान मचा हड़कंप

पूरनपुर।सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव के अधिकांश गांव शाहजहांपुर और लखीमपुर जनपद की सीमा से लगे हुए हैं। यह गांव वन विभाग के मैलानी रेंज के अंतर्गत आते हैं। रेंजर मनोज श्रीवास्तव को सूचना मिली कि सुल्तानपुर गांव में जंगल की लकड़ी का चिरान किया जा रहा है। सूचना पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव वन दरोगा और वन रक्षक की लगभग पंद्रह सदस्यीय टीम लेकर पहुंच गए। टीम ने सुल्तानपुर गांव के वेद प्रकाश के घर में छापा मारा। इस दौरान घर के अंदर अड्डी लगाकर लकड़ी का चिरान किया जा रहा था।

# साहित्य और पत्रकारिता पर समान अधिकार रखते थे मधुकर : डॉ. अत्रि भारद्वाज

वाराणसी। वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार कमल नयन मधुकर का साहित्य और पत्रकारिता दोनों पर समान अधिकार था। वे मानवीय गुणों से ओतप्रोत, अध्ययनशील, जिज्ञासु और अत्यंत व्यवहारकुशल व्यक्तित्व के धनी थे। यह विचार काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ. अत्रि भारद्वाज ने गुरुवार को पराड़कर स्मृति भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. भारद्वाज ने वरिष्ठ पत्रकार से जुड़ी अनेक स्मृतियों को साझा करते हुए उनकी कविताओं का भी उल्लेख किया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि कमल नयन पत्रकारिता साहित्य को पाठक वर्ग तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम मानते थे। उनका मानना था कि साहित्य पत्रकारिता को अधिक संवेदनशील प्रभावशाली बनाता है

शोक सभा में संघ के महामंत्री अखिलेश मिश्र, कोषाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नारायण तिवारी, मंत्री सुनील शुक्ल, वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्र, मंत्री विनय शंकर सिंह, पूर्व अध्यक्ष योगेश कुमार गुप्त, बी.बी. यादव, पूर्व अध्यक्ष चंदन रूपानी, डॉ. कवींद्र नारायण, साहित्यकार डॉ. जयशंकर जय आदि ने भी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में स्मृतिशेष कमल नयन मधुकर के दोनों पुत्र–नीरज नयन और शुभम नयन भी उपस्थित रहे।

# गौ सेवा विभाग ने भूमि सुपोषण से भारतीय कृषि परंपरा को संजीवनी देने का किया आह्वान

वाराणसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गौ सेवा विभाग, काशी उत्तर भाग के प्रेमचंद नगर, बावनबीघा लमही स्थित काशी गोशाला में गुरूवार को भूमि सुपोषण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की प्राचीन कृषि परंपराओं को पुनर्जीवित करने और जैविक खेती को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत कलश पूजन और हवन से हुई, जिसके पश्चात गौ माता की आरती उतारी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गौ सेवा काशी प्रांत के अरविंद उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच की संयोजक कविता ने भूमि सुपोषण और जैविक कृषि की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कविता ने कहा कि भूमि सुपोषण केवल एक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने देश में मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति और भूमि सुपोषण को लेकर अपनी बात रखी और बताया कि भूमि सुपोषण, भारतवर्ष में प्राचीन काल से चली आ रही एक महत्वपूर्ण कृषि प्रथा है। जैसे जैसे समय बीतता गया, हम इस आधुनिक कृषि पद्धतियों के युग में आकर, अपनी कृषि परंपरा से दूर होते चले गये। परिणामस्वरूप हमारी माता समान भूमि शक्तिहीन होती गयी। आधुनिक कृषि ने रासायनिक खाद और कीटनाशकों का प्रयोग, फ़सलों की विविधता को हटाकर एक ही फ़सल लेने की प्रथा (एकधा सस्यन), पशुधन की जगह जीवाश्म ईंधनों का प्रयोग, सघन सिंचाई और भूमि का अति प्रयोग हम पर थोप दिया। लोगों को जैविक खेती के फायदे बताते हुए इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान'से भारतीय कृषि परंपरा को जीवित रखने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया गया। किसानों और आम जनमानस को इस दिशा में जागरूक करते हुए जैविक खेती का फायदा बताया गया। इससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, बल्कि जनस्वास्थ्य और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेंगे।

# दरवाजे पर दस्तक, पूंछी समस्या और साफ होने लगी नालियां

एजेंसी

अयोध्या। सुबह के 7:15 बजे थे कि चंद्रशेखर वार्ड में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगुवाई में नगर निगम की टीम घर-घर दस्तक देने लगी मौका था स्थानीय सरकार आपके द्वारा अभियान का। राजकरण इंटर कॉलेज के बगल गली में चंद कदम चलने पर स्थानीय महिलाओं ने महापौर का ध्यान झाड़-झंखाड़ और कूड़े से पटे कुएं की ओर दिलाया। वह रुके, तभी स्थानीय महिलाओं ने अधिवक्ता रेखा शर्मा की अगुवाई में कुएं के धार्मिक महत्व से परिचित कराते हुए इसके जीर्णोद्धार की मांग की।

महापौर ने तत्काल कुएं की सफाई कराकर फर्श निर्माण कराने और जाली लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने जोगी के घर के सामने हैंडपंप चलाकर चेक किया। पानी आने पर संतुष्टि जताई। गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा तक गली का जायजा लिया। इस दौरान टूटी नाली सही कराने तथा नल के पास कूड़ा न जमा करने का निर्देश दिया। थोड़ा आगे बढ़ने पर गली में गंदगी देख नाराजगी जताई और नियमित साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। यहां मिले संतोष दुबे ने नगर निगम के काम की सराहना की और बरसात से पहले नाला सफाई कराने की अपेक्षा जताई। पैदल भ्रमण करते हुए टीम टाटशाह मस्जिद के पास पहुंची।

पार्षद विशाल पाल एवं अनिल सिंह ने नाली के जाम होने और अतिक्रमण की ओर ध्यान खींचा। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अतिक्रमण हटाकर नाली की सफाई करने गहराई बढ़ाने का निर्देश निर्माण खंड के अधिकारियों को दिया और यहां स्थित बरगद के पेड़ को हेरिटेज ट्री घोषित करने और उसके किनारे सुंदरीकरण कराकर बेंच रखवाने का भरोसा दिया। महापौर ने अमर जवान स्मृतिका के पास साफ सफाई और सुंदरीकरण का भरोसा दिया। अधिकारियों के टीम के साथ चंद्रशेखर वार्ड और जयप्रकाश नारायण वार्ड का भ्रमण लगभग तीन घंटे चला। इसके बाद जोनल कार्यालय पर शिविर लगाकर जन शिकायतें दर्ज की गई। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि नगर आयुक्त ने निरीक्षण के बाद चंद्रशेखर नगर वार्ड में यूपीएससी के जर्जर भवन को ध्वस्त करने, जयप्रकाश नगर वार्ड में ऋषिटोला -फतेहगंज लिक मार्ग की विशेष सफाई, लल्लीदेवी गेस्ट हाउस के बगल नल की सफाई, कब्रिस्तान के बगल सफाई, नालियों की क्रॉसिंग पर पत्थर रखवाने, तालाब की भूमि की स्थिति की जानकारी तलब की तथा नजूल की भूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

# सरकार ने भारतीय संस्कृति तथा परम्परा के साथ विकास को जोड़ा : वेद गुप्ता

एजेंसी

अयोध्या । भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे स्थापना दिवस समारोह में जिले की सभी विधान सभाओं में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित हुआ। गुरूवार को अयोध्या विधान सभा का सम्मेलन देवकाली स्थित एक गेस्ट हाउस व मिल्कीपुर विधानसभा का सम्मलेन कोटवाधाम शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान इनायत नगर में हुआ। अयोध्या विधान सभा के सम्मेलन में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में भारतीय संस्कृति तथा परम्परा के साथ विकास को जोड़ा गया है। देश व प्रदेश ने असीमित उपलब्धियों का साक्षात्कार किया है। धारा 370 का निरस्तीकरण, अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण, तीन तलाक के खिलाफ कानून, नागरिकता संसोधन कानून, नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी कई उपलब्धियां है जो इतिहास में स्वर्णाक्षरां में अंकित रहेगी। सरकार ने प्रदेश में अपराधियों व माफियाओं पर जीरा टालरेंस की नीति से काम किया है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा संगठन देश हित सर्वोपरि के सिद्धान्त पर कार्य करता है। अपने स्थापना काल से पार्टी ने विपरीत परिस्थितियों में अपने विचारों से कभी भी समझौता नही किया।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा सरकार ने हजारों करोड़ की योजनाओं से अयोध्या का विकास किया है। रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सर्मपण से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनितिक दल है। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की नीतियों ने विकासवाद को राजनीति के केन्द्र में ला दिया है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि देश हित सर्वोपरि के सिद्धान्त को आत्सात कर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता निरंतर समाज के हित में कार्य करता है। संचालन हरभजन गौड़ ने किया।

मौके पर शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, डा राकेश मणि त्रिपाठी, अमल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, बाल कृष्ण वैश्य, कपिल देव वर्मा, ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, काशीराम रावत सहित विधान सभा के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# प्लेटफॉर्म वर्कर्स सामाजिक सुरक्षा लाभ के लिए ई-श्रम पोर्टल पर कराए रजिस्ट्रेशन: सहायक श्रमायुक्त

**ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क है। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिये आवश्यक अभिलेख की आवश्यकता होती है: सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार ने बताया है कि अर्थव्यवस्था में प्लेटफार्म वर्कर्स जैसे जोमैटो, स्विग्गी, ओला, ऊबर, रैपिडो, मीशो इत्यादि ऑनलाइन / ऐप के माध्यमो से कार्य करने वाले श्रमिक, की महत्वपूर्ण भूमिका और सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुँच से जुड़ी चुनौतियो को देखते हुये, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय बजट 2025-26 में प्लेटफार्म वर्कर्स को आच्छादित करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की गयी है। प्लेटफार्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभों तक सुगम पहुँच बनाने हेतु उनका रजिस्ट्रेशन करने के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित ई-श्रम पोर्टल पर, घ्द्मथ्द्धधन्थ्द्ध डधन्ध्मद्गन्-न्द्दद्बपद्गन धद्ध द्द पद्धन्थ्द्ध का पृथक से लिंक दिया गया है। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किसी जन-सुविधा केन्द्र के माध्यम से या स्वंय भी किया जा सकता है। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क है। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु आवश्यक अभिलेख निम्नवत है। 1- श्रमिक का आधार कार्ड नम्बर, 2-श्रमिक का पैन कार्ड नम्बर, 3- आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर (यदि श्रमिक का मोबाइल नम्बर आधार कार्ड से लिंक नही है तो श्रमिक जन-सुविधा केन्द्र पर बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा भी अपना रजिस्ट्रेशन ई-श्रम पोर्टल पर करवाया जा सकता है)।

### ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिये योग्यता

ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिये श्रमिक की आयु 16 वर्ष से 59 वर्ष के मध्य होनी चाहिये, अँर श्रमिक, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (क्ष्क्क) का सदस्य नही होना चाहिए, श्रमिक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) का सक्रिय सदस्य नही होना चाहिए, प्लेटफार्म वर्कर्स किसी ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से कार्यशील ऐसे श्रमिक जिनकों अनुबंध की शर्तों कि अधीन पारिश्रमिक प्राप्त होता है किन्तु उन श्रमिकों और उनके नियोक्ताओ में कर्मचारी सेवायोजक का कोई पारंपरिक संबंध नही होता है। यह श्रमिक मात्र डिजिटल माध्यम (ऑनलाइन / ऐप) से जुडे होते है।

## नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर पंचायत सुकरौली स्थित बिशनपुर उर्फ ठूठी में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ बृहस्पतिवार को यज्ञ परिसर से गाजे बाजे व झाकियों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यज्ञ मंडप से निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय श्री राम, जय बजरंगबली के जयकारे से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। यात्रा में शामिल झमाझम बारिश में महिला, बालिकाएं श्रद्धालु कलश लिये चल रहीं थी। कलश यात्रा परिसर से , गनेशपुर, सुकरौली, पिपरा ऊर्फ तीतिला, होते हुए यज्ञ मंडप पहुंची। जहाँ विद्वान आचार्यो द्वारा कलश स्थापना करवाया गया। नौ दिनों तक चलने वाले यज्ञ में हलचल बाबा द्वारा राम चरित्र मानस क्री कथा व प्रवचन किया जायेगा। यजज्ञाचार्य पंडित, रामायणी रामसेवक दास शास्त्री अयोध्या,अभिषेक उपाध्याय, निखिल दास महराज, घनश्याम दास महराज, महंथ विवेकानंद बालक दास, अध्यक्ष राकेश यादव, भाजपा युवा नेता राजेश गुप्ता,अरुण शंकर जायसवाल, गुरु दयाल गुप्ता, मनीष साहनी, केशव साहनी, बबलू सिंह, सभासद संजीव यादव व अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बेटे की मौत के बाद इंसाफ की लड़ाई में उतरी मां




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा मुरलीधर गांव की मंजू देवी इन दिनों अपने बेटे के लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ रही हैं। लगभग तीन हफ्ते पहले उनके इकलौते बेटे अमित राय की बेरहमी से पिटाई की गई थी, जिसकी वजह से 20 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत के बावजूद अब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं, जिससे आहत होकर मंजू देवी ने अपनी दो बेटियों के साथ गांव के चौराहे पर अनशन शुरू कर दिया है।मंजू देवी का आरोप है कि 19 मार्च को गांव के कुछ लोगों ने उनके बेटे को बुरी तरह पीटा था। अस्पताल में इलाज के दौरान अगले दिन उसकी मौत हो गई। इसके बाद 21 मार्च को गांव वालों ने साफ कह दिया कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। 22 मार्च को एफआईआर दर्ज होने के बाद अंत्येष्टि की गई।मंजू देवी ने पहले ही प्रशासन को चेतावनी दी थी कि अगर 10 अप्रैल तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे बेटे की चिता के पास धरना देंगी। उन्होंने इसके लिए एसडीएम, सीओ और थाना पुलिस को पत्र भी सौंपे थे, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। बारिश और आंधी के चलते जब श्मशान में लगा टेंट गिर गया, तो उन्होंने गांव के चौराहे को ही आंदोलन स्थल बना लिया।अब मंजू देवी और उनकी बेटियों पर समझौता करने का दबाव भी बनाया जा रहा है, लेकिन उन्होंने ठान लिया है कि जब तक बेटे के हत्यारे जेल नहीं जाएंगे, उनका अनशन जारी रहेगा। गांव के लोग हर दिन उनके समर्थन में चौराहे पर जुटते हैं, लेकिन अभी तक न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचा है और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है।मंजू देवी की आंखों में आंसू हैं लेकिन उनकी आवाज में इंसाफ के लिए बुलंद हौसला है।

### क्या कहती हैं माँ

मेरा बेटा गया, लेकिन उसकी आत्मा को तब शांति मिलेगी जब उसके कातिल सलाखों के पीछे होंगे। प्रशासन की खामोशी अब जनता के बीच सवाल बनकर गूंज रही है।

# आज होगा लोक संस्कृति के संवर्द्धन के लिए लोकरंग महोत्सव का आगाज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के योगिया जनूबी पट्टी, फाजिलनगर में आयोजित 18 वाँ दो दिवसीय लोकरंग महोत्सव का आगाज आज शुक्रवार को होगा। इस बार का लोक रंग लोक गायिका स्मृतिशेष शारदा सिन्हा और साथी सुरेन्द्र शर्मा की स्मृति में समर्पित है। इसके लिए लोकरंग सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा के निर्देशन में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लोकरंग का उद्घाटन 11 अप्रैल शुक्रवार की रात 8.30 बजे होगा। प्रसिद्ध वैज्ञानिक और शायर गौहर रजा उद्घाटन वक्तव्य देंगे। इस बार अंतरराष्ट्रीय कबीर गायक पदमश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और कर्बी आंगलोंग का लोकनृत्य मुख्य आकर्षक हैं। गांव की महिलाएं गारी गायन से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत करेंगी। आरा, बिहार के राजू रंजन अपने जनगीतों के साथ उपस्थित होंगे तो पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड से 'प्रकाश रावत एण्ड पार्टी,' के लोक कलाकार छोलिया लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। विश्व के सुप्रसिद्ध कबीर गायक, पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया, मालवा शैली में कबीर गायन करेंगे। असम के कार्बी-आंगलोंग आदिवासियों द्वारा 'रितनांग चिंगड़ी डांस' प्रस्तुत किया जायेगा। पहली रात के अंत में असगर वजाहत लिखित नाटक, वीरगति की प्रस्तुति होगी, जिसे ईप्टा पटना की टीम प्रस्तुत करेगी। इसके निर्देशक तनवीर अख्तर होंगे। लोकरंग के दूसरे दिन, प्रातः 11 बजे से विचार गोष्ठी आयोजित की गई है जिसका विषय है-'लोकसंस्कृति, मिथक और विज्ञान।' इस विचार गोष्ठी में देश के प्रमुख विद्वान भाग लेंगे जिनमें, देश के वरिष्ठ वैज्ञानिक और शायर गौहर रज़ा, रीवा विश्वविद्यालय के प्रो. दिनेश कुशवाह, कोलकाता से डॉ. आशा सिंह, इलाहाबाद से डॉ. अर्पिता चैधरी, फैजाबाद से प्रो. अनिल सिंह, बनारस से डॉ. रवि शंकर, डॉ. महेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, गोरखपुर से मनोज सिंह, अरुणाचल प्रदेश से डॉ. मोतीलाल, और लखनऊ से बी.आर विप्लवी आदि प्रमुख होंगे। दूसरी रात का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8:30 से प्रारम्भ होगा। सबसे पहले बिहार की लोक शैली पुरबी, निर्गुण और बिदेशिया की प्रस्तुति, आरा के राजू रंजन करेंगे। कुशीनगर की फरुवाही की प्रस्तुति रामवृक्ष कुशवाहा की टीम करेगी तो गौरी बाजार की सद्गुरु कबीर भजन मंडली द्वारा निर्गुन गायन की प्रस्तुति होगी। असम की कर्बी आंगलोंग आदिवासी ग्रुप द्वारा निमसो केरुंग डांस प्रस्तुत किया जायेगा। जबलपुर के 'आदिवासी गोंड एवं धूलिया जनजाति लोकनृत्य ग्रुप' द्वारा गुडुम्ब बाजा नृत्य देखने को मिलेगा।

## अनिकेत का हुआ अटल आवासीय योजना स्कूल में चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पटखौली में स्थित स्पैरो वर्ल्ड स्कूल के कक्षा पांच के छात्र अनिकेत सिंह ने अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास कर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त किया है। कप्तानगंज के पटखौली ग्राम पंचायत के स्पैरो वर्ल्ड स्कूल के कक्षा पांच में पढ़ने वाले छात्र अनिकेत सिंह ने अटल आवासीय विद्यालय सहजनवा गोरखपुर की प्रवेश परीक्षा पास किया है। ग्राम पंचायत खोखिया निवासी संजय सिंह के पुत्र अनिकेत सिंह की इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने मिठाई खिला खुशी व्यक्त किया है। इस सफलता पर स्कूल के प्रवन्धक कर्मजीत सिंह ने कहा कि अनिकेत कक्षा एक से ही होनहार था पूरे मंडल में अटल आवासीय योजना के तहत एक ही विद्यालय सहजनवा में है जिसमें इसका चयन हुआ है जो हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए हम प्रयास करते रहते हैं समय-समय पर इनका विभिन्न परीक्षाएं कराकर इनके अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का मौका भी दिया जाता है।इस दौरान प्राचार्य डॉ वर्षा सिंह, उपप्राचार्य कृष्ण मुरारी मिश्रा, सोनम सिंह, अभय तिवारी, रजनीश श्रीवास्तव, दीपक शर्मा, अभिषेक मिश्रा, उत्तम शुक्ल, प्रमोद शुक्ला आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

### आईटीआई और डिप्लोमा धारकों के लिए कैंपस सलेक्शन 14 अप्रैल को

**कुशीनगर।** नगर स्थित गौतम बुद्ध आईटीआई गोपालगढ़ के परिसर में 14 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे कैम्पस सलेक्शन में नौकरी के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।उक्त जानकारी गौतम बुद्ध आईटीआई के प्रधानाचार्य रविन्द्र यादव ने देते हुए बताया कि कैम्पस सलेक्शन में मारुति सुजुकी हंसलपुर गुजरात की कम्पनी भाग ले रही है। इच्छुक आई टी आई पास और डिप्लोमा धारक अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के साथ साक्षात्कार के लिए समय से प्रतिभाग कर सकते हैं।

# नपाध्यक्ष ने डोर टू डोर पहुंचकर गिनाई भाजपा के आठ सालों की उपलब्धियां

**योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश बना सर्वाधिक एक्सप्रेस वे और अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा का प्रदेश: विनय**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद पडरौना के चेयर विनय जायसवाल के नेतृत्व मे गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित '' गांव चलो अभियान कार्यक्रम '' के तहत पडरौना नगर के गांधीनगर वार्ड में योगी सरकार के आठ सालों की उपलब्धियां गिनाई गयी। चेयरमैन श्री जायसवाल अपने सहयोगियों के साथ डोर टू डोर लोगो से मिलकर सरकार उपलब्धि गिनाते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और भाजपा के पक्ष में पुनः अपना समर्थन देने की अपील किया। मीडिया से बातचीत करते हुए नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने बेरोजगारी दर को न्यूनतम स्तर पर पहुँचा दिया है। इसके अलावा आधारभूत ढांचे ने नई रफ्तार पकड़ी है। आज का उत्तरप्रदेश भारत के सर्वाधिक एक्सप्रेसवे और अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों का प्रदेश है साथ ही साथ क्राइम फ्री स्टेट के दौर में पहुंच चुका है। इस अवसर पर पडरौना नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जयसवाल , मंडल महामंत्री देवेश मिश्र व विष्णु जयसवाल, शक्तिकेंद्र संयोजक विनोद गुप्ता, बूथ अध्यक्ष अजीत बरनवाल, अमित त्रिपाठी, नीरज सुभाष मिश्र, अरुण सिंह रितेश जायसवाल आकाश वर्मा सतीश साहा मानस मिश्रा आकाश वर्मा भोला साहा कुंदन सिंह भारत चौधरी भास्कर पाठक सनी सिंह काशी राजभर रमेश गुप्ता सर्वेश जयसवाल धर्मेंद्र मद्धेशिया अंकित अग्रवाल संतोष चौहान राजेश जायसवाल विनय मद्धेशिया अभिषेक शर्मा पिंटू साह मुरारी पटेल केदार मद्धेशिया बबलू शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एडीएम ने बारिश के उपरांत फसल के क्षति आकलन हेतु किया भ्रमण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा आज बारिश के उपरांत फसल के क्षति आकलन हेतु भ्रमण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया फसलों को विशेष नुकसान नहीं हुआ है। जनपद की समस्त तहसीलों में एसडीएम, तहसीलदार व राजस्व कर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में वृहद सर्वे किया जा रहा है। सभी तहसीलों में क्षति आकलन हेतु हेल्प डेस्क भी बनायी गई है। गेहूँ ख़रीद में तेजी लाने के लिए गेहूँ क्रय केंद्रों, मंडी का निरीक्षण भी राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है, इसके साथ ही किसानों से सीधे संवाद कर बिचौलियों से छुटकारा दिलवा कर सीधे खरीद हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिससे जनपद में किसानों को गेहूं विक्रय करने में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

## महावीर स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान महावीर की जयन्ती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेण्ड्री कॉलेज महराजगंज में भगवान महावीर जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि भगवान महावीर बचपन का नाम वर्धमान का जन्म ईसा से 599 वर्ष पूर्व बिहार की वैसी के कुण्डा ग्राम में इक्ष्वाकु वंश में राजा सिद्धार्थ तथा रानी त्रिशाला के यहां हुआ। इनका विवाह यशोदा नमक सुकन्या से संपन्न हुआ। कालान्तर में आपके यहां प्रियद्र्शिनी कन्या का जन्म हुआ। आपका साधना काल 12 वर्षों तक चला। श्वेत वस्त्र छोड़कर आप दिगम्बर अवस्था में रहे। अपने समाज को बताया कि सच्चा सुख भौतिक वस्तुओं में न होकर आत्मिक सुख में निहित है। आपके पंचशील सिद्धांत अहिंसा, सत्य अपरिग्रह, अस्तेय, ब्रह्मचर्य थे। आपने दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाया। सभी के प्रति सदविचार रखें। जो आपको पसंद हो वैसा ही व्योहार दूसरे के साथ करें। सभी जीवधारियों के प्रति प्रेम तथा क्षमा का भाव रखें। अपने-अपने प्रवचनों में धर्म सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, क्षमा, प्रेम, करुणा,शील, सदाचार पर जोर दिया। आपके विचार आज मानव जाति के लिए प्रकाश स्तंभ है। सभी को महापुरुषों के विचार से प्रेरणा लेकर स्वयं समाज तथा देश का उत्थान करना चाहिए।इस अवसर पर राजीव मिश्रा, सुरेंद्र प्रजापति, अमरेंद्र प्रजापति, अनिमेष मिश्र, सरिता मिश्रा, नीरू बाजपेई, आलोक, राजकिशोर, लक्ष्मी सिंह, साधना सिंह, फातिमा बानो, नेहा सिंह, ज्योति सिंह, अन्य लोग शामिल रहे।

# सदर विधायक ने 30 निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह के करकमलों द्वारा निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में जिला नगरीय विकास अभिकरण रायबरेली द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत कुल 30 निर्माण कार्यों जिनमें 16 कार्यों का शिलान्यास एवं 14 कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिनकी कुल स्वीकृत धनराशि लगभग रू0 5.36 करोड है। पांच प्रमुख शिलान्यास कार्य वार्ड नंबर 07 हनुमंतपुरम में 27.53 लाख लगत के 160 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। 2. वार्ड नंबर 12 सर्वोदय नगर में 27.35 लाख लगत के 158 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। 3. वार्ड नंबर 07 हनुमंतपुरम में 26.53 लाख लगत के 150 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। 4. वार्ड नंबर 07 हनुमंतपुरम में 24.59 लाख लगत के 145 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। 5. वार्ड नंबर 04 शक्ति नगर में 21.23 लाख लगत के 155 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। पांच प्रमुख लोकार्पण कार्य जिसमे वार्ड नंबर 03 देवानंदपुर में 30.71 लाख लगत के 197 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 12 सर्वोदय नगर में 27.52 लाख लगत के 150 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 11 हर्ष नगर में 27.51 लाख लगत से 150 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 11 कृष्णा नगर में 26.58 लाख लगत से 160 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 13 मालिकमऊ में 26.55 लाख लगत से 155 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।

इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डूडा एवं अवर अभियन्ता डूडा, पूर्व सभासद फूलचन्द्र, पूर्व सभासद तेज बहादुर भारती, मण्डल अध्यक्ष पूर्वी आशुतोष पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष पश्चिम नवजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य रावेन्द्र सिंह, अवश्नी शर्मा, सरताज अंसारी, रवी चौधरी, जोगी पण्डित, सभासद कपिल सोनकर, अमन सिंह, उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि कमल श्रीवास्तव, पी0आर0ओ0 अरूण विश्वकर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# योगी के एजेंडे की हवा निकाल रहे अधिकारी फेल दिख रहा स्कूल चलो अभियान

**सहायक अध्यापकों और शिक्षामित्रों ने घर-घर जाकर ब च्चों को स्कूल से जोड़ने में रुचि नहीं दिखाई,पिछले वर्ष से भी काफी कम हुए नामांकनः सूत्र**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में स्कूल चलो अभियान की हवा निकलती दिख रही है,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान को लेकर काफी सक्रियता और गंभीरता दिखाई थी और इसे अपने महत्वपूर्ण एजेंडे में शामिल किया था इसके बावजूद शैक्षिक गुणवत्ता में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है।गोण्डा जिले में स्कूल चलो अभियान की र फ्तार बेहद सुस्त पड़ी हुई है।बच्चों को परिषदीय विद्या लयों में जाने के लिए प्रेरित करने की मंशा के तहत एक से पंद्रह अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाना है। इसके लिए पर्व में ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद दस दिन बीत गया लेकिन जिले के अधिकां श स्कूलों में 'स्कूल चलो अभियान' की शुरूआत नहीं की गयी।ऐसे में शिक्षा विभाग की मनमानी योगी सरकार की मंशा पर पानी फ़ेर रहा है।प्रदेश में 'स्कूल चलो अभियान' का उद्देश्य बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।यह अभियान 2001-2002 में शुरू हुआ था,जिसका उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देना और सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित करना है।प्रदेश में 'स्कूल चलो अभियान' चार से तीस अप्रैल तक चला था।इस साल एक से 15 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान की अवधि तय की गयी है।दस दिन बीत गए लेकिन जिले के ज्यादातर विद्यालयों द्वारा स्कूल चलो अभियान की शुरूआत नहीं की जा स की।बताते चलें कि सुबह के मुखिया योगी आदित्यनाथ नेअभियान को सफल बनाने के लिए सभी जिलों के लिए कुछ जरूरी निर्देश जारी किए थे,जिनका कड़ाई से पालन करने के आदेश दिए गए थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों और अधिकारियों को स्कूलों को गोद लेने के भी निर्देश दिए थे,ताकि सरकारी स्कूलों की स्थिति को सु धारा जा सके।इस सबके बावजूद विभाग के जिम्मेदार अ धिकारियों की उदासीनता के चलते जिले में स्कूल चलो अभियान औंधे मुंह गिर पड़ा दिखाई दे रहा है।शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ के प्राथमिक विद्यालय झौहना की इंचार्ज प्रधा नाध्यापिका प्रतिभा सिंह बताती हैं कि स्कूल चलो अभि यान के दौरान ड्रॉप आउट बच्चों के प्रवेश पर विशेष नजर रखी जाएगी।खासकर घरेलू काम में लगने से स्कूल नहीं जाने वाली बालिकाओं को प्रवेश के साथ पढ़ाई शुरू करा ने पर जोर दिया जाएगा।इसके लिए क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों, महिला समूहों को सदस्यों, विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और अभिभावकों के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही सामूहिकप्रयास से प्रवेश दिलाया जा रहा है।दरअसल,जमीनी हकीकत यह है कि जिले में स्कूल चलो अभियान को शि क्षा विभाग गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है।यही वजह है कि विद्यालयों के अध्यापक भी इस अभियान के प्रति लाप रवाह नजर आ रहे हैं।इस लापरवाही का फायदा निजी स्कूल संचालकों को मिल रहा है।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं: बीएसए

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि आउट ऑफ स्कूल के चिन्हांकन व नामांकन में मलिन बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों, रेलवे स्टेशन के पास, ओवरब्रिज के नीचे अस्थायी आवास में रहने वाले परिवा रों,परंपरागत कुटीर,लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों,ईंट भ?ट्ठों पर कार्यरत व घुमंतू परिवारों के बच्चों को विशेष तौर पर दाखिला कराया जाएगा।ब्लॉकों के सभी अधिकारियों को गांव-गांव जाकर भ्रमण कर लोगों को बच्चों का दाखिला स्कूल में कराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश हैं।साथ ही जनसमुदाय व अभिभावकों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के प्रति भी जागरूक करना है।इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में महिला महाविद्यालय के सामान्य सभा की बैठक हुई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महिला महाविद्यालय बहराइच के सभागार में अध्यक्ष/जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रबन्ध समिति के सदस्यों का चुनाव कराया गया। अशोक मातनहेलिया को उपाध्यक्ष, श्याम करन टेकड़ीवाल को सचिव, संतोष कुमार अग्रवाल को संयुक्त सचिव तथा रवि कोठारी को कोषाध्यक्ष तथा अन्य पदेन सदस्यों को छोड़कर आदर्श अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर सामान्य सभा के 28 सदस्यों में से 23 सदस्यगण उपस्थित रहे।बैठक में आय-व्यय पर विचार-विमर्श के दौरान डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आगामी बैठक में आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाय। डीएम ने शिक्षण स्टाफ से अपेक्षा की कि छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हे खेल व कला जैसी अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित का आहवान किया कि संस्थान में छात्राओं की संख्या को बढ़ाया जाय। बैठक के अन्त में सचिव श्री टेकड़ीवाल तथा प्राचार्या प्रो़फ़ेसर श्रीमती प्रिया मुखर्जी ने मौजूद लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डॉ संजय कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रेलवे पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, 10 लोग गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे स्टेशन,यार्ड,ट्रेन में अभि यान चलाकर महिला और दिव्यांग कोचों में अनधिकृत रूप से यात्रा करते दस लोगों को पकड़ा है।आरपीएफ इं स्पेक्टर ने बताया कि रेलवे नियमों का उल्लंघन करने पर दस लोगों के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया।रेलवे स्टे शन पर अनाधिकृत वेंडर के द्वारा अमानक पानी की बोत ल,विकलांग कोच में अनऑथराइज्ड रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों,अनाधिकृत रूप से यार्ड में घूमने वाले व्यक्ति यों एवं अनाधिकृत रूप से चेन पुलिंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं मुकदमा पंजीकृत करने के उपरांत माननीय न्यायालय में भेजा गया तथा लावारिस हालत में कुल 120 बोतल अवैध पानी की बोतल जिसकी कीमत कुल चौबीस रुपए बरामद हुई।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष,चले लाठी डंडे व पत्थर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के धानेपुर नगर पंचायत क्षेत्र में रास्ते के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।खीरभारी वार्ड नंबर बारह में दो प क्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।दोनों ओर से लाठी-डंडे, ईंट और पत्थर चले।घटना में कुल नव लोग घायल हुए हैं। घायलों में नीतू, लवकुश, सुमन, ज्ञान,मधु,रंजू,बिट्टू और सोन म शामिल हैं।एक महिला माया देवी की नाक काट दी गई। उनकी गंभीर स्थिति के चलते गोण्डा जिला अस्पताल रेफ र किया गया है।

वही स्थानीय सभासद मेलाराम के अनुसा पारसनाथ, राजकरन, रामपाल, साजन, शिवम,विकास,संजय,मनोज और मुरली रास्ते की मांग पर अड़े हुए थे।कुछ दिन पहले चेयरमैन प्रतिनिधि और पुलिस की मध्यस्थता से मामला शांत हो गया था।



देर शाम को पारसनाथ पक्ष ने लवकुश पक्ष पर हमला कर दिया।वे वहां रखी ईंटें उठाकर ले जाने लगे।विरोध करने पर मामला मारपीट में बदल ग या।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिज वाया।सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,फिर गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। धानेपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर दोषियों के खिला फ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न घटित हो। हालांकि मारपीट के वायरल वीडियो की पुष्टि हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स नहीं करता है।

# अंबेडकर जयंती स्वाभिमान सम्मान समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। विधानसभा नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवा मोहम्मदपुर में समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी एवं समाजवादी अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वाभिमान सम्मान समारोह के तीसरे दिन संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेशकार राव जिलाध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। आज जरूरत है कि हम उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में जागरूकता फैलाएं। विशिष्ट अतिथि नंदेश्वर यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और क्रांति का संकल्प-पत्र है, जिसने भारत को एक नया दिशा और पहचान दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान पेशकर आर्य ने की, जबकि संचालन शैलेश सिंह शैलू मौर्य राजवंश, प्रदेश उपाध्यक्ष, समाजवादी युवजन सभा ने किया। इस अवसर पर समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप राव, बेचू लाल गौतम, मनीराम गौतम, त्रिलोकी गौतम, रमेश गौतम, रजित राम वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जन-जन के सदबुद्धि के लिये हुआ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज, हरिद्वार के सतत मार्गदर्शन में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, गोरखपुर के द्वारा तारामण्डल क्षेत्र के रेल विहार फ़ेज-3 के पार्क में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। जो युग परिवर्तन की बेला में जन जन के सद्बुद्धि, सन्मार्ग, स्वस्थ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु आहुति प्रदान कर प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम को गायत्री तीर्थ, शान्तिकुंज, हरिद्वार के परमपूज्य गुरुदेव के प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार, वीरेंद्र शर्मा, आदित्य जी एवं संजय जी की टोली ने सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान व्यासपीठ से शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि आज पूरे विश्व मे हाहाकार मचा हुआ है। प्रकृति तांडव मचाने के लिए तैयार है। व्यक्ति के मन मे शोक, शरीर मे रोग, परिवार में कलह, समाज मे भय का वातावरण बना हुआ है। मानव मन अशान्त है विषमताओं से मानव जाति जूझ रही है। इसके पीछे मानव का अंतराल है :- अचित्य चिंतन के कारण मनुष्य पृथ्वी पर सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। दुनिया मे जो कुछ समस्याएं दिख रही है, इसका कारण मानव मस्तिष्क ही है। इसलिये मानव मस्तिष्क को साफ करने के लिए परिष्कृत करने का जो मन्त्र है वह है ''गायत्री महामन्त्र'' !दुर्बुद्धि को सदबुद्धि प्रदान कर मनुष्य को देवत्व की ओर प्रेरित करने का महामन्त्र गायत्री मंत्र ही है। मनुष्य में देवत्व का उदय-धरती पर स्वर्ग का अवतरण का आधार केवल गायत्री महामन्त्र है। सायं 5 बजे से दीप यज्ञ का शुभारंभ हुआ, जिसमे 501 दीपों प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रों से सूक्ष्म आहुति प्रदान की गयी। 11 दम्पति को आदर्श दम्पति का प्रतिज्ञा कराकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संवर्धन हेतु एक एक पौधा लगाने का संकल्प कराया गया। साथ ही यह बताया गया कि गायत्री तीर्थ, शान्तिकुंज के निर्देशन में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के क्रम में दिनांक 12 मई को एक साथ एक समय पर जन जन अपने अपने घरों में यज्ञ कर परिवार के सुख शांति हेतु प्रार्थना करना है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य ट्रस्टी दीना नाथ सिंह एवं सोशल मीडिया संचालन जितेंद्र वर्मा ने किया। अंत मे कॉलोनी के आयोजक मण्डल की तरफ से युवा प्रकोष्ठ के संरक्षक अवधेश तिवारी ने सभी उपस्थित जन जन का आभार-धन्यवाद प्रेषित किया।

# विदाई समारोह में स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। स्व सरस्वती महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को बीए छठे सेमेस्टर के छात्रों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत अंतिम वर्ष के छात्र/ छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। *तकनीकी के क्षेत्र में एक कदम आगे रहने की आवश्यकता : मतमोहन यादव*कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंध निदेशक मनमोहन यादव ने उपस्थित छात्रों को आगामी होने सेमेस्टर परीक्षा में सफलता के शुभकामनाएं दी एवं अपने सम्बोधन में कहा कि तकनीकी के क्षेत्र में एक कदम आगे रहने की आवश्यकता है जिसमें स्मार्टफोन एक सहायक संसाधन के रूप में छात्र छात्राओं को आगे बढने में मदद करेगा। साथ ही विशिष्ट अतिथि अनूप यादव के हाथों 98 छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। विदाई समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया,विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्मार्ट फोन वितरण के साथ समापन हुआ।

## निस्तारण में शिथिलता पर एडीओ पंचायत का वेतन रोका

बहराइच । आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 92518000012523 दिनांक 24 मार्च 2025 का सहायक विकास अधिकारी (पं.) विकास खण्ड विशेश्वरगंज नरेन्द्र चन्द श्रीवास्तव द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न किये जाने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। जिससे जनपद की रैकिंग प्रभावित हुई। इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा एडीओ पंचायत का माह अप्रैल 2025 का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करते हुए तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## प्रदेश सरकार द्वारा वन्यजीवों को दिये गये संरक्षण से उनकी संख्या में हुई बढ़ोत्तरी

**बहराइच ।** वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है। वनों और वन्यजीवों से पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहता है, जो मानव जीवन को समृद्ध और सुखमय बनाते हैं। भारत में विभिन्न प्रजातियों के कई वन्यजीवों का वास है। वन्यजीव भी प्राणी हैं। मानव की तरह उनमें भी शरीर के सभी अंग होते है। वन्य प्राणियों में हृदय की धड़कन भी आम मनुष्यों की तरह ही धड़कते है। आज वन्य प्राणियों के प्रभावी संरक्षण व संवर्द्धन हेतु व्यापक जन जागरूकता करते हुए उनके प्रति करूणा व स्नेह का भाव जागृत करना जरूरी है।वन्यजीवों को सुरक्षित रखने की हमारी समृद्ध परम्परा का ही परिणाम है कि इस धरती पर शहरीकरण एवं औद्योगिक विकास होने तथा अत्यधिक जैविक दबाव होने पर भी विभिन्न प्रकार के वन, वनस्पतियों एवं वन्यजीव की प्रजातियां जीवित पाई जाती है। धरती की प्राकृतिक सुन्दरता का संतुलन बनाये रखने के लिए विभिन्न प्रजाति के जीवों में समन्वय जरूरी होता है। वन्य जीव उस हर वृक्ष, पौधे, जानवर, पक्षी और अन्य जीव को कहा जाता है, जो मानव द्वारा पालतू न बनाया गया हो। जंगली जीव दुनिया के सभी क्षेत्रों रेगिस्तान, वन, घास भूमि, मैदान, पर्वत, जलीय क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में भी पाये जाते हैं और मानव बसेरों से दूर वनों-पर्वतों आदि प्राकृतिक वासों में रहतें है।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में वन्यजीवों के प्राकृतिवासों संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु विशेष कार्य किये जा रहे है। वन्य प्राणियों के प्राकृतिकवास देने और अनुकूल वातावरण बनाये रखने के लिए प्रदेश सरकार ने वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाकर पौधरोपण कराया है। प्रदेश सरकार के गत 8 वर्षों के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में 204.65 करोड़ पौधे रोपित करते हुए वनावरण/वृक्षावरण बढ़ाया है। प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये वृक्षारोपण से प्रदेश में 91 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हुई है।

# भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । मिहींपुरवा रोड स्थित स्वास्तिक लान में भारतीय जनता पार्टी नानपारा विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र भेंटकर उनको सम्मानित किया गया। सम्मान के साथ ही उनका सत्र प्रशिक्षण भी हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं नानपारा के यशस्वी विधायक राम निवास वर्मा व अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष मंदीप सिंह वालिया रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा का ही नतीजा है जो आज भारतीय जनता पार्टी का स्वरूप इतना बड़ा हुआ है, सक्रिय सदस्यों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है, सक्रिय सदस्य पार्टी की नीतियों और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी होते है इसलिए आज उनका यह सम्मान सक्रिय सदस्य सम्मेलन के रूप में किया गया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नानपारा श्रीमती रेखा पाण्डेय, जिला प्रतिनिधि अजय कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक जायसवाल, जे पी सिंह ब्लॉक प्रमुख, अनिल पांडे, वीर चंद्र वर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, अरविंद चौधरी, मंडल महामंत्री आनंद रस्तोगी, विनय प्रकाश आर्य, राकेश पाण्डेय, महाराजदीन वर्मा, के के श्रीवास्तव, अभय मदेशिया, आशीष पांडे तीरथ राम साहू, विपिन सिंह, अखिल जायसवाल, अमन वर्मा, हरिहर वर्मा, शोभाराम वर्मा, अतुल जायसवाल, श्याम बिहारी अग्रवाल, नीरज शर्मा, नवीन जायसवाल, प्रमोद नाग सहित काफी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# लोक परिचर्चा का सशक्त माध्यम बनेगा यूट्यूब चैनल : डा. एसके शुक्ल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । अमित शाह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. एसके शुक्ल? ने कहा है कि पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी अप्रैल 2025 के अंतिम सप्ताह में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय नयी दिल्ली में भारत सरकार के गृहमंत्री कर्मयोगी अमित शाह के लिए सोशल मीडिया यूट्यूब चैनल का उद्घाटन राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री डॉ. केसी पाण्डेय की उपस्थिति में करेंगे। डा. शुक्ल ने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं 138 - विधानसभा क्षेत्र निघासन लखीमपुर खीरी के प्रधान जनसेवक आशीष मिश्र मोनू की परिकल्पना पर आधारित यह सोशल मीडिया यूट्यूब चैनल गृहमंत्री अमित शाह की नीतियों, सिद्धांतों, विचारों एवं निरन्तर रूप से अपनी पूरी ऊर्जा के साथ भारत को विकसित राष्ट्रों की अगली कतार में खड़ा करने के लिए कार्य करने के प्रयासों को गीत, लोक संवाद, परिचर्चा, व्याख्यान, डिवेट, के माध्यम से देश के घर -घर तथा जन - जन में प्रचारित - प्रसारित करने का एक सशक्त माध्यम होगा। डा. शुक्ल ने आज कार्यक्रम चौरी चौरा अटल नगर गोरखपुर में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में अमित शाह जी अब तक के सबसे सफल, लोकप्रिय एवं सशक्त गृहमंत्री साबित हो चुके हैं। उनकी कुशल प्रशासनिक क्षमता के बल पर आज देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं तथा साथ ही साथ गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार, आतंकवाद, पत्थरबाज़ी, नक्सलवाद, परिवारवाद, अलगाववाद, अनुच्छेद- 370, सीएएयूसीसी. वक्फ बोर्ड विधेयक, तीन तलाक़, टैक्स चोरी रोकने, खुले में शौच का समूलनाश, जबाब देह न्याय पालिका जैसे अभूतपूर्व कार्य करके आज़ भारत को विश्व में एक अलग ही रूप में पहचान दिलाने कार्य किया है।

## एसडीएम सल्तनत परवीन का हेलीकॉप्टर से आया दूल्हा, हीरा व्यापारी से हो रही शादी



**कुशीनगर।** कुशीनगर के सलेमगढ़ दर्जी टोला के रहने वाले नसीम खान के घर में पैदा हुई पीसीएस सल्तनत परवीन इस समय महोबा की उपजिलाधिकारी हैं**सल्तनत परवीन की शादी लखनऊ के प्रसिद्ध हीरा कारोबारी अहमद रजा खान के साथ हो रही है*गोरखपुर। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण संस्कार वैवाहिक संस्कार है, हर कोई अपनी शादी को यादगार बनाना चाहता है। इसके लिए वह हर उपाय करता है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के सेवरही विकास खंड के ग्राम सभा सलेमगढ़ की रहने वाली पीसीएस अधिकारी सल्तनत परवीन का दूल्हा हेलीकॉप्टर से आया। सलेमगढ़ दर्जी टोला के रहने वाले नसीम खान के घर में पैदा हुई पीसीएस सल्तनत परवीन इस समय महोबा की उपजिलाधिकारी हैं। सल्तनत की शुरूआती शिक्षा तो गांव में ही हुई। बाद में लखनऊ यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा हासिल की और लखनऊ में ही रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की।अब सल्तनत परवीन की शादी लखनऊ के प्रसिद्ध हीरा कारोबारी अहमद रजा खान के साथ हो रही है। शहरी चकाचौंध को छोड़कर सल्तनत और उनके पिता ने शादी परंपरागत तरीके से गांव में करने का फैसला किया था। बुधवार शाम को पूरे जश्न भरे माहौल में बारात उनके गांव पहुंची। सल्तनत का दूल्हे अहमद रजा खान हेलीकॉप्टर से पहुंचा।इसके लिए सलेमगढ़ के जूनियर हाई स्कूल के मैदान में हेलीपैड बनाया गया था।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए गांव में और हेलीपैड के पास बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। पुलिस और प्रशासन के तमाम अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। दुल्हन बनी सल्तनत परवीन के दादा हनीफ खान ने इस आयोजन के लिए अल्लाह को धन्यवाद दिया।कहा कि यह सारा कुछ ईश्वर की कृपा और उनके गांव के लोगों के प्यार की वजह से संभव हो सका है।सल्तनत परवीन के पिता नसीम खान ने बेटी पर गर्व करते हुए कहा कि सल्तनत भले ही उच्च पद पर तैनात हैं, इसके बावजूद उन्होंने निकाह के लिए अपने गांव को प्राथमिकता दी। बता दें कि इस शादी को देखने के लिए सलेमगढ़ ही नहीं, आसपास के कई गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार पहुंचे थे।

# 30 बड़े व मझोले नालों का अभियानबद्ध तरीके से होगी सफाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा गत वर्ष की भॉंति इस वर्ष भी आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नगर क्षेत्र के सभी नाले-नालियों की तल्लीझार सफाई कराये जाने के अभियान को पालिका अध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर करौंदिया नाले की सफाई कार्य से शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर के सभी 30 बड़े व मझोले नालों को अभियानबद्ध तरीके से सफाई कराने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश से 40 कुशल श्रमिकों की नाला सफाई गैंग को बुलाया गया है, जिनसे निर्धारित रोस्टर के अनुसार नाला सफाई का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए हमारे द्वारा उन्हें तीन टीमों में बॉटकर प्रतिदिन तीन अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किया गया है, साथ ही दैनिक रूप से लक्ष्य के अनुरूप नाला सफाई कार्य पूर्ण करने हेतु सुपरवाइजरों की ड्यूटी भी लगायी गयी है। वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि की दशा में जल भराव व जल निकासी की समस्या के कारण संक्रामक रोगों के प्रसार की सम्भावनायें अधिक हो जाती है तथा आम जनमानस को आवागमन में भी असुविधा होती है, जिससे समस्या उत्पन्न होने के पूर्व ही निराकरण किये जाने हेतु पालिका द्वारा सभी बड़े व मझोले नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने के पूर्व 20 मई तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अधूलिका ने बताया कि प्रत्येक सफाई कर्मी की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पालिका द्वारा उन्हें लॉग बूट, कैप व वर्दी तथा आवश्यक सफाई उपकरण उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने आमजनमानस से अपील की कि नाला-नालियों के ऊपर जिसके द्वारा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया गया है, वह तत्काल स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नाला सफाई कार्य के दौरान उन्हें ध्वस्त कराकर हटा दिया जायेगा। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि संदीप सोनकर, अधूलिका, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं सफाई विभाग के कर्मचारी प्रशान्त कुमार रावत एवं साहिल, दीपक कुमार रावत आदि सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे।

# महावीर जयंती पर जायस में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । त्याग, तप, सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो के शाश्वत प्रत्येक, जैन संप्रदाय के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की 2623वीं जन्म जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैन समाज जायस द्वारा बड़े ही धूमधाम और गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र के साथ ही नगर के सर्व समाज के लोग भारी संख्या में शामिल हुये।यह भव्य शोभायात्रा श्री १००८ चंदाप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पुरानी बाजार अल्ताफ़गंज से प्रारंभ होकर वहाबगंज के रास्ते सर्कुलर रोड होते हुये पुनः जैन मन्दिर पहुंचकर संपन्न हुई तत्पश्चात भंडारे का भी आयोजन दिव्यता के साथ समाज के लोगों के द्वारा किया गया।महिलाओं ने भी शोभायात्रा के दौरान नृत्य, भजन, संगीत से शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। हालांकि बीच में तेज बारिश हुई लेकिन भक्तों का उत्साह जरा भी कम ना हुआ और लोग भगवान महावीर जी के पद चिन्हों पर चलते हुए और उनके सिद्धान्तों को आत्मसात करते हुये शोभायात्रा में एकत्रित रहे।रथ के सिंहासन पर विराजमान भगवान के सौधर्म इंद्र हिमांशु जैन व सारथी प्रांजल जैन रहे।इस अवसर पर राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर उत्कर्ष शरण सिंह,जैन समाज के अध्यक्ष मनीष जैन, राजाराम सोनी, संजय मिश्रा, तीरथनाथ मिश्रा, सत्येंद्र पाण्डेय, रामनारायण कनौजिया,अनोखे लाल सोनकर,घनश्याम माहेश्वरी, रामबहादुर सोनी, अरविंद सोनी, काशीनाथ कौशल, अविरल जैन, सिद्धांत जैन, सम्यक जैन, धीरज जैन, विक्रांत जैन, शुभम जैन, नीरज सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, सुशील वर्मा, अजय सोनी, ओम प्रकाश मौर्य, रामपाल साहू, सुनील सोनी, दिलीप शर्मा, शुभम जालान, शिवम साहू, अनिल कौशल, अभिषेक मित्तल सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुये साथ ही महिलाओ में जैन समाज जायस की महिला मण्डल एवं अन्य समाज की महिलाएं शामिल हुई।

# विद्या कलश के चार छात्र हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रतिभाग हेतु हुये रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट्स का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर सिरसा हरियाणा में प्रतिभाग हेतु हुआ है।उत्तर प्रदेश से चयनित तीस स्काउट्स में विद्याकलश के चार बच्चों ने अपना स्थान बनाया है। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई गई है।विद्या कलश हाई स्कूल खानापुर चपरा के प्रधानाचार्य नित्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय के स्काउट्स छात्र आकाश तिवारी, ऋत्विक सिंह, शैलेश तिवारी एवं हर्षित शुक्ला का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर में हुआ है। आगामी ग्यारह अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक हरियाणा में आयोजित होने वाले चार दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के सभी प्रदेशों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के स्काउट एवं गाइड प्रतिभाग करेंगे।विद्यालय के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ला ने बताया कि शिविर में प्रतिभाग हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और आज बच्चे गौरीगंज रेलवे स्टेशन से रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है। विद्या कलश हाई स्कूल के प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी ने बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बच्चों को शुभकामना दी है। उन्होंने कहा कि जनपद से यह दल जिला संगठन आयुक्त शशांक यादव के नेतृत्व में जा रहा है।

# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष और मंत्री ने जिला कार्यकारिणी के साथ शपथ ली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले के सिरवारा रोड स्थित शिक्षक भवन में आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, विदित है कि 23 फरवरी को आयोजित प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में दिनेश उपाध्याय ने रणवीर सिंह को करारी शिकस्त देते हुए जीत दर्ज की वहीं मंत्री पद के लिए राम आशीष मौर्य ने वैभव भटनागर को हराकर जीत दर्ज की थी। आज हुए शपथ ग्रहण समारोह में सभी ब्लॉक के डेलीगेट एवं अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष गंगा प्रसाद दुबे, अमेठी जनपद के माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिव भूषण उपाध्याय विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पांडे एवं मांडलिक मंत्री शमीम अहमद की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया स जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय एवं जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने शपथ ली, अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अनुज यादव, महिला उपाध्यक्ष अलका पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष के रूप में रमेश तिवारी, राधेश्याम मौर्य, राजीव कुमार मिश्र, राजीव यादव, संजय सिंह, विजय मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष विनय प्रजापति को जिम्मेदारी दी गई स संयुक्त मंत्री देशराज बने वहीं मंजू सिंह को महिला संगठन मंत्री तथा विपिन यादव, श्रीपाल यादव, अरुण सिंह, फिरोज अहमद, इंद्रेश यादव, राम भारत वर्मा को भी संगठन मंत्री की जिम्मेदारी मिली स महिला प्रचार मंत्री गीतांजलि ज्ञान एवं अशोक यादव, राहुल मिश्र, राजेंद्र कुमार यादव, श्रीलाल, अरविंद दुबे, सोहन बने स लेखाकार कृष्ण चंद्र मिश्र एवं शिव कुमार मौर्य को ऑडिटर वहीं धर्मेन्द्र त्रिपाठी को जिला प्रवक्ता एवं चंद्रपाल राजभर को मीडिया प्रभारी व आसिफ जमाल को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया, संघर्ष समिति में सुनील यादव, दिनेश शुक्ल, धर्मेन्द्र राय, विनोद शर्मा, प्रदीप कुमार यादव, सुनील कुमार को पद देकर संगठन में जगह दी। इस अवसर पर जूनियर संघ के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जिला मंत्री कलहू पाल, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, संतोष पांडे, जितेंद्र मौर्य, दयाशंकर मौर्य, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी,मुनेंद्र मिश्र, मुकेश सिंह, इंद्रेश यादव, इंद्र प्रसाद पांडे, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, राजेंद्र यादव, दिनेश मिश्र, आलोक पाठक, अखिलेश मिश्र, अनूप सिंह, रितेश त्रिपाठी, विमल शुक्ला, अन्वेष उपाध्याय,श्रीपाल, अजीत यादव, ओम प्रकाश पाल, राम चंद्र राजभर, द्वारिका यादव, कुलदीप मौर्य, राजीव सिंह,सतीश मौर्य, अरुण सिंह, राहुल मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो मजदूरों हुए घायल

बलदीराय/ सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हलियापुर। तहसील के थाना हलियापुर क्षेत्र के, सरायबग्घा में बेमौसम बारिश व आंधी के साथ आकाशीय बिजली गिरने से बीबीबी मार्का अनूप सिंह के ईंट भट्ठे की चिमनी में दरार आने से क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं भट्टे पर काम कर रहे दो मजदूर भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गये जिसमें मजदूर भग्गू लाल व करिया निवासी राम नगर मजरे अमावा सूफी जनपद अयोध्या घायल हो गए।जिन्हें इलाज हेतु सौ शैय्या पिठला कुमार गंज जनपद अयोध्या ले जाया गया है जहां इलाज चल रहा है।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने वाले आठ लोग गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने वाले आठ लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर फर्जी बैनामा करवाने के मामले में वांछित अरूण कुमार मिश्रा पुत्र राम बलवान मिश्रा निवासी पूरे गंगाधर मजरे टिकरिया थाना गौरीगंज, दिलीप कुमार सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी गडेहरी थाना मोहनगंज,अनिल पुत्र औसान निवासी पूरे दूबर मजरे गडेहरी को नवनिर्मित टोल प्लाजा के पास से एवं सफारी कार संख्या यूपी 32 ईवी 1020 पर सवार दिनेश कुमार पासी पुत्र सियाराम निवासी मठिया कंचनगिरी मजरे रिछौरा थाना जामो,वेद नारायण पाण्डेय पुत्र साहस नाथ पाण्डेय निवासी गंगादास कुटी मजरे जमुरवा थाना मोहनगंज,अश्वनी तिवारी पुत्र श्रीकांत तिवारी निवासी पूरे लाल शाह मजरे गडेहरी थाना मोहनगंज,सुरेश कुमार मौर्या पुत्र रामदेव मौर्या निवासी भेलाई कला थाना मोहनगंज एवं रूची सिंह पुत्री चन्द्रभान सिंह निवासी राजापुर मजरे उमराडीह थाना जामो जनपद अमेठी को नहर पुलिया मटेरवा चौराहे के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया। चालक दिनेश कुमार पासी उपरोक्त से गाड़ी के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में सुरेश कुमार मौर्या के कब्जे से एक अदद लैपटाप मय चार्जर बरामद हआ। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## तेज हवा और बारिश से गेहूं की कटाई पर मंडरा रहे काली छाया के बादल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । माह अप्रैल के दूसरे सप्ताह में मौसम का बिगड़ा मिजाज किसानों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। गुरुवार की सुबह से ही जनपद के कई हिस्सों में झमाझम बारिश ने जहां तापमान को गिराया वहीं खेतों में कटाई के लिये तैयार गेहूं की फसल को लेकर किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। क्षेत्र में सुबह से ही आसमान में घने बादल छाये रहे।किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी रही। खेतों में तैयार फसल भीगने से खराब हो सकती है, जिससे उपज और आमदनी दोनों पर असर पड़ने का खतरा है। किसानो कहना कि मौसम ने धोखा दे दिया। गेहूं की फसल कटाई के लिये तैयार है, कुछ खेतों में फसल कटी भी पड़ी है। अब इस बारिश ने सब गड़बड़ कर दिया। अगर यही हाल रहा तो नुकसान तय है। मौसम के अचानक बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी साफ दिखने लगा है।अस्पतालों में सर्दी, खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। अमेठी सीएमओ डॉक्टर अंशुमान सिंह, ने बताया कि इस तरह के मौसम में तापमान तेजी से गिरता और बढ़ता है। इससे शरीर पर असर पड़ता है। नमी और हवा में बदलाव से संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है इससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## बारिश संग आसमान में बादलों ने जमाया डेरा किसानों की बेचैनी बढ़ी किसान नेताओं ने मुआवजे की करी मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरे जनपद में एक बार फिर बेमौसम बारिश होने से अन्नदाताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आसमान में छाए काले काले बादल,तेज हवा के साथ बारिश होने से गेहूं व सरसो की फसल के लिए बारिश किसानों के लिए काल बन सकती है। यह तेज हवाएं व बरसात,मौषम को बदलता देख किसानों के चेहरों पर छाई चिंता की लकीरें। बहुत कुछ बयां कर रही हैं। धरती को चूमती गिरी हुई फसलों ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी है।

## पिपरा मझरा में आग से हुए नुकसान पर सपा नेता ने पहुंचकर जताया अफसोस मुआवजे की करी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपरिया मझरा में बुधवार देर रात हुए भयावह हादसे मे हुए किसानों के नुकसान पर आज समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने किसानों के बीच गाँव पहुँचकर उन्होने गहरा दुःख जताया। मौके पर किसानों के नुकसान की बात उपजिलाधिकारी से कर उनके उचित मुआवजे की मांग भी की। इस दौरान सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा की ''आग लगने एव क्षेत्र मे आए भारी आधी और बारिश जिसने किसानों की महीनों की मेहनत को पल भर में राख कर दिया है विद्युत लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने गांव के खेतों में खड़ी लगभग 150 बीघा गेहूं की फसल को निगल लिया जो की किसानों की बहुत बड़ी क्षति है जिससे वह सभी बेहद मायूस है ऐसे मे सरकार और प्रशासन को उन पर ध्यान देना चाहिये। स्थानीय ग्रामीणों ने सपा नेता को बताया के रात करीब 10 बजे बिजली के तारों में अचानक तेज़ स्पार्किंग शुरू हुई और फिर देखते ही देखते आग की लपटें गेहूं के खेतों में फैल गईं। गांव के किसानों ने आग को रोकने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन तेज़ हवाओं और आंधी के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक दमकल या प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचती, तब तक लाखों की फसल जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित किसानों से बताया कि उन्होंने इस साल अच्छी फसल की उम्मीद लगाई थी, लेकिन आग ने सब कुछ खत्म कर दिया। ल्लअब खेत में सिर्फ राख बची है,ङ्क गांव में इस घटना के बाद हाहाकार मचा है। किसानों की आंखों में सिर्फ आंसू हैं। इस दौरान समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार भारती,तौफीक खा,भुवनेश भारती सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्तिथ रहे।

# भाजपा ने सदस्यता कार्यक्रम सम्मेलन का किया आयोजन ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने मुख्य अतिथि का गुलदस्ता देकर किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी लगातार विभिन्न प्रकार के आयोजन करके पार्टी की नीतियों को गांव-गांव नगर नगर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। मिशन 2027 के चुनाव को फतह करने के लिए भारतीय जनता पार्टी किसी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है लगातार केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतर कर प्रत्येक लाभार्थी से द्वारा द्वारा मिलकर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। इसी के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनंद एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य गोपाल मिश्रा एवं बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत,सतपाल वर्मा, दिनेश पटेल, हरिद्वार लाल गंगवार, बरखेड़ा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार एवं सभी पार्टी पदाधिकारी गण एवं सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे हैं।

# आंधी और तेज बरसात से किसानों की गाढ़ी कमाई संकट में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। मंगलवार रात से तेज आंधी से शुरुवात होकर बुधवार को गरज और आंधी के साथ तेज बरसात ने किसानों की गाढ़ी कमाई पर संकट बना दिया है । प्राकृतिक आपदा में,फसल को बर्बाद होते देखना किसानों की मजबूरी बन गयी है। पकी फसल को किसान जोरशोर से किसी प्रकार, घर तक सुरक्षित पहुंचाने की कवायद में लगे थे कि बुधवार को तेज आंधी पानी ने किसानों की मंशा पर पानी फ़ेर दिया ।तेज आंधी पानी प्राकृतिक आपदा बनी तो किसान हाथ मलते दिखाई दे रहे हैं। कई किसान खेत मे कटाई कर रहे थे । तो कुछ की मड़ाई के बाद भूसा ही खेत मे पड़ा है , तो बहुत सारे किसानों की पकी पकाई फसल खेत में ही खड़ी है ।जो अब राम भरोसे ही हैं ।



किसान बोले---

क्षेत्र के पृथ्वीपाल सिंह विसावां ने बताया कि ऐसी आपदा कई वर्ष बाद आई है । जिससे किसानों की बड़ी क्षति होगी । वहीं किसान निशांत सिंह व वीरसेन यादव, शिव बहादुर सरोज पीरोसरैया ने बताया कि यह किसानों अपूर्णीय क्षति हो रही है जिसे सरकार को भी संज्ञान लेना चाहिए । मायंग के रमाकांत मिश्र( डब्लू ), और हलियापुर के प्रभात सिंह ने बताया कि फसलों के क्षति की आशंका ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है ।बेमौसम बरसात से किसान अब प्राकृतिक आपदा के शिकार बन जाएंगे ।

# सीएमओ डां.भारत भूषण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैयां का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर करने को लेकर योगी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में फ़ेरबदल किया है, फ़ेरबदल में सुल्तानपुर जनपद में भी नए सीएमओ के रूप में डां.भारत भूषण ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। चार्ज संभालते ही मुख्य चिकित्साधिकारी डां.भारत भूषण ने संकेत दे दिया है कि पूर्व की भांति चलने वाली व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा, विभाग और आम लोगों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाया जाएगा। सीएमओ डां.भारत भूषण वृहस्पतिवार को भदैयां सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण किया, साथ में एसीएमओ डां.राधावल्लभ व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डां.लालजी साथ रहें, निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को व्यवस्थाएं व्यवस्थित दिखी,उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को स्पष्ट तौर पर बता दिया गया की मरीजों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत मिले इसे सुनिश्चित किया जाएगा। आम लोगो को यदि कोई समस्या हो तो वह सीधे कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# ट्रम्प की जिद से शेयर बाजार तबाह

शासक जिद्दी और अहंकारी हो तो वह तबाही लाता ही हैय पर यदि वह अमेरिका जैसे देश का हो तो बर्बादी वैश्विक ही होगी, इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साबित कर दिखाया है। उनके द्वारा छेड़े गये टैरिफ वॉर ने अनेक देशों के शेयर मार्केट में बड़ी तबाही मचा दी है। जिन देशों की इकानॉमी ठोस मजबूती लिये हुए है, वहां तो इसका असर कम है लेकिन भारत जैसे देश में, जिसकी अर्थव्यवस्था आंकड़ों में तो भीमकाय है लेकिन पिछले कुछ समय से अनेक सेक्टरों में पिछड़ने और लोगों की आय में भारी गिरावट के कारण वह इस सुनामी का मुकाबला करने में नाकाम दिखाई देती है। सोमवार को जैसे ही शेयर बाजार खुला, उसमें वैश्विक घटनाक्रम का असर दिखा। कई देशों के खिलाफ अमेरिका द्वारा अपनाई गई श्रेसिप्रोकल टैरिफश नीति से आई अनिश्चितता से भारत के शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स एवं निफ्ष्टी दोनों में ही ऐसी बड़ी गिरावट देखी गयी कि इस दिन को ब्लैक मंडे का नाम दिया गया। बताया गया है कि शेयर मार्केट के अब तक के 5 सबसे बुरे दिनों में सोमवार का शुमार हो गया। हालांकि मंगलवार को आंशिक रिकवरी देखी गयी परन्तु आशंका है कि निवेशकों का बुरा दौर जल्दी खत्म नहीं होगा। शेयर मार्केट के जानकारों के साथ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार इसलिये जल्दी उठ नहीं पायेगा क्योंकि ट्रम्प ने जिन देशों पर सबसे ज्यादा टैरिफ ठोंका है, उनमें भारत भी है। चूंकि वैश्विक अर्थप्रणाली में कहीं भी होने वाली घटनाएं समग्र रूप से सभी देशों पर असर डालती है, विभिन्न देशों के साथ ट्रम्प का यह व्यवहार भारत पर भी असर डाल रहा है। ट्रम्प के इस कदम का अच्छा मुकाबला चीन कर रहा है इसलिये वह दुनिया भर के व्यवसायियों के लिये आशा का नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। वैसे तो बौखलाये ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लागू करने की धमकी दी है लेकिन माना जाता है कि चीन का मैन्युफ़ेक्चरिंग सेक्टर इतना मजबूत है कि वह आसानी से अमेरिका को झेल जायेगा। समस्या भारत जैसे देश के लिये है जिसने अपने औद्योगिक आधार को बहुत कमजोर कर दिया है। किसी भी महत्वपूर्ण मौकों पर भारत सरकार की चुप्पी इस बार भी दिखाई दे रही है। टैरिफ वॉर से देश कैसे निपटेगा और सरकार इस दिशा में क्या कर रही है, इसे लेकर वित्त मंत्रालय कोई संकेत नहीं दे रहा है। इससे भारतीय बाजार में आशंका के साथ घबराहट होनी स्वाभाविक है। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लाभ के प्रति बहुत आश्वस्त नहीं हैं। विशेषज्ञों की मानें तो वे लम्बे समय तक भारतीय बाजारों के उठने का इंतजार नहीं करेंगे। यदि विदेशी निवेशक टूटते हैं तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अर्थव्यवस्था में लोगों का भरोसा खत्म होते वक्त नहीं लगेगा। इससे रिकवरी की प्रक्रिया और धीमी हो जायेगी। सरकार को बाजार के बचाव से सम्बन्धित कदम तुरन्त घोषित करने होंगे। फिलहाल तो लगता है कि सरकार ने शेयर बाजार तथा स्थानीय निवेशकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। वैसे भी पिछले लगभग 9 महीनों में शेयर बाजार बेहद कमजोर हुआ है। कई दिन ऐसे आये हैं जब निवेशकों ने एक-एक दिन में लाखों करोड़ों रुपये गंवाए हैं। याद हो कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से जमकर शेयर खरीदने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 4 जून (2024) को निकलने वाले नतीजों में भारतीय जनता पार्टी व उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस को 400 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही हैं जिससे निवेशकों को खूब फायदा होगा। इसके कारण लोगों ने जमकर खरीदारी की थी- खासकर उन कम्पनियों के शेयरों की जो भाजपा सरकार के नजदीकी लोगों की है। परिणाम विपरीत निकले। शेयर बाजार ऐसा धड़ाम हुआ कि निवेशकों की जेबें खाली हो गयीं।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। इस बार बढ़ती गर्मी के पूराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थान के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन

लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। इस बार बढ़ती गर्मी के पूराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थान के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा।

सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से 'तीसरा ध्रुव' कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति 'लिटल आइस एज' के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जाएगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जाएंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जाएंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा। दुनियाभर में कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी अनेक संकटों की दस्तक है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगहों पर धारा 144 लागू करना इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफ़े के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे? **–ललित गर्ग**

# महफिल-ए-बारादरी में याद किए गए भगवान श्रीराम

**मुकुंद**

भगवान श्रीराम एक शब्द भर नहीं है। प्रभु राम राष्ट्र के स्वाभिमान और गौरव के प्रतीक हैं। राम संस्कृति और जीवन के पथ प्रदर्शक भी हैं। अब अदबी जलसों में भी कवि और शायरों की रचनाओं के केंद्र बिंदु में श्रीराम होने लगे हैं। पिछले दिनों एनसीआर में महफिल-ए-बारादरी के आयोजन में अयोध्या नंदन की गूंज सुनाई पड़ी। अध्यक्षीय वक्तव्य में सुप्रसिद्ध शायर वसीम नादिर ने कहा कि आज अदब के सामने कई तरह के संकट हैं। अदबी समाज के लिए ऐसी महफिलों की दरकार है। यहां पढ़ी गई रचनाओं को सुनकर बहुत सुकून मिला। कवयित्री पूनम मीरा ने कहा कि बारादरी गंगा-जमुनी संस्कृति की मिसाल बन गई है। ऐसे मंच अदब को जिंदा रखते हैं। इस आयोजन की खास बात यह रही कि अधिकांश रचनाकारों ने गीत, कविता और दोहों के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को याद किया। गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में सजी इस अदब की महफिल में शुभ्रा पालीवाल के गीत की पंक्तियों ''चाहे ये सूरज कहीं छुप ही जाए, चाहे ये चन्दा गगन पे न आए, ले हाथ, हाथों में इकरार करना, दिल ये दिया है तो बस प्यार करना...'' ने कार्यक्रम को शुरू में ही ऊंचाई प्रदान कर दी। शायर असलम राशिद ने फरमाया ''रफ्तार आंसुओं की रवानी से खींच लूं, मैं चाहता हूं दर्द कहानी से खींच लूं। बिछड़े थे जिसकी वजह से राम जी, मैं उस हिरण को कहानी से खींच लूं।'' शायर वसीम नादिर ने अपने कलाम पर भरपूर दाद बटोरी। उन्होंने फरमाया ''कभी कपड़े बदलता है कभी लहजा बदलता है, मगर इन कोशिशों से क्या कहीं शजरा बदलता है। तुम्हारे बाद अब जिसका भी जी चाहे मुझे रख ले, जनाजा अपनी मर्जी से कहां कांधा बदलता है। मेरी आंखों की पहली और आखिरी हद है तेरा चेहरा, मैं वो पागल नहीं हूं रोज जो रस्ता बदलता है। शायरा पूनम मीरा ने भी बेहतरीन अशआर पेश किए। उन्होंने कहा ''उसकी आंखों के सराबों पर यकीं मत करना, मौतबर लाख हों अश्कों पर यकीं मत करना। जाविंदा शै कोई मिल जाए यकीं कर लेना, खाक हो जाते हैं जिस्मों पे यकीं मत करना। तुम जो बिछुड़ोगे तो फिर याद बहुत आओगे, ऐसी बेकार की बातों पर यकीं मत करना...।'' बारादरी के अध्यक्ष गोविंद गुलशन के शेर ''तमाशबीन इधर के भी थे उधर के भी, बचा कोई न सका टूटते दिल को''। ''इस कदर तीरगी फैली है जमीं पर यारो, चांद जो छत से उतर आए तो काला हो जाए'' भी सराहे गए। बारादरी जीवन पर्यन्त सृजन सम्मान से अलंकृत गीतकार जगदीश पंकज ने अपनी पंक्तियों ''अपने में काट-छांट करते, कुछ ऐसा लगने लगा कि मैं, औरों को करने में प्रसन्न, अस्तित्व स्वयं का भूल गया'' पर प्रशंसा बटोरी। ईश्वर सिंह तेवतिया ने अपने चिर-परिचित अंदाज में शोक काल के उत्सव में परिवर्तित होने को कुछ इस तरह बयान किया ''शोक सभा के आयोजन में, सब कुछ है बस शोक नहीं है, शानो शौकत की नुमाइश में, रत्ती भर संकोच नहीं है, मातम है या फिर उत्सव है, पूछे कौन कौन बतलाए, मातम, मातम जैसा दीखे, इतना तक भी होश नहीं है...।'' कार्यक्रम का संचालन 'जया'' दीपाली जैन ने किया। उन्होंने पढ़ा ''जो लब न खोलूं तो नैन बोलें, ज़ुबां की अंगड़ाई राज खोले, गजब हुई है ये रुख की रंगत, बयां-बयां सी मैं हो रही हूं।'' कवि संजीव शर्मा ने घर के बुजुर्ग की परिजनों से असहमति से उत्पन्न स्थिति को रेखांकित किया। इसके अलावा सुरेन्द्र सिंघल, योगेन्द्र दत्त शर्मा, सुभाष चंदर, डॉ. तारा गुप्ता, अनिमेष शर्मा आतिश, बीके वर्मा 'शैदी', विष्णु सक्सेना, सुरेन्द्र शर्मा, रजनीकांत शुक्ल, विपिन जैन, रवि यादव, इंद्रजीत सुकुमार, शोभना श्याम, वागीश शर्मा, मनीषा जोशी, डॉ. कविता विकास, सीमा सिकंदर, डॉ. रणवीर सिंह परमार, डॉ. नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र देव, तूलिका सेठ, मनोज शाश्वत, डॉ. उपासना दीक्षित, मनीषा गुप्ता, मेहदी अब्बास जैदी, हिमांशु शुक्ला, संजीव नादान और संजय शुक्ल की रचनाएं भी सराही गईं। कार्यक्रम संयोजक आलोक यात्री ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. महकार सिंह, राधारमण, राष्ट्रवर्धन अरोड़ा, शकील अहमद सैफ, डॉ. सुमन गोयल, राजीव शर्मा, अंशु गोस्वामी, किशनलाल भारती, देवेंद्र गर्ग, विनोद सिंह राठौर, राकेश मेहरोत्रा, उत्कर्ष गर्ग और निरंजन शर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है ज्यादा उबासी आना

हमें जब नींद ज्यादा आती है या फिर हमें थकान ज्यादा महसूस होती है तो उबासी आती है। लेकिन नींद पूरी होने के बावजूद और थकान भी नहीं होने पर भी बार-बार उबासी आना सेहत के लिए खतरनाक है। दिन भर में 3 से 4 बार उबासी आना आम बात है, लेकिन कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। उबासी आने के कई कारण होते हैं जैसे अधिकतर थकान, उनींदापन, किसी भी चीज में अरुचि के कारण भी उबासी आने लगती है। बॉडी में ऑक्सीजन की कमी होने से भी उबासी आती है। उबासी का ज्यादा आना आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। आइए जानते हैं कि ज्यादा उबासी आने का कारण क्या है और इसका उपचार कैसे है। लीवर खराब होने पर ज्यादा थकावट होने लगती है। थकान महसूस होने पर उबासी आती है। डॉक्टर्स के अनुसार, दिल और फ़ेफड़ों की बीमारियों के कारण भी ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। जब दिल और फ़ेफड़े सही तरह से काम नहीं करते तो अस्थमा की समस्या होने लगती है। अगर समय रहते इसका इलाज करवाया जाए तो परेशानी से बचा जा सकता है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, ब्रेन स्टेम में जख्म की वजह से ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। पिट्यूटरी ग्लैंड दब जाने के कारण भी ऐसा होता है। बीपी और दिल की धड़कन का कम होना भी उबासी बढ़ाता है। तनाव से भी अक्सर लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ऐसा होने पर ऑक्सीजन ब्रेन तक नहीं पहुंच पाती। इस स्थिति में उबासी के जरिए शरीर में ऑक्सीजन पहुंचती है। यदि शरीर में ब्लड ग्लूकोज का लेवल कम हो जाए, तो समझ लीजिए कुछ गड़बड़ है। उबासी आना हाइपोग्लाइसीमिया का शुरुआती संकेत होता है। ब्लड में ग्लूकोज लेवल कम होने से उबासी आनी शुरू हो जाती है। बार-बार उबासी आना हाइपोथायरॉइडिज्म की निशानी हो सकती है। शरीर में थाइरॉयड हॉर्मोन कम बनने पर ऐसा होता है। बोरियत उबासी का सबसे बड़ा कारण है। जब आप बोर होते हैं तो ज्यादा उबासी आती है। ऐसी स्थिति में थोड़ी देर विराम लें, अपनी सीट छोड़ें, और अपने आपको दूसरे कामों में लगाएं। थकान के कारण उबासी आती है इसलिए पानी पीना भी इससे छुटकारा पाने का एक अच्छा तरीका है। पानी आपके शरीर को हाइड्रेट करेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

## धर्म मंत्र

# हनुमान चालीसा का पाठ करने से होते हैं कई लाभ

रामभक्त, संकटमोचन, बजरंगबली, पवनपुत्र, केसरीनंदन, आंजनेय आदि नामों से प्रसिद्ध गुणों के निधान हनुमान जी का जन्म चैत्र मास की पूर्णिमा को हुआ था। इस कारण से हर वर्ष हनुमान जयंती चैत्र पूर्णिमा को मनाई जाती है। आज देश भर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। हनुमान जी जैसा पराक्रमी, बुद्धिमान और अतुलित बलशाली दूसरा कोई नहीं है। हनुमान जयंती के अवसर पर आप हनुमान जी की आराधना करें और हनुमान चालीसा का पाठ करें। हनुमान चालीसा का पाठ अपने आप में ही उनकी पूजा के लिए संपूर्ण है। हनुमान चालीसा हनुमान जी के पराक्रम के गुणगान से परिपूर्ण है। उसकी चौपाइयों को पढ़ने से आपके जीवन के सारे कष्ट, रोग, भय, दरिद्रता, जड़ता, बुद्धिहीनता जैसी बुराइयों का अंत हो जाता है। आपके बिगड़े काम बन जाते हैं। हनुमान जयंती पर हम आपको हनुमान चालीसा के महत्व और चमत्कारी लाभ के बारे में बता रहे हैं। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के साथ हनुमान चालीसा की भी रचना की थी। इसमें हनुमान जी के बाल्यकाल की घटनाओं के साथ प्रभु श्रीराम की सहायता, सीता माता की खोज, लंका दहन जैसी पराक्रम से जुड़ी घटनाओं का वर्णन है। कहा जाता है कि जब हनुमान जी ने बाल्यकाल में सूर्यदेव को एक लाल फल समझ कर निगल गए थे, तब इंद्र ने वज्र से उन पर प्रहार कर दिया, जिससे वो मुर्छित होकर गिर पड़े। इस बात को जानकर पवन देव क्रोधित हो गए। वहीं, जब देवताओं को पता चला कि हनुमान जी कोई और नहीं बल्कि भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार हैं, तब उन्होंने हनुमान जी को एक-एक करके अपनी शक्तियां प्रदान कीं।

## पर्यटन



# सऊदी अरब के पांच ठिकाने हैं वेकेशन के लिए बेस्ट

सऊदी एक प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बहुत ही खूबसूरत देश है। कोरोना महामारी के चलते भले ही पिछला साल पर्यटन के मामले में कुछ खास नहीं रहा लेकिन वैसे यह देश पूरे साल दुनियाभर के पर्यटकों के स्वागत के लिए खुला रहता है। यहां आप खूबसूरत नज़ारों को देखने के साथ ही हर तरह की खरीददारी का भी लुत्फ उठा सकत हैं। रैड सी यानि लाल सागर के क्रिस्टल जैसे पारदर्शी पानी के साथ यह देश असंख्य कोरल्स से घिरा है। रियाध के बाहरी इलाके में दिरियाह की युनेस्को साईट वर्ल्ड हेरिटेज साईट है, जहां प्राचीन सत्तारूढ़ अल सऊद परिवार का शासन है। यहां आपको रास्ते में ईंटों से बने घर मिलेंगे जो कई पीढ़ियों की जीवनशैली पर रोशनी डालते हैं। अगर आप सऊदी संस्कृति और इतिहास के बारे में जानना चाहते हैं तो सऊदी म्युज़ियम और सलवा पैलेस जाएं, यहां बड़ी संरचनाएं आपका मन मोह लेंगी। हरियाली और तालाबों से घिरे रेस्तरां और कॉफी शॉप में आप पारम्परिक व्यंजनों का लुत्फ़ उठा सकते हैं। अलउला एक शानदार डेस्टिनेशन है जिसका 200,000 साल पुराना मानव इतिहास है। इसे प्राकृतिक चट्टानों के निर्माण, आधुनिक वास्तुकला और हेगरा के लिए जाना जाता है, जो सऊदी की सबसे विख्यात तस्वीरों में शुमार हैं। यहां आपका नाबातियन सभ्यता से प्रेरित सैंकड़ों मोनोलिथिक चट्टाने मिलेंगी जो कभी कब्रगाह थीं। आप आस-पास की दरारों और चट्टानों पर अंकित प्राचीन शिलालेखों से क्षेत्र के इतिहास के बारे में भी जान सकते हैं। दुनिया की सबसे इंस्टाग्रामेबल इमारतों में से एक मिरर-क्लैड कॉन्सर्ट हॉल को देखकर आप अचंभित हो जाएंगे। जेद्दाह के प्राचीन केन्द्र, ब्राईड ऑफ द रैड सी, का निर्माण 7वीं सदी में मक्का जाने वाले तीर्थयात्रियों को ध्यान में रखते हुए किया गया। मक्का का यह नवीनीकृत किया गया गेट आज एक अनूठे प्रवेश द्वारा की भूमिका निभाता है तथा आधुनिक एवं प्राचीन वास्तुकला का बेजोड़ संयोजन है। आप रंगीन सॉक अल अलावी, सउदी के सबसे बड़ी सॉक का अनुभव पा सकते हैं जिन्हें संकरी गलियों, रंग-बिरंगे कैलीडोस्कोप और विदेशी मसालों की खुशबु के लिए जाना जाता है। यहां आप को 500 साल पुरानी इमारतों के साथ हेरिटेज घर, गैलेरियां और म्युज़ियम मिलेंगे, जिन्हें रैड सी (लाल सागर) के कोरल से बनाया गया है।

# सुव्यवस्था सुंदरता मनोयोग व दायित्व निर्वाहक शिक्षकों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। शिक्षा क्षेत्र देवा स्थित प्राथमिक विद्यालय भटेहटा प्रांगण में स्कूल चलो अभियान, शारदा संगोष्ठी , वार्षिकोत्सव एवं वाटर कूलर संयंत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव व विशिष्ट अतिथि अतुल सिंह डायरेक्टर गणपति एग्री बिजनेस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी देवा राम नारायण ने की।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ब्लॉक प्रमुख श्री यादव ने अतुल सिंह द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर संयंत्र का उद्घाटन पश्चात बच्चों को पुस्तकें वितरित की। गणपत एग्री बिजनेस के डायरेक्टर अतुल सिंह ने वर्ष 2024- 25 में कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के प्रेरणा

## ब्लॉक प्रमुख ने किया कूलर संयंत्र का शुभारंभ

स्रोत समाज सुधारक पंडित अरविंद नारायण महाराज जी ने विद्यालय परिवार द्वारा अपने कार्यों में सुव्यवस्था सुंदरता व मनोयोग तथा जिम्मेदारी दायित्व निर्वहन के लिए खुले हृदय से सराहना की।

ब्लॉक प्रमुख श्री यादव ने आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को नामांकन कराने और प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी ने नवोदय विद्यालय एवं विद्याज्ञान प्रारंभिक परीक्षा में चयनित बच्चों को पुरस्कृत किया । विजय प्रताप सिंह (पर्यावरण प्रेमी) ने सभी बच्चों से अपने जन्मदिन पर एक-एक पौधा रोपित करने का अनुरोध किया।श्रीमती फिरदौस हियाज़ द्वारा कक्षा पांच उत्तीर्ण 28 बच्चों के साथ साथ नामांकित 194 बच्चों हेतु उपहार /स्टेशनरी किट विद्यालय को भेंट की।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अनुज श्रीवास्तव एवं प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ अशोक सिंह जिला अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ राजेश श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।शिक्षिका नमीता वर्मा कविता वर्मा ,साक्षी सिंह, रमेश चंद्र, नेहा रहमान, दिव्या कश्यप, पूर्णिमा सिंह, डॉ रुचि सिंह नीरज श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, विकास वर्माअनुपम मिश्रा,अनुज वर्मा, विवेक कुमार,अभिभावक अशोक सिंह, अनिल सिंह काशीराम ,आलोक शर्मा मुन्नालाल, बंसीलाल, गुड्डू यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य,कमलेश कुमार एस एम सी अध्यक्ष आदिका सहयोग सराहनीय रहा।

# खेल रहे मासूम को चार पहिया गाड़ी ने रौंदा, मौत

एजेंसी

## हेड कांस्टेबल की स्कार्पियो गाड़ी की चपेट में आकर हुई मासूम की मौत

हमीरपुर। गुरुवार को मौदहा कस्बे के एक मोहल्ले में अपनी नाना इदरीश के घर आए तीन वर्षीय मासूम बच्चे को चार पहिया गाड़ी ने खेलते समय रौंद दिया। बच्चे को गाड़ी से रौंदते देख मोहल्लेवासियों ने घायल बच्चे को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक मासूम के परिजन अस्पताल परिसर में एकत्र होकर रोते बिलखते रहे। मूल रूप से महोबा जनपद के कबरई थाना के किदवई नगर निवासी साजिद अली का 3 वर्षीय पुत्र सूफियान अली ईद के दिन 31 मार्च को अपनी नानी के घर कस्बे के मोहल्ला दीवान शहीद बाबा स्थित आया हुआ था। गुरुवार की शाम साढ़े 5 बजे दरगाह के सामने मैदान में खेल रहा था तभी वहीं पर खड़ी स्कार्पियो कार मौदहा निवासी नईम नामक हेड कांस्टेबल जिसकी तैनाती कानपुर में बताई जा रही है, उसके स्कार्पियो गाड़ी का ड्राइवर गाड़ी को बैक करने लगा इसी दौरान गाड़ी के पीछे खेल रहे मासूम सूफियान को रौंद दिया। चार पहिया गाड़ी के रौंदने से मासूम अचेत अवस्था में गिर गया तभी मोहल्ले के लोगों ने उसे परिजनों की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मौदहा कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि नईम सिपाही की गैर जनपद में तैनाती है। ये मौदहा कस्बे के रहने वाले है। इनकी कार से बैक करते समय यह हादसा हुआ है। हादसे की जांच की जा रही है। तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री ने किया कृषि फार्म का औचक निरीक्षण

रामनगर बाराबंकी। प्रदेश सरकार कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि प्रक्षेत्र का आज रामनगर का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा निर्देशित किया गया कि उच्च गुणवत्ता के बीजों का उत्पादन किया जाए।जिससे प्रदेश में कहीं कोई बीज की समस्या ना हो एवं उच्च गुणवत्ता के बीज किसानों तक आसानी से पहुंचाये जा सके समय से फसल कटाई करने हेतु निर्देशित किया गया।कृषि मंत्री शाही ने आगामी आने वाली फसलों को समय से बुवाई करने को कहा साथ ही निर्देश दिए की समय-समय पर उच्च अधिकारी फॉर्म का निरीक्षण करते रहे जिससे उच्च गुणवत्ता का बीज उत्पादन कराया जा सके।अरहर की खराब फसल को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि अच्छे बीज का उत्पादन कराया जाए जिससे किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज प्राप्त हो सके।इस मौके पर मौजूद संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या एके मिश्र को निर्देशित किया कि समय-समय पर कृषि क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे जिससे कर्मचारियो को सुगमता रहे।संयुक्त कृषि निदेशक मुख्यालय अनिल कुमार सागर को भी आवश्यक निर्देश दिए और समय-समय पर निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया एवं उपजिलाधिकारी पवन कुमार से क्राफ्ट कटिंग का हाल जाना।इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी राजितराम वर्मा सहायक विकास अधिकारी डॉक्टर दलबीर सिंह प्रक्षेत्र अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चौरसिया व क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत सहित अन्य अधिकारी व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

### खेत पर गई किशोरी को सांप ने डंसा हालत नाजुक

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव कंजाखेड़ा की रहने वाली हूर वानो पुत्री अकबर उम्र 14 वर्ष बताया जा रहा है, कि खेत में गेहूं की कटाई हो रही थी। इस दौरान किशोरी खेत में खड़ी थी। तभी अचानक एक सांप ने किशोर के पैर में डंस लिया। किशोरी ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी,यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। किशोरी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पड़ोसियों को गोलियों से भूनने की धमकी देने वाले आरोपी को पकड़कर छोड़ा

पूरनपुर। मोहल्ले के लोगो को गोलियों से भूनकर जान से मारने की धमकी देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। इसके बाद आरोपी को छोड़ दिया। शिकायत पर पहुंची डायल 112 पुलिस से आरोपी भिड़ गए थे। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने परिजनों और सहयोगियों के दम पर धमकी दी थी। घटना से सभी सहमें हुए हैं। संयुक्त रूप से लगभग एक दर्जन लोगों ने मामले का शिकायती पत्र पुलिस को दिया है। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी मुकेश, लकी, लक्ष्मी, रेखा, सुनीता, लीलावती, शिवरानी, राहुल, रामवती, हरि ओम, गीता देवी, पूजा, लक्ष्मी, हैप्पी सहित एक दर्जन लोगों ने संयुक्त रूप से कोतवाली पुलिस को शिकायत की पत्र दिया है। इसमें बताया गया पड़ोस के रहने वाले कुछ लोग लगातार गाली गलौज कर मोहल्ले के लोगों को गोलियों से भूनकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर डराया जा रहा है। 5 अप्रैल को आरोपियों ने अपने 15- 20 साथियों के साथ मोहल्ले की रहने वाली कांति देवी और उनकी बेटियों को घर में घुसकर धारधार हथियार से जानलेवा हमला किया था। उनके घर में ईंट पत्थर से फेंककर तोड़फोड़ भी की गई थी। इसके अलावा तमंचा लहराते हुए दहशत फैलाई थी। बमुश्किल सभी लोगों ने मिलकर बीच बचाव किया था। पुलिस के पहुंचने पर लोगो ने पूरी घटना बताई गई थी। मामले में पुलिस ने रुचि, मीना देवी, रंजीत सिंह, प्रिंस कुमार, कमल के अलावा 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।शिकायत पर पहुंची डायल 112 पुलिस से आरोपी भिड़ गए थे।इसके बाद कोतवाली के उपनिरीक्षक तरुण ने फोर्स के साथ पहुंचकर एक आरोपी को दबोच लिया। मोहल्ले के लोगो का कहना है आरोपी के पास तमंचा भी पुलिस को मिला है। कुछ दिन पहले भी आरोपी ने तमंचे के साथ वीडियो बनाई थी। उपनिरीक्षक तरुण कुमार ने बताया मोहल्ले में दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। आरोपी को पकड़कर पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। तमंचा नही मिला है।

### कुल्फी बेचने वाले ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

हमीरपुर । गुरुवार को सुबह थाना सुमेरपुर के चंद्रपुरवा बुजुर्ग गांव में रिश्तेदारों के पास रहकर कुल्फी बेचने वाले अधेड़ ने कानपुर से मानिकपुर जा रही मेमू ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक अविवाहित था। आत्महत्या क्यों की है, कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बांदा जनपद के भरखरी गांव का निवासी जुगुल किशोर खंगार (55) अपने भांजे अशोक कुमार के पास चंद्रपुरवा बुजुर्ग में रहकर कुल्फी बेचकर भरण पोषण करता था। गुरुवार सुबह वह सोकर उठने के बाद घर से बगैर कुछ बताये निकल आया और रेलवे के गेट संख्या 29 के आगे फैक्ट्री एरिया की तरफ जाकर कानपुर से मानिकपुर जा रही मेमू ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीण आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे हैं। गांव के पूर्व प्रधान रामबिहारी कुशवाहा ने बताया कि मृतक अपने बहन बहनोई के यहां पिछले कई वर्षों से रह रहा था। मृतक के बहन बहनोई मर चुके हैं। मौजूदा समय में उनका बेटा अशोक कुमार गांव में रहता है। मृतक कुल्फी बेचकर एवं मजदूरी करके भरण पोषण करता था।

### जैन समाज का योगदान सम्पूर्ण मानवजाति के लिए हितकारी : कृष्ण कुमार विश्नोई

मुरादाबाद। जैन समाज का योगदान सम्पूर्ण मानव जाति के लिए हितकारी है। भगवान महावीर का संदेश विश्वकल्याण के लिये है। भगवान महावीर का जीवन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव संदेशात्मक रहा। आज के इस समय में धर्म की रक्षा के लिए हमें अपने राष्ट्र धर्म का पालन करना चाहिए जो जैन समाज बखूबी करता भी है। यह बातें संभल जनपद के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बहजोई में भगवान महावीर के 2624वें जन्मोत्सव पर निकली पालकी यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि कही। बहजोई के मौहल्ला गोलागंज स्थित श्री दिगम्बर जैन सभा के तत्वावधान में गुरुवार को भगवान महावीर जन्मोत्सव के अवसर पर विधि विधान पूर्वक भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम भगवान को सौधर्म इंद्र ने भगवान पालकी में विराजमान किया और पालकी द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण किया गया, पालकी का जगह जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि जैन परम्परा में ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक की यात्रा हमें जीवों की, प्रकृति की रक्षा का संकल्प भी दिलाती है। इसलिए हमें अपने पर्यावरण के प्रति अत्यधिक संवेनशील रहना चाहिए। रात्रि में भी मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान को पालना झुलाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, आरएसएस के जिला संघचालक अनिल शास्त्री, जिला प्रचारक दीपक कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शकर राजू, पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश बादशाह, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह, मंजू दिलेर, अजय तम्बाकू, संरक्षक राजेन्द्र जैन, अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री सम्भव जैन, कोषाध्यक्ष मीतेश जैन, उपाध्यक्ष संजय जैन व्यवस्था प्रमुख अतिशय जैन, नवनीत जैन, विभोर जैन, विपुल जैन, स्वाति जैन, अभिनय जैन, मनोज जैन, प्रेरक जैन, अजित प्रकाश जैन, मोहित जैन एडवोकेट, आलोक जैन, अभिलाषा जैन, राहुल जैन सर्राफ, अजय जैन, बॉबी जैन, अंशुल जैन, नितेश जैन आदि उपस्थित रहे। संचालन सम्भव जैन ने किया।

# कमला केशव इंटर कॉलेज में आकार आईएएस का हुआ सेमिनार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के धनपतगंज के कमला केशव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आईएएस विशेषज्ञों ने कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम किया गया। आकार आईएएस एकेडमी से आए मुख्य करियर काउंसलर उदय सूर्यवंशी ने सिविल सेवाओं की विशेष जानकारी दी जिसमें बताया कि सफलता की ओर कदम कैसे कदम मजबूती से बढ़ाया जाए, इंटरमीडिएट के बाद अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं इसमें सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। काउन्सर ने बताया के 2 से 3 साल में यदि मन से तैयारी की जाए तो आईएएस आसानी से बना जा सकता है । बशर्ते दृढ़ प्रतिज्ञा हो नोट बनाए जाएं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित कियास्टडी मटेरियल बेहतर हो और एक अच्छी कोचिंग हो तथा 12 से 14 घंटे की नियमित स्टडी हो इस तरह लगातार प्रयत्न सफलता में बदल सकता है।सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे जन शिक्षा विकास के जिला मंत्री इकबाल द्विवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की, प्रधानाचार्य आत्मानंद दुबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष पहली सीढ़ी होती है जिस पर चढ़कर व्यक्ति अपना लक्ष्य प्राप्त करता हैइस मौक़े पर राहुल जहान्वी ,रवि अर्जुन सिंह, आचार्य अवधेश जी वंदना सहित सैकड़ो बच्चे मौजूद रहे।

# खतौनी की बाग पर निर्माण को लेकर विवाद, खातेदारों ने किया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर/कादीपुर। कादीपुर तहसील क्षेत्र के महमूदपुर जंगल गांव में सरकारी भवनों के निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। गांव के खातेदारों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा उनकी पुश्तैनी खतौनी की बाग में जबरन पेड़ कटवाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसके विरोध में उन्होंने एसडीएम कादीपुर को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। खातेदार देव नारायण तिवारी, राम लौट तिवारी, सभाजीत तिवारी समेत आधा दर्जन लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष ग्राम प्रधान द्वारा बगैर सहमति शीशम के पेड़ कटवाकर जेसीबी से खुदाई कराई गई थी। अब बिना किसी अनुमोदन के आंगनबाड़ी केंद्र, कचरा निस्तारण स्थल और अन्य भवन बनाए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, उक्त भूमि का कोई प्रस्ताव या स्वीकृति संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं दी गई है, ऐसे में निर्माण पूरी तरह अवैध और विधि विरुद्ध है। खातेदारों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते निर्माण नहीं रोका गया तो अपूरणीय क्षति होगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी से निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने और ग्राम प्रधान के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। रोजगारपरक कोर्स मे प्रवेश प्रारंभ सुलतानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में रोजगारपरक कोर्स पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक में प्रवेश पंजीकरण प्रारंभ कर दिया गया है पहला सत्र होने के कारण विश्वविद्यालय में जो फीस इस कोर्स में लिया जा रहा है उसमें 40% फीस कमला नेहरू संस्थान के प्रबंधक पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश शासन वर्तमान नगर विधायक विनोद सिंह एवं प्राचार्य जी के द्वारा काम किया गया है इस कोर्स में शिक्षण कार्य हेतु विश्वविद्यालय बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी लखनऊ यूनिवर्सिटी एमिटी यूनिवर्सिटी वह अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षण व्यवस्था देते रहेंगे स्नातक किए हुए छात्र या स्नातकोत्तर किया छात्रा तत्काल प्रवेश लेकर अपनी सीट सुरक्षित कर लें पुस्तकालय विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ राजेश पांडे ने बताया की शिक्षण संस्थानों में ही नहीं रिसर्च संस्थान पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग रेलवे कई अन्य सरकारी और गैर सरकारी बड़े प्रतिष्ठानों में पुस्तकालय संचालित हो रहे हैं जिसमें रिक्त पदों पर पुस्तकालय विज्ञान का कोर्स किए हुए छात्र का ही चयन होता है ऐसे में छात्रों की दृष्टिगत रोजगार का अवसर इस विषय को किए हुए छात्रों को अधिक मिलता है।

### अरविंद राजभर के बयान से वाल्मीकि समाज में आक्रोश, किया प्रदर्शन

मुरादाबाद । सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व राज्यमंत्री अरविंद राजभर द्वारा तीन दिन पूर्व 7 अप्रैल को मुरादाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान दिए गए बयान पर वाल्मीकि समाज में आक्रोश है। जिसके चलते वाल्मीकि धर्म समाज सभा के लोगों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और अरविंद राजभर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ऋतुराज टोनी ने कहा कि जिस तरह पूरे भारतवर्ष के वाल्मीकि समाज के ऊपर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेताओं ने अपमानित किया है, उसे वाल्मीकि समाज कभी माफ नहीं करेगा। उन लोगों के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई हो जो लोग मंच पर बैठे हुए थे। प्रदर्शन के दौरान अमन वाल्मीकि, सत्यम राही, राजवीर सिंह, डोली राज पथिक, राजेन्द्र देवा, संतराम वाल्मीकि शामिल रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के मंडल अध्यक्ष रोहित वाल्मीकि ने शिकायती पत्र देकर अरविंद राजभर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

### ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के मद्देनजर मुरादाबाद से होकर गुजरेंगी तीन स्पेशल ट्रेनें

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा और ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के मद्देनजर मुरादाबाद से होकर तीन स्पेशल ट्रेनें गुजरेंगी। ग्रीष्मकालीन मौसम में रेल यात्रियों द्वारा घूमने को लेकर रेलवे द्वारा लगातार विशेष ट्रेनों की घोषणा की जा रही है। मुरादाबाद रेल मंडल में 9 ट्रेनें पहले ही घोषित हो चुकी हैं। अब 3 और स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है। यह ट्रेनें दिल्ली-बनारस-पंजाब से मुरादाबाद होकर चलेंगी। 21 अप्रैल से चलने वाली इन ट्रेनों में एक सप्ताह पहले बुकिंग शुरू हो जाएगी। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04024-04023 दिल्ली-बनारस-दिल्ली 21 अप्रैल से 11 जुलाई के बीच चलेगी। 04518-04517 भटिंडा-बनारस-भटिंडा 21 अप्रैल से 11 जुलाई तक और 04209-04210 लखनऊ-चंडीगढ़-लखनऊ 21 अप्रैल से 10 जुलाई तक चलेगी। इन ट्रेनों का किराया सामान्य की अपेक्षा डेढ़ गुना ज्यादा होगा। इन तीनों स्पेशल ट्रेनों का ठहराव मुरादाबाद रेल मंडल के मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर स्टेशनों पर होगा।

### श्मशान घाट में हत्या कर पेट्रोल से जलाया शव

बागपत। बागपत के टयौढ़ी गांव से लापता युवक सचिन शर्मा की हत्या कर दी गयी। युवक का अधजला शव संतोषपुर गुर्जर गांव के श्मशान घाट में पड़ा मिला है। एएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। वहीं परिजनों ने हत्यारे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को टयौढ़ी गांव से लापता युवक का अधजला शव संतोषपुर गुर्जर गांव के श्मशान घाट में पड़ा मिला। एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह सीओ बागपत हरिश भदौरिया के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। जांच के बाद पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का कहना है कि बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे सचिन शर्मा घर से जन्मदिन में जाने की बात बोलकर गया था। देर रात वापस नहीं लौटा तो बड़ौत थाने में सूचना दी गयी। एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि युवक सचिन शर्मा की हत्या कर शव को पेट्रोल से जलाया गया है। युवक का प्रेस प्रसंग भी चल रहा था। बड़ौत कोतवाली प्रभारी और बागपत कोतवाली प्रभारी को जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जल्द घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

### संदिग्ध हालत में किशोर की मौत, निष्पक्ष जांच की मांग

मीरजापुर। चुनार कोतवाली क्षेत्र के सद्दूपुर मोहल्ले में स्थित एक किराना की दुकान में काम करने वाले 13 वर्षीय किशोर रमजान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों ने आत्महत्या की आशंका पर सवाल उठाते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक रमजान, मोची टोला निवासी दिव्यांग अली अहमद कुरैशी का सबसे छोटा बेटा था। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने भाइयों के साथ मेहनत-मजदूरी करता था और सद्दूपुर मोहल्ले में विनोद कुशवाहा की किराना की दुकान पर काम करता था। गुरुवार को रोज की तरह वह सुबह करीब 9 बजे काम पर गया था। दोपहर करीब 12:30 बजे परिजनों को सूचना मिली कि रमजान की मौत हो गई है। मौत की खबर मिलते ही बहन पिंकी और मां मौके पर पहुंचीं, जहां देखा कि रमजान दुकान की सीढ़ियों पर मृत अवस्था में पड़ा है और उसके गले में गमछे का फंदा था। परिजन ने बताया कि यदि रमजान ने आत्महत्या की होती तो उसका शव सीढ़ियों पर कैसे पड़ा मिलता? सबसे बड़ा सवाल यह है कि दुकानदार ने खुद पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी, बल्कि सीधे परिवार को फोन किया। परिजन रमजान की मौत को आत्महत्या मानने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि 13 साल का बच्चा आत्महत्या क्यों करेगा, वह मानसिक रूप से बिल्कुल ठीक था और किसी भी प्रकार के तनाव में नहीं था। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। साथ ही दुकानदार से भी सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पिता अली अहमद कुरैशी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। मृतक के बड़े भाई वारिस ने बताया कि रमजान सुबह दुकान गया था और दोपहर को ही यह दुखद खबर आई। वह बहुत मासूम और मेहनती था। हमारे पास इतने साधन नहीं कि सच्चाई सामने ला सकें, इसलिए हम प्रशासन से उम्मीद करते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो।

# सपा अकेले लड़े या बसपा कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लड़े जीत भाजपा की होगी: केशव प्रसाद मौर्य



एजेंसी

कानपुर। वक्फ संशोधन बिल ऐतिहासिक होने के साथ-साथ देश और गरीब मुस्लिमों के हित में है। कंग्रेस पार्टी इतिहास के पन्नों की तरफ बढ़ रही है। जबकि सपा 2027 में 2017 से भी नीचे चली जायेगी। सपा अकेले चुनाव लड़े कंग्रेस, बसपा गठबंधन कर लड़े फिर भी जीत भाजपा की ही होगी। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनेगी। यह बातें गुरुवार को शहर पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही।

भाजपा स्थापना दिवस के तहत शहर के दक्षिण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। तो वहीं विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की जान हैं। उन्हीं के बल पर भाजपा 2047 तक प्रदेश और केंद्र में बनी रहेगी। जबकि बसपा समाप्ति की ओर है। 2027 में समाजवादी पार्टी 2017 से भी नीचे चली जाएगी कंग्रेस केवल इतिहास बनकर रह जाएगी।

आगे उन्होंने कहा कि 2017 तक प्रदेश में समाजवादी की सरकार थी। उनकी सरकार को बनने में सबसे अधिक सहयोग पिछड़ो और दलितों का था लेकिन सबसे ज्यादा प्रताड़ित यही लोग रहे हैं। यही कारण है कि वह अपनी चरम सीमा 2022 विधानसभा में, 2024 लोकसभा में प्राप्त कर चुके हैं। अब उनका समाप्तवादी बनने का समय नजदीक आ चुका है। अभी तक उन्होंने पीडीए के नाम पर जनता को केवल बरगलाने का काम किया है। जबकि पीडीए उनके हिसाब से परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है। जिसे जनता पूरी तरह से नकार रही है।

रामनवमी जुलूस के दौरान लिखी गई एफआईआर के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि मुकदमा किस संदर्भ पर लिखा गया है। इस पर कुछ भी कहना गलत होगा। साथ ही किसी भी कार्यकर्ता पर फर्जी मुकदमा नहीं होगा। कार्यककर्ताओं का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा।

### वित्तीय वर्ष 2024-25 की रैंकिंग में पहली बार मिली प्रदेश में पहली रैंक97.50 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश स्तर पर जनपद को मिला पहला स्थान

हमीरपुर। गुरुवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना को विकास, राजस्व एवं केंद्र तथा प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया। इसको लेकर वर्ष 2024-25 सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर 97.50 प्रतिशत अंकों के साथ हमीरपुर को पहला स्थान मिला है। जनपद इससे पहले सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में कभी पहले स्थान पर नहीं पहुंच सका है।मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की विकास कार्यों से संबंधित विभागवार सोलर स्ट्रीट लाइट, पूर्वादशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति, एकीकृत बागवानी मिशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण, विद्युत आपूर्ति व बिल सुधार आवेदन, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा जैसी योजनाएं हैं।

# कोलकाता की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा चेन्नई को

एजेंसी



चेन्नई। लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी। चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। चेन्नई को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके खिलाड़ियों को जल्द से जल्द यहां की परिस्थितियों से तालमेल बिठाना होगा। यही नहीं उसके स्पिन गेंदबाजों को सफलता हासिल करने का तरीका ढूंढना होगा। सभी की निगाहें एक बार फिर से महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी रहेगी। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 12 गेंद पर 27 रन बनाए थे जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है। चेन्नई की टीम के लिए अच्छी बात यह है कि डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने लय हासिल करने के संकेत दिए हैं लेकिन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ से बड़ी पारी की दरकार है। चेन्नई की गेंदबाजी कमोबेश वैसी ही रहेगी, जिसमें खलील अहमद, मुकेश चौधरी और मथीशा पथिराना तेज गेंदबाजी विभाग संभालेंगे जबकि रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा और नूर अहमद पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी। जहां तक नाइट राइडर्स का सवाल है, वे तीन दिन पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मिली करीबी हार से उबरने और इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। उनके गेंदबाजों को ईडन गार्डन्स में लखनऊ के बल्लेबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था। उन्हें यहां अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में नाइट राइडर्स का दारोमदार फिर से क्विंटन डी कॉक, सुनील नारायण, कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों पर रहेगा।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : सिंधू और राजावत हारे कपिला-क्रास्टो की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

एजेंसी



निंगबो (चीन)। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज 29 वर्षीय सिंधू ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे छह मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में दुनिया की चौथी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। राजावत पुरुष एकल मुकाबले में सातवीं रैंकिंग और पांचवें वरीय जापान के कोडाई नाराओका से सीधे गेम में 14-21, 17-21 से हार गए। पुरुष एकल स्पर्धा में किरण जॉर्ज का सफर भी समाप्त हो गया। उन्हें थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19 13-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारत का पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में अभियान समाप्त हो गया है। हालांकि ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने चीनी ताइपे के ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 12-21 21-16 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कपिला और क्रास्टो की जोड़ी का सामना अब हांगकांग के चुन मैन टैंग और यिंग सुएट त्से की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। लेकिन मिश्रित युगल में अशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की एक अन्य भारतीय जोड़ी को चीन के शीर्ष वरीय जियांग जेन बैंग और वेई या शिन के खिलाफ 11-21 14-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। वहीं पुरुष युगल स्पर्धा में शाम में हरिहरन अम्साकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति का सामना मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

## गुजरात के गेंदबाजों ने रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया: पार्थिव पटेल


एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। साई सुदर्शन (53 गेंदों में 82 रन) ने शानदार अर्धशतक लगाया, इसके बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात टाइटंस को 58 रन से जीत दिलाई। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए तो राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्थिव ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब आप इस तरह के विकेट पर 50 रन से अधिक के अंतर से जीत हासिल करते हैं तो इसका मतलब होता है कि आपके गेंदबाजों ने रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। उन्होंने कहा, मोहम्मद सिराज ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट में शुरू से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। साई किशोर शायद अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है। हमारे सभी गेंदबाजों ने गेंदबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया। पार्थिव ने कहा, ''यह देखकर अच्छा लग रहा है कि प्रत्येक मैच में कोई गेंदबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। निश्चित तौर पर बल्लेबाजों ने जीत की नींव रखी लेकिन वास्तव में गेंदबाज आपको मैच जिताते हैं। उन्होंने कहा,''हमारी टीम में किसी को कोई खास भूमिका नहीं सौंपी गई है। एक टीम के रूप में हमारा रवैया बेहद सरल है।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट में छह-छह टीम भाग लेंगी, 22 नई पदक स्पर्धाएं जोड़ी गई

एजेंसी

नयी दिल्ली। लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीम स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15




सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90ऽ90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है। प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी। ऐसा माना जा रहा है कि किसी निश्चित समय सीमा तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों को अमेरिका के साथ ओलंपिक खेलों में प्रवेश किया जाएगा। क्रिकेट उन पांच खेलों में शामिल है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने अगले ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी। चार अन्य खेल बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ़्लैग फ़ुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वाश हैं। इस बीच आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को ओलंपिक खेल 2028 के लिए प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। इन खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 की तुलना में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होंगी। आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए रिकॉर्ड 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी दी है लेकिन खिलाड़ियों की संख्या 10500 ही रहेगी। खिलाड़ियों की संख्या में नए खेलों के 698 खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टीम खेलों में पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या समान होगी। अन्य खेलों में मुक्केबाजी में पुरुषों की तरह महिला वर्ग में भी समान सात वजन वर्ग होंगे।

## भारतीय महिला हॉकी टीम पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के दौरान अपने आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था लेकिन इन दोनों टीम के बीच 2013 के बाद खेले गए 16 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 10 में जीत हासिल की है।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए को लेकर दोनों पक्षों में ''सकारात्मकता व उत्सुकता'' है : सीतारमण

एजेंसी



लंदन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्रिटेन की अपनी समकक्ष रेचल रीव्स के साथ 13वीं मंत्रिस्तरीय भारत-ब्रिटेन आर्थिक व वित्तीय वार्ता (ईएफडी) का बुधवार को समापन किया और द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता को जल्द ही पूरा करने की संभावना जाहिर की। लंदन स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित वार्षिक वार्ता में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्रिटेन के वित्त मंत्रालय के अनुसार, ईएफडी से 40 करोड़ पाउंड का व्यापार और निवेश बढ़ा है, जिसमें पेटीएम और एमफैसिस जैसी भारतीय कंपनियां शामिल हैं जिन्होंने ब्रिटेन के बाजार के लिए निवेश योजनाएं शुरू की हैं। ईएफडी के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, बैठक में वृद्धि को बढ़ावा देने, द्विपक्षीय वित्तीय सेवा संबंधों को बेहतर बनाने तथा ब्रिटेन औद्योगिक रणनीति, कर, सतत वित्त व अवैध वित्त पर नीतिगत सहयोग को गहरा करने की योजनाएं निर्धारित की गई हैं। रक्षा क्षेत्र में सहयोग के अवसरों की भी पहचान की गई, जिसमें भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक खाके को अंतिम रूप दिया गया। इससे औद्योगिक क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को एकीकृत करने की योजना बनाई गई। ईएफडी के बाद सीतारमण ने पत्रकारों से कहा, '' मैं इस वार्ता को बेहद महत्व देती हूं। हमने भारत और ब्रिटेन दोनों के लिए रुचि के विशिष्ट मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, '' मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बात की गई जिसके लिए वार्ता जारी है। दोनों पक्षों की ओर से इस पर जल्द निष्कर्ष निकालने के लिए सकारात्मकता, उत्सुकता व समर्पण की भावना व्यक्त की गई। सीतारमण ने कहा, '' हम इसे समाप्त करना चाहते हैं, कुछ मुद्दों पर जो कठिनाइयां हमें हुई हैं३उनसे उबरना चाहते हैं। हम इस पर चर्चा करेंगे और हम निश्चित रूप से इसे अंतिम रूप देंगे, यह मेरी अपेक्षा है। ब्रिटेन के राजकोष की चांसलर ने दोनों देशों के लिए आर्थिक वद्धि को बढ़ावा देने में व्यापार और निवेश के महत्व को स्वीकार करते हुए, '' सौदे को पूरा करने में तेजी लाना'' जारी रखने के लिए ब्रिटेन की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

# बालदोटा ग्रुप कर्नाटक में 54,000 करोड़ रुपये के निवेश से इस्पात क्षेत्र में देगा दस्तक

एजेंसी

नयी दिल्ली। विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में कार्यरत बालडोटा समूह कर्नाटक में 1.05 करोड़ टन उत्पादन क्षमता वाली परियोजना स्थापित करने के लिए 54,000 करोड़ रुपये के निवेश से इस्पात क्षेत्र में दस्तक देने की योजना बना रहा है। समूह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी के एक बयान के अनुसार, एकीकृत इस्पात परियोजना के उपाध्यक्ष नागराज एन बी ने कहा कि एक बार चालू हो जाने पर, यह नई परियोजना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र होगा। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। कर्नाटक के इस समूह के अनुसार, यह वर्तमान में नवीकरणीय ऊर्ज़ा (पवन और सौर), पोत परिवहन, खनन आदि जैसे क्षेत्रों में काम करता है। उन्होंने कहा, ''पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अध्ययन के बाद हमें 35 लाख टन क्षमता के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय मंजूरी मिल गई है। परियोजना का पहला चरण इस साल शुरू होने की उम्मीद है। नागराज एन बी ने कहा कि शेष क्षमता अगले पांच साल में 2030 तक विभिन्न चरणों में जोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का लक्ष्य अपनी कुल स्थापित इस्पात निर्माण क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाना है। देश की वर्तमान क्षमता लगभग 18 करोड़ टन है। नागराज एनबी ने कहा कि समूह का लक्ष्य देश के 30 करोड़ टन लक्ष्य में 1.05 करोड़ टन का योगदान करना है। प्रस्तावित संयंत्र में स्वयं के उपयोग के लिए 295 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का प्रावधान भी शामिल हैं। बयान में समूह ने कहा कि कुछ वर्गों ने परियोजना के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में चिंता जताई थी।

# संक्षिप्त समाचार

## अमेरिकी वीजा में देरी के कारण भारत को विश्व कप में पदक से हाथ धोना पड़ा: तीरंदाजी कोच तेजा

**कोलकाता।** भारतीय कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने कहा कि देश की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम वीजा में देरी के कारण अमेरिका में सत्र के पहले विश्व कप चरण एक टूर्नामेंट में नहीं खेल सकी जिससे टीम को पदक से हाथ धोना पड़ा। दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने 2024 में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीते थे। इसकी तीन सदस्य विश्व चैंपियन अदिति स्वामी, मधुरा धामनगांवकर और तनिपर्थी चिकिथा को समय पर अमेरिकी वीजा नहीं मिला जिसके कारण वे फ्लोरिडा के ऑरबर्नडेल में प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकीं। तेजा खुद अमेरिका नहीं जा सके। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से यह पदक से चूकने जैसा था। उन्होंने कहा, ''हमारी महिला टीम स्पर्धा जीतने की शत प्रतिशत संभावना थी। हमने पिछले साल शंघाई, येचियोन और अंताल्या में आयोजित विश्व कप के सभी तीन स्वर्ण पदक जीते थे। लेकिन दुर्भाग्य से वीजा में देरी के कारण हम इस बार अपना खिताब नहीं बचा सके। 2022 में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता तेजा ने 2021 में तोक्यो में हरविंदर सिंह को भारत का पहला पैरालंपिक तीरंदाजी पदक (कांस्य) दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में जब हरविंदर ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था, तब भी वह मौजूद थे। तेजा ने बताया कि भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने तीन महीने पहले वीजा के लिए आवेदन कर दिया था। उन्होंने कहा, ''हमने तीन महीने पहले चयन ट्रायल आयोजित किए थे और टीम की घोषणा करने के तुरंत बाद हमने अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन कर दिया था। हमें 'बैकलॉग' के बारे में पता था। अमेरिकी दूतावास और बाद में खेल मंत्रालय के साथ प्रयासों के बावजूद वीजा आठ अप्रैल को जारी किए गए, तब तक कंपाउंड प्रतियोगिता शुरू हो चुकी थी। भारत को इस टूर्नामेंट के लिए 23 सदस्यीय दल भेजना था जिसमें तीरंदाज, कोच और सहायक कर्मचारी शामिल थे। पर बार-बार देरी के बाद केवल 14 सदस्यों के लिए वीजा की मंजूरी मिली।

## नैबफिड का अवसंरचना परियोजनाओं के वित्तपोषण में तेजी लाने को न्यू डेवलपमेंट बैंक से समझौता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक (नैबफिड) ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे एक गहन और टिकाऊ अवसंरचना वित्तपोषण बाजार का निर्माण होगा और इसके चारों ओर एक सहायक माहौल विकसित होगा। नैबफिड ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एनडीबी एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) द्वारा 'उभरते बाजारों और विकासशील देशों' (ईएमडीसी) में बुनियादी ढांचे और सतत विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के उद्देश्य से की गई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि इस सहयोग से बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण में अंतर को पाटने तथा तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान सहित दीर्घकालिक सहयोग के अवसरों का पता लगाने में मदद मिलेगी। बयान के अनुसार, नैबफिड का लक्ष्य एनडीबी के साथ नवीकरणीय ऊर्ज़ा पहल, टिकाऊ जल और सीवेज प्रबंधन जैसी स्वच्छ ऊर्ज़ा और परिवहन परियोजनाओं पर काम करना है। इसमें कहा गया है कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संगठनों के लिए अपने-अपने कार्य क्षेत्र के तहत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में भाग लेने की सहूलियत देता है। बयान में कहा गया है कि नैबफिड और एनडीबी ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाओं सहित अनुसंधान और क्षमता निर्माण पहल में साझेदारी करेंगे।

## टी कोशी ने कार्यकाल पूरा होने के बाद ओएनडीसी के सीईओ का पद छोड़ा

नयी दिल्ली। सरकार समर्थित ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी कोशी ने कंपनी में अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद पद छोड़ दिया है। ओएनडीसी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक पहल है जिसका उद्देश्य छोटे खुदरा विक्रेताओं को अपना कारोबार बढ़ाने और ई-कॉमर्स दिग्गजों के प्रभुत्व को कम करने में मदद करना है। इसका उद्देश्य एक खुला, अंतर-संचालनीय नेटवर्क बनाना है, जिस पर क्रेता और विक्रेता एक ही मंच पर उपस्थित हुए बिना लेनदेन कर सकें। ओएनडीसी ने बयान में कहा, कोशी ने पद छोड़ने की इच्छा जताई है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय रोजगार बाजार जुझारू: माइकल पेज इंडिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रोजगार बाजार ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद गहन प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता, लागत दक्षता और तेजी से कौशल उन्नयन कार्यबल में अपनी ताकत के दम पर कई उद्योगों में मजबूत भर्ती के साथ जुझारूपन दिखाया है। एक भर्ती फर्म के शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। वैश्विक नियुक्ति कंपनी माइकल पेज इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक निलय खंडेलवाल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि कुछ क्षेत्रों में आर्थिक सुस्ती के कारण सजग भर्तियां हुई हैं, लेकिन भारत में खासकर प्रौद्योगिकी और डिजिटल रूपांतरण के क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की मांग बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र के प्रभुत्व, प्रतिस्पर्धी वेतन संरचनाओं, सरकार-समर्थित कौशल सुधार पहल और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के विस्तार के जरिये खुद को सक्रियता से एक प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित किया है। खंडेलवाल ने कहा कि जीसीसी अब कृत्रिम मेधा (एआई), स्वचालन और शोध एवं विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे भारत नवाचार के लिए एक रणनीतिक केंद्र बन गया है। इसके अलावा, स्किल इंडिया और एआई-संचालित कार्यबल विकास जैसे कार्यक्रम पेशेवरों की रोजगार क्षमता को बढ़ा रहे हैं। भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) में सालाना 25 लाख से अधिक स्नातक तैयार करता है, जिससे कंपनियों को कुशल पेशेवरों की टिकाऊ आपूर्ति मिलती है। भारत पश्चिमी बाजारों की तुलना में लागत के लिहाज से लाभपरक स्थिति में होने की वजह से वैश्विक कंपनियों के लिए पसंदीदा गंतव्य बन जाता है। खंडेलवाल ने कहा, ''प्रतिस्पर्धी वेतन संरचना, कम भर्ती लागत और एक मजबूत प्रतिभा भंडार भारत को एक प्रमुख वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थान दिलाने में योगदान करते हैं।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी की घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज महंगा होकर 90,450 रुपये से लेकर 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,910 रुपये से लेकर 83,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 83,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 83,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 83,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मजबूती दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पण कर भारत लाया जाना मोदी सरकार की रणनीतिक उपलब्धि : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 26/11 के आतंकी तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पण कर भारत लाया जाना मोदी सरकार की बड़ी रणनीतिक एवं ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया है और कहा है कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान वोटबैंक तुष्टिकरण के लिए आतंकियों पर कार्रवाई नहीं की जिसकी सजा आतंकवाद झेलने वाले निर्दोष लोगों को झेलनी पड़ी।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आज यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और 26/11 के आतंकी तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पण कर भारत लाया जाना मोदी सरकार की बड़ी रणनीतिक एवं ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। श्री पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संप्रग के शासन के दौरान वोटबैंक तुष्टीकरण के लिए आतंकियों पर कार्रवाई नहीं करती थी जिसकी सजा आतंकवाद झेलने वाले निर्दोष लोगों को मिलती थी।

श्री पूनावाला ने कहा कि पूरे भारतवर्ष का जैन समुदाय भगवान महावीर के जन्मकल्याणक, जिसे हम महावीर जयंती कहते हैं, मना रहा है। भगवान महावीर ने हमेशा अहिंसा, सत्य, शांति और न्याय का संदेश दिया और इन्हीं सिद्धांतों को अपनाने का मार्ग दिखाया। आज उन्हीं सिद्धांतों पर चलते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में काम कर रही सुरक्षा एजेंसियों, आतंकवाद विरोधी एजेंसियों, अभियोजन और खुफिया एजेंसियों को एक बड़ी सफलता मिली है। मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता और 160 से अधिक निर्दोष लोगों की हत्या का दोषी, 26/11 का आतंकी तहव्वुर राणा, जिसे सात समंदर पार से भारत लाकर न्याय के कटघरे में खड़ा किया जा रहा है, यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण केवल एक सामान्य कानूनी प्रक्रिया नहीं है, यह उस नए भारत के संकल्प का प्रतीक है, जिसे 2019 में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्पष्ट किया था कि अगर कोई भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा या किसी भी निर्दोष नागरिक पर हमला करेगा, तो भारत उसे पाताल से भी खोजकर न्याय के दरवाजे तक लाएगा। यह नए भारत की सोच और उसके साहस का प्रतीक है जो अब आतंकी हमलों के सामने चुप और मूकदर्शक नहीं रहेगा, बल्कि आतंकियों को घर में घुसकर जवाब देगा। यह नए भारत का वह स्वरूप है जो पाकिस्तान प्रायोजित इस्लामिक आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और वोट बैंक की राजनीति को राष्ट्रनीति के ऊपर हावी नहीं होने देता। यह संकल्प है कि देशहित का और राष्ट्रहित ही सर्वोपरि रहेगा। यह वही नया भारत है, जिसकी ध्वनि 26/11 की हर बरसी पर गूंजती है कि ''इंडिया विल नेवर फॉरगिव, इंडिया विल नेवर फॉरगेट''। भारत आतंकियों को न भूलेगा, न माफ करेगा। चाहे वह पाताल में ही क्यों न हो, भारत आतंकियों की गर्दन पकड़ कर उन्हें न्याय के मार्ग पर लाने की ताकत रखता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह सिर्फ 138 भारतीय पीड़ितों के लिए ही नहीं, बल्कि 26/11 हमले में मारे गए अमेरिका, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, इटली, मलेशिया सहित 17 से 18 देशों के नागरिकों के लिए भी न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज श्री तुकाराम ओंबले से लेकर मेजर संदीप उन्नीकृष्णन, हवलदार श्री गजेंद्र सिंह से लेकर मुंबई पुलिस के वीर अधिकारी विजय सालस्कर तक, हर शहीद सुरक्षाकर्मी, हर एनएसजी कमांडो के प्रति यह भारत की भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। यह एक स्पष्ट संदेश भी है कि भारत अपने सुरक्षा कर्मियों की शहादत और बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। श्री पूनावाला ने कहा कि आज जब तहव्वुर राणा को भारत लाया जा रहा है और यह दृश्य पूरी दुनिया देख रही है। यह संदेश हर उस आतंकी, साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड के लिए है कि चाहे आप दुनिया के किसी कोने में, किसी गुप्त स्थान में क्यों न छिपे हो, मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत आपको ढूंढ निकालेगा और आपके छिपने की जगह से बाहर निकालकर न्याय के कटघरे तक लाने का कार्य करेगा। पिछले 10 वर्षों में आतंक और आतंकवाद के प्रति हमारे दृष्टिकोण में एक बड़ा बदलाव आया है। आज का यह प्रत्यर्पण उसी बदले हुए सोच का एक प्रतीक है। आपको याद होगा कि 2004 से 2014 के बीच शायद ही कोई महीना ऐसा जाता था जब भारत के किसी बड़े शहर में आतंकी हमला नहीं होता था। 2005 में दिल्ली, 2006 में वाराणसी, 2007 में लखनऊ, और 2008 में जयपुर, बेंगलुरु, अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, अगरतला, रामपुर में हमले हुए। 2010 में असम और पुणे, 2011 में दिल्ली, और 2013 में हैदराबाद, बेंगलुरु, बोधगया सहित कई जगहों पर बड़े हमले हुए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ऐसा लगता था जैसे इन बड़े हमलों का होना आम बात बन गया था और जब भी कोई आतंकी हमला होता था, भारत की सरकारें केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मूकदर्शक बनी रहकर अपनी दलीलें और रिपोर्टें रखती थीं। लेकिन उन आतंकी ताकतों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती थी। उस समय के नेता अक्सर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गिड़गिड़ाते नजर आते थे। परिणामस्वरूप आतंकवाद के विरुद्ध भारत को कोई ठोस सफलता नहीं मिल पाती थी। लेकिन आज, जब हर साल 700 से अधिक नागरिक आतंकी हमलों में मारे जाते थे, अब ऐसे बड़े हमले लगभग बंद हो चुके हैं। पहले वोट बैंक की राजनीति के चलते आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाया जाता था और यह सोचा जाता था कि अगर कड़ी कार्रवाई की गई तो कहीं वोट प्रभावित न हो जाएं। श्री पूनावाला ने कहा कि उस दौर में आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों को 'मोस्ट फ़ेवर्ड नेशन' का दर्जा दिया जाता था लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। अब अगर उरी या पुलवामा जैसे हमले होते भी हैं, तो उन्हें 'मोस्ट फ़ेवर्ड नेशन' नहीं, बल्कि 'मुंहतोड़ जवाब' यानि एमटीजे का दर्जा दिया जाता है। अब भारत एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवाद के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम करता है। 2004 से 2014 के बीच पाकिस्तान को बेनकाब करने की बजाय कई बार आतंकी हमलों का दोष भारत पर ही मढ़ने की कोशिश की गई। चाहे वह समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट हो या मुंबई हमला, यहां तक कहा गया कि ये हमले आरएसएस की साजिश हैं। जबकि कसाब को श्री तुकाराम ओंबले की शहादत के कारण जीवित पकड़ा गया और साफ साबित हुआ कि इन हमलों के पीछे पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ था। लेकिन उस समय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मुख्य उद्देश्य यही होता था कि भारत को ही दोषी ठहराया जाए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के इस्लामी आतंक पर लीपापोती की गई और उसे क्लीन चिट देने का प्रयास किया गया।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने का झूठा श्रेय ले रही है मोदी सरकार : चिदंबरम

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने कहा है कि मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, लेकिन सच यह है कि उसे भारत लाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की मेहनत आज रंग लाई है। श्री चिदंबरम ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक राणा को आज भारत लाया गया, लेकिन पूरी कहानी यह है कि मोदी सरकार इस घटनाक्रम का श्रेय लेने के लिए होड़ में लगी है। जबकि सच्चाई उनके दावों से कोसों दूर है। उन्होंने कहा, यह प्रत्यर्पण डेढ़ दशक की कठिन, परिश्रमी और रणनीतिक कूटनीति का परिणाम है, जिसकी शुरुआत, अगुवाई और निरंतरता संप्रग सरकार ने अमेरिका के साथ समन्वय द्वारा सुनिश्चित की थी। श्री चिदंबरम ने कहा कि सच्चाई यह है कि मोदी सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है, इस प्रक्रिया की शुरुआत हमने की थी। इसका यह भी तात्पर्य हुआ कांग्रेस की सरकार की गंभीर प्रयास और ईमानदार कोशिश से सबसे खतरनाक अपराधी को भी कानून की कटघरे में खड़ा किया जा सका है। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 फरवरी को प्रेस कांफ्रेंस करके इस मामले का पूरा श्रेय लेने का प्रयास किया, लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है यह काम संप्रग सरकार की परिश्रम की परिणाम स्वरुप ही सफल हो सका है।

# युवाओं, उद्योगपतियों और उद्योगों की मदद के लिए तंत्र बनाये गुजरात चैम्बर: शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यदि गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को प्रासंगिक रहना है तो उद्योगों, औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखने वाले साहसी युवाओं और उद्योगपतियों - तीनों की मदद के लिए एक स्थायी तंत्र बनाना चाहिए।

श्री शाह ने गुरूवार को यहां चैम्बर के वार्षिक व्यापार कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री शाह ने कहा कि चैम्बर ने गुजरात के विकास में बेहद अहम योगदान दिया है। चैम्बर ने युवाओं में उद्यम, साहस और दुनिया के किसी भी कोने में जाकर व्यापार करने का उत्साह भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लगातार 75 वर्ष तक चैम्बर ने परंपरा को संभाला, सरकार के साथ संवाद बनाए रखा, जनता के हित की चिंता की और प्राकृतिक आपदाओं के समय जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि चैम्बर को 75 वर्ष से 100 वर्ष का रोडमैप तैयार करना चाहिए और गुजरात के विकास के साथ जोड़कर उसे आगे भी बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात के युवाओं की औद्योगिक साहसिकता को प्रोत्साहित करने के लिए चैम्बर को योजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सबसे बड़ी पूंजी है और अगर देखें तो किसी भी उद्योग ने सालों पहले एक लघु उद्योग के रूप में ही शुरूआत की होगी। उन्होंने कहा कि गुजरात के लघु उद्योगों ने देश के औद्योगिक विकास में अच्छा योगदान दिया है। चैम्बर को लघु उद्योगों की परंपरा को स्टार्टअप के साथ जोड़कर और उसे आधुनिक बनाकर युवाओं के लिए एक संपूर्ण तंत्र उपलब्ध कराना चाहिए। साथ ही उसे सरकार, लघु उद्योग और साहसिक युवा के बीच सेतु का काम भी करना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि आने वाले समय में अगर चैम्बर को प्रासंगिक रहना है।

# माओवादियों ने राज्य सरकार के सामने शांति वार्ता का रखा प्रस्ताव

बस्तर। छत्तीसगढ़ में माओवादियों ने एक बार फिर राज्य सरकार के सामने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी :भाकपा: (माओवादी) की उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया, ल्ल हम वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए पहले अनुकूल माहौल बनाना जरूरी है।ङ्क उन्होंने कहा कि शांति वार्ता के लिए सुरक्षा बलों की कार्रवाई रुकनी चाहिए। वार्ता एकपक्षीय न होकर, दोतरफा होनी चाहिए। प्रेस नोट के मुताबिक, हाल में ही उनकी केंद्रीय कमेटी ने भी सरकार के सामने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि वे शांति वार्ता के लिए स्थानीय नेताओं से मिलना चाहते हैं। उनकी राय लेना चाहते हैं। भाकपा (माओवादी) ने कहा, पुलिस जवानों को हम दुश्मन नहीं मानते हैं। उन्हें हम जनता का रक्षक मानते हैं। उन्होंने पीएलजीए नक्सलियों से भी अपील की है कि पुलिस बलों पर हमला न करें और जनसमर्थन से बातचीत का रास्ता निकालें।

# भविष्य के युद्धों के लिए एकजुट होकर तैयार रहें सशस्त्र बल: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि निरंतर बदलती परिस्थितियों और साइबर, अंतरिक्ष तथा सूचना युद्ध के पारंपरिक अभियानों का रूप लेने की संभावना के मद्देजनर सशस्त्र बलों को एकजुट होकर काम करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह में भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति को तीन प्रमुख मापदंडों राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में फैलती तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी द्वारा फिर से परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से रणनीतिक-सैन्य परिवर्तन बदलाव में आगे रहने के लिए इन प्रवृत्तियों की बारीकियों का गहराई से अध्ययन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम और तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध के लिए तैयार बल में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती हुई तकनीकें महत्वपूर्ण तरीकों से प्रतिरोध और युद्ध के क्षेत्र में क्रांति ला रही हैं। तकनीकी नवाचार की शक्ति विस्मयकारी है। उन्होंने कहा , ल्ल यूक्रेन-रूस संघर्ष में, ड्रोन वस्तुतः एक नए हथियार के रूप में उभरे हैं, भले ही वे एक परिवर्तनकारी विज्ञान न हों। सैनिकों और उपकरणों के अधिकांश नुकसान के लिए न तो पारंपरिक तोपखाने और न ही कवच को जिम्मेदार ठहराया गया है, बल्कि ड्रोन को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसी तरह, लो अर्थ ऑर्बिट में अंतरिक्ष क्षमताएं सैन्य खुफिया, निरंतर निगरानी, स्थिति, लक्ष्यीकरण और संचार को बदल रही हैं, जिससे युद्ध एक नए स्तर पर पहुंच रहा है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि दुनिया 'ग्रे जोन' और 'हाइब्रिड युद्ध' के युग में है, जहां साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे उपकरण बन गए हैं जो एक भी गोली चलाए बिना राजनीतिक-सैन्य लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी सीमाओं पर लगातार खतरों का सामना कर रहा है, जो इसके पड़ोस से उत्पन्न छद्म युद्ध और आतंकवाद की चुनौती से और भी जटिल हो गए हैं। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों के अलावा पश्चिम एशिया में संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव के समग्र सुरक्षा गणित पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी बात की। उन्होंने भविष्य के युद्धों के लिए सक्षम और प्रासंगिक बने रहने के लिए सशस्त्र बलों में बदलाव को जोरदार तरीके से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का विजन दो आधारभूत स्तंभों - सुरक्षित भारत और सशक्त भारत पर मजबूती से टिका हुआ है। श्री सिंह ने आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशस्त्र बलों के विकास और आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा, संघर्षों के सबक हमें सिखाते हैं कि लचीला, स्वदेशी और भविष्य के लिए तैयार रक्षा प्रौद्योगिकी और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकल्प नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता है। कम लागत वाले उच्च तकनीकी समाधान विकसित करने और सशस्त्र बलों की युद्ध क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है। हमारे बलों को न केवल तकनीकी परिवर्तनों के साथ तालमेल रखना चाहिए, बल्कि इसका नेतृत्व भी करना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी घटकों के बीच बेहतर तालमेल की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक, सूचनात्मक, सैन्य, आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम में कार्रवाई करते समय 'संपूर्ण राष्ट्र' दृष्टिकोण को बढ़ावा देना इस प्रयास में सफलता सुनिश्चित करने की कुंजी है। ग्लोबल साउथ के लिए प्रधानमंत्री के 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रों के लिए बेहतर भविष्य और समृद्धि प्राप्त करना हमेशा एक सामूहिक प्रयास रहेगा।

# पेज एक का शेष

## मुंबई हमले का...

सक्रिय सहायता से पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर काम किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मामले को सफल निष्कर्ष तक ले जाने के लिए अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया। राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और नामित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (एचयूजेआई) के गुर्गों के साथ-साथ पाकिस्तान स्थित अन्य सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमलों की साजिश रचने का आरोप है। इन हमलों में कुल 166 लोग मारे गए और 238 से अधिक घायल हुए। भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत लश्कर ए तैयबा और एचयूजेआई दोनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है।

## राणा को भारत...

(पाकिस्तान में आतंकवादियों को) साझा की। लेकिन एक सह-षड्यंत्रकारी के रूप में, राणा को निश्चित रूप से भारत में दोषी ठहराया जाएगा और संभवतः उसे मृत्युदंड या 10 साल या उससे अधिक की सजा मिलेगी। इन आतंकवादी हमलों में पाकिस्तान की भूमिका के बारे में उन्होंने कहा कि एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) की जांच के दौरान इस संबंध की पुष्टि हो चुकी है और ''हमारे पास पाकिस्तान में मौजूद अन्य आरोपियों की जानकारी भी हैं जिनके खिलाफ वारंट जारी किए गए हैं लेकिन पाकिस्तान ने उन पर अमल नहीं किया है। पूर्व गृह सचिव ने कहा, ''इसलिए, पाकिस्तान के कुछ सहयोग से शुरू में यह संबंध बहुत स्पष्ट रूप से स्थापित हो गया था। लेकिन इसके बाद पाकिस्तान पूरी जांच में बाधा डालता रहा। उसने न तो उन पर (आरोपियों पर) पाकिस्तान में मुकदमा चलाया और न ही उन्हें भारत में मुकदमे चलाने के लिए हमें सौंपा। एक अन्य पूर्व गृह सचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने कहा कि राणा का प्रत्यर्पण देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यर्पण अन्य आतंकवादियों के लिए एक संदेश है कि ''यदि आप कहीं जाते हैं और किसी देश पर हमला करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप किसी अन्य देश में रह सकते हैं''। सिंह ने कहा, ''आपको उस देश में न्याय का सामना करना पड़ेगा जहां आपने आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया। यह महत्वपूर्ण है कि आतंकवादियों तक ऐसा संदेश जाए। उन्होंने कहा कि राणा की गवाही से उन विवरणों को हासिल करने में मदद मिलेगी जो भारतीय अधिकारियों को ज्ञात नहीं हैं। सिंह ने कहा, ''हमें और अधिक जानकारी मिल सकती है, जिससे हम और अधिक लोगों को पकड़ सकेंगे या उन लोगों की पहचान कर सकेंगे जो पाकिस्तान में हैं। इस हमले की पूरी साजिश पाकिस्तान में, पाकिस्तान के 'डीप स्टेट' द्वारा बनाई गई थी। 'डीप स्टेट' का मतलब है सेना, आईएसआई (पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी) आदि। इन सभी ने इसकी साजिश रची, लोगों को प्रशिक्षित किया और उन्हें हथियार दिए। सिंह, जो अब भाजपा नेता हैं, ने कहा, ''जब हमला हो रहा था, तब उन्होंने वहीं से निर्देश दिए। वहां से मिनट-दर-मिनट निर्देश आते थे कि क्या किया जाना चाहिए। हम जानते हैं कि यह सब कौन कर रहे थे? वे लश्कर-ए-तैयबा के लोग थे। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिल्स के 'मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर' में रखा गया था। उसे 26/11 हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी हेडली से जुड़ा माना जाता है। सिंह ने कहा कि देश को एक अन्य मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है कि राणा और हेडली को हर बार भारत आने के लिए वीजा कैसे दिया गया। सिंह ने कहा, ''एक अन्य मुद्दा जिस पर हमें ध्यान केंद्रित करना है, वह यह है कि तहव्वुर राणा कई बार भारत आया। हेडली कई बार भारत आया। उसे हर बार वीजा कैसे मिला? हमें इसकी जांच करनी होगी।'' केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना में कहा कि जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, देश के गद्दारों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राय ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत से आतंकवाद का लगभग सफाया हो गया है। पिछले 14 वर्षों में देशद्रोहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। किसी को भी बख्शा नहीं गया है।

## प्रधानमंत्री आज को वाराणसी...

केवी सबस्टेशन भी बनाया जाएगा, जिसका लक्ष्य 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री तीन नए फ्लाईओवर के साथ-साथ विभिन्न सड़क चौड़ीकरण पहल और स्कूल नवीनीकरण कार्य और शिवपुर और 'यूपी कॉलेज' में दो स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। मोदी रोहनिया के मेहंदीगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि गर्मी और यातायात को देखते हुए ग्रामीण आबादी की पहुंच आसान बनाने के लिए मोदी का कार्यक्रम शहर की सीमा से बाहर रिंग रोड पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह होगा, जिससे उपस्थित लोग दोपहर से पहले घर लौट सकेंगे। कैंट कैंप कार्यालय में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और एडीजी (सुरक्षा) रघुवीर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में छह एसपी, आठ एडिशनल एसपी, 33 सीओ और पुलिस, पीएसी और अर्धसैनिक बलों के करीब 4,000 जवान तैनात रहेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश पूरी तरह से जांच और तलाशी के बाद ही होगा। कार्यक्रम स्थल के पास अस्थायी 'पार्किंग जोन' बनाए जाएंगे। वीआईपी मार्ग और आसपास के इलाकों में छतों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को उपस्थित लोगों के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया है। भाजपा की नगर इकाई के अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब ढाई घंटे वाराणसी में रहेंगे। उन्होंने कहा, ''पार्टी कार्यकर्ता कई जगहों पर शंख, ढोल बजाकर और फूल बरसाकर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे।

## यूपी में आकाशीय...

में गौरामंगुआ ग्राम क्षेत्र में तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से घनश्याम की मौत हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल ही सूचना प्रशासन को दिया और शेष बचाव कार्य कराया गया। इसी तरह फतेहपुर जिले में खागा के देवकली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों अरविन्द और कुलदीप की मौत हो गई, जबकि बच्ची वंदना, सरवन, श्याम, बबलू और सुशील यादव झुलस गये। झुलसे हुए लोगों को तत्काल ही पुलिस प्रशासन ने हथगांव सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर एसडीएम अवनीश कुमार मौके पर पहुंचें। संतकबीर नगर जिले में बखिरा के ममौली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से आरती नामक युवती की मौत हो गयी। आजमगढ़ जिले के अहरौला के रेडहा गांव में गुड़िया नाम युवती पर आकाशीय बिजली गिरी और उसे अस्पताल ले जाते हुए उसकी मौत हो गयी।

## पैक्ड फूड पर...

सब्सटेंसेस नहीं मिलाए गए हैं और यह मिनिमल प्रोसेसिंग से गुजरता है। एनआईएन ने कहा, 'नेचुरल' शब्द का अक्सर इस्तेमाल किया जाता है, भले ही पैक्ड फूड में केवल एक या दो नेचुरल चीजें शामिल हों। ऐसे में ये ये भ्रामक हो सकता है इसलिए लोगों को सामग्री और अन्य जानकारी को ध्यान से पढ़ना जरूरी है। बेहतर सेहत के लिए पैक्ड फूड के लेबल पर किए गए दावों की अच्छे से जांच करें।

## कुकर्म की खबर न...

एसटीएफ की सात और क्राइम ब्रांच की तीन टीमें नोएडा सहित कई जिलों में लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों फरार शूटरों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इस हत्याकांड की पूरी कहानी सामने लाई जाएगी।

## ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट ...

जाने पर सवाल खड़ा करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 11 अप्रैल को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम विशेषता वाराणसी नगर में बिजली व्यवस्था के सुधार के लिये 500 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाने वाला है । यह सब धनराशि सरकारी क्षेत्र में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में खर्च की जायेगी। संघर्ष समिति ने कहा कि आरडीएसएस स्कीम लागू होने के बाद लगातार बिजली व्यवस्था में सुधार हो रहा है और हानियां कम हो रही है। अब 500 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं सरकारी क्षेत्र में विद्युत वितरण निगम के लिए स्वीकृत की जा रही है। इस धनराशि से बिजली व्यवस्था में और सुधार होगा। ऐसी स्थिति में व्यापक सुधार के बाद बिजली व्यवस्था निजी क्षेत्र को देने का क्या औचित्य है । ऊर्जा निगमों हेतु निदेशकों की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर निजी घरानों से लाकर निदेशक नियुक्त किए जाने पर भी सवाल खड़ा करते हुए संघर्ष समिति ने कहा कि इससे और स्पष्ट हो जाता है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन और उत्तर प्रदेश शासन में बैठे हुए उच्च अधिकारी निजी घरानों से मिले हुए हैं और निजी कंपनियों को मदद करने के लिए ही निजी घरानों से निदेशक नियुक्त किए गए हैं।

## यूपी सौर ऊर्जा...

सोलर प्रोडक्शन में 22 हजार मेगावाट से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत सोलर पार्कों का विकास, कृषि फीडरों और निजी ऑन ग्रिड पंपों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देना, एक्सप्रेसवे और रेलवे ट्रैक के किनारे सौर संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देना सहित सौर ऊर्जा उपकरणों के निर्माण उद्योग को बढ़ावा देना है। साथ ही सौर परियोजनाओं के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। पीएम सूर्य घर योजना को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में योजना के तहत 10 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष एक लाख से ज्यादा इंस्टॉलेशन पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने यूपीनेडा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन लोगों ने भी योजना में आवेदन किया है, सभी को अभियान चलाकर शीघ्र से शीघ्र सोलर एनर्जी से जोड़ा जाए। अभी हर महीने 11 हजार से अधिक इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं, जिसे 2025-26 में बढ़ाकर औसतन 22 हजार से अधिक किया जाए। जनपदवार, डिस्कॉमवार, नगर निगम, नगर पालिका को लक्ष्य आवंटित किया जाए। इसके प्रभावी अनुश्रवण एवं समीक्षा के लिए सीएम डैशबोर्ड के साथ इंटीग्रेटेड किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पोर्टल पर मार्च 2025 तक प्राप्त 10.73 लाख आवेदनों पर कॉलिंग कर वेंडर्स को सूची उपलब्ध कराते हुए सोलर रूफटॉप की स्थापना की जाए। आवश्यकता के अनुरूप वेंडर्स की संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होंने बताया कि हमारा फोकस ट्रेनिंग पर भी है, ताकि अधिक से अधिक सूर्य मित्रों को इंस्टॉलेशन के लिए तैयार किया जा सके। इसके लिए पॉलीटेक्निक के माध्यम से भी ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जा रही है। पीएम कुसुम योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी निजी पंप सोलराइजेशन में देश में प्रथम है। निजी नलकूपों के सोलराइजेशन के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाए। जल्द से जल्द सभी को सोलर पैनल से आच्छादित किया जाए। अच्छे वेंडर्स को इसमें शामिल किया जाए। किसानों को भी पानी की बचत के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से वनटांगिया गांवों को निःशुल्क सोलर पैनल की व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चित्रकूट, चंदौली के ट्राइबल्स को भी सोलर व्यवस्था से आच्छादित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में सोलर पार्क विकसित किए जाएं। इसके लिए नगर निगम भूमि उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही नगरों की स्ट्रीट लाइट्स को भी सोलर पार्क से जोड़ा जाए। रबी विपणन वर्ष 2025-26 की गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यूपी गेहूं क्रय के लक्ष्य को तय समय में पूरा कर लेगा। 9 अप्रैल तक 26,641 किसानों से 1.40 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अभी तक गेहूं क्रय कार्य की प्रगति विगत वर्षों की तुलना में बहुत अच्छी है। इस वर्ष कृषकों के मध्य तक पहुंच बनाने के लिए रणनीति के तहत कटाई के पूर्व जनपद एवं मंडलीय स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों को गांवों में संपर्क के लिए भेजा गया, जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा। गांव में जाकर कृषकों से संपर्क कर भारत सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से अवगत कराते हुए क्रय केंद्रों पर गेहूं लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहं खरीद की अनुमति प्राप्त होने के फलस्वरूप कृषकों से संपर्क कर के उनके गांव-दरवाजे पर जाकर भी गेहूं क्रय कराया जा रहा है। हमारी टीम फील्ड में उतर कर सभी 826 विकास खंडों में किसानों से बातचीत कर रही है। हर मंडी में किसानों के लिए बैठने और खाने-पीने की उत्तम व्यवस्था की गई है। हमारा पूरा फोकस किसानों को कम से कम समय में धनराशि प्रदान करने पर है। इसके लिए सभी क्रय केंद्रों को छुट्टी के दिन भी खोला जा रहा है और समय सीमा भी बढ़ाई गई है, ताकि किसानों को असुविधा न हो। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यूपी गेहूं के प्रोक्योरमेंट, पीएम सूर्य घर समेत इन सभी संबंधित योजनाओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। रिन्यूएबल और ओवरआल एनर्जी में प्रदेश सरकार का कार्य उत्कृष्ट रहा है। अयोध्या और वाराणसी में सोलर को लेकर जो कार्य हुआ है वो दूसरे राज्यों के लिए आदर्श है। इसको अभियान चलाकर और बेहतर किया जाए, ताकि पूरे देश के लिए हम इसे मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा मांग के अनुरूप उत्तर प्रदेश की तैयारी सही दिशा में है।

## खुले में न रहे गेहूं, गोदाम...

सत्यापन 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकते हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रय केंद्रों पर बैठने, शुद्ध पेयजल आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान भी कराया जा रहा है। योगी सरकार के 8 वर्ष में किसानों को सीधे एमएसपी का लाभ दिया गया, जबकि सपा शासन में बिचौलियों का राज स्थापित रहा। योगी शासन के 8 वर्ष में लगभग 50 लाख किसानों को गेहूं बिक्री के लिए 43424.44 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि सपा शासन के पांच वर्ष में महज 19,02,098 किसानों को 12808.67 करोड़ रुपये ही भुगतान किया गया।

# आधुनिक शिक्षा देने के साथ राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करता है विद्या भारती : धामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**■ नवनिर्मित भवन व स्मार्ट क्लासेज का सीएम धामी ने किया लोकार्पण**




हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, हरिद्वार में नवनिर्मित भवन व स्मार्ट रूम का लोकापर्ण किया तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा प्रान्त प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नये भवन व स्मार्ट रूम के लोकापर्ण होने पर सभी छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात हमारा देश जब अपने पैरों पर खड़ा होने का प्रयास कर रहा था उस समय हमारे देश में शिक्षा संस्थानों, विद्यालयों की बहुत कमी थी। उस कालखंड में राष्ट्र निर्माण की भावना को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महत्वपूर्ण आनुषंगिक संगठन के रूप में विद्या भारती अखिल शिक्षा संस्थान ने सरस्वती शिशु मंदिर के रूप में जो पौधा रोपित किया था, वह आज विशाल वट वृक्ष बनकर खड़ा हो गया है और देश के कोने-कोने में हमारे नौनिहालों को शिक्षित और संस्कारवान बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि विद्या भारती द्वारा सम्पूर्ण भारत में 12 हजार से अधिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें लगभग 35 लाख से अधिक छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इतना ही नहीं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी विद्या भारती द्वारा 50 से भी अधिक महाविद्यालय के साथ-साथ एक विश्व विद्यालय का संचालन भी किया जा रहा है। इन विद्यालयों एवं महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा देने के साथ ही उनमें राष्ट्रसेवा, नैतिकता, संस्कृति संरक्षण, प्राकृतिक संरक्षण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों की गलत धारणा होती है कि विद्या भारती के विद्यालय आधुनिक नहीं होते, परंतु आज इस विद्यालय में 04 स्मार्ट क्लासेज का लोकापर्ण होना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि विद्या भारती के स्कूल किसी भी आधुनिक स्कूल से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन और सहयोग हमारी सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने त्वरित निर्णय लेते हुए प्रदेश में सर्वप्रथम नई शिक्षा नीति लागू करने का कार्य किया है। विद्यार्थियों को विज्ञान के नियमों और अवधारणाओं को समझाने के लिए राज्य के अंदर नया प्रयोग किया है। सरलता से समझने के लिए हमने राज्य में लैब ऑन व्हील्स अर्थात मोबाइल साइंस लैब की शुरुआत भी की है। उन्होंने बताया कि इतना ही नहीं हमारी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की किसी भी प्रतियोगिता में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की ऐतिहासिक शुरुआत भी की है। इस अवसर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़िए आगे बढ़िए और अपने माता-पिता के साथ ही इस स्कूल का नाम भी रोशन करें। समय का सदुपयोग करें बीता समय वापस नहीं आता। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, प्रांत प्रचारक उत्तराखंड डॉ. शैलेन्द्र, प्रधानाचार्य लोकेंद्र अथवाल, प्रबंधक अजय शर्मा आदि ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान अध्यक्ष शिवशंकर जायसवाल, शेर सिंह रावत, कोषाध्यक्ष रोहित भाटिया, महापौर किरण जैसल, विधायक प्रदीप बत्रा, राज्यमंत्री देशराराज कर्णवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, जिला महामंत्री आशु चौधरी, विक्रम भुल्लर, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल, एचआरडीए उपाध्याय अंशुल सिंह, मुख्य नगर आयुक्त नंदन सिंह, उपाध्यक्ष उत्तराखंड पारिस्थितिकीय पर्यटन सलाहकार परिषद ओम प्रकाश जमदग्नि, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, सीएमओ आरके सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार सिंह, एसडीएम जितेंद्र कुमार, एसपी जितेंद्र मेहरा, पंकज गैरोला, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, तहसीलदार प्रियंका रानी सहित स्कूल के छात्र छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर सक्रिय हुआ पेयजल विभाग, सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष स्थापित

देहरादून। उत्तराखंड में ग्रीष्म की शुरूआत में ही पेयजल संकट गहराने लगा है। प्रदेशभर से लगातार पेयजल किल्लत की शिकायतें दर्ज होने के बाद सरकार पेयजल समस्या के समाधान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव शैलेश बगोली ने राज्य के सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिए हैं। इन नियंत्रण कक्षों में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा की जा रही है और समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई हो रही है। राज्य स्तरीय शिकायत निवारण के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-4100 व 1916 पूर्व से ही क्रियाशील हैं, जिनके माध्यम से उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था के प्रभावी अनुश्रवण व स्थानीय स्तर पर शीघ्र समाधान के लिए राज्य के सभी 13 जनपदों में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

# शहीद उप-निरीक्षक चरणजीत सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देगी सरकार: मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। पंजाब के तरनतारन जिले के गोइंदवाल साहिब थाने के अंतर्गत गांव कोट मोहम्मद खान गांव में बुधवार देर रात को दो समूहों के बीच लड़ाई रोकने गई पुलिस पार्टी पर गोलीबारी में पुलिस उप निरीक्षक चरणजीत सिंह शहीद हो गये और एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को शहीद के परिवार को एक करोड़ रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा करते हुए कहा, ल्लतरनतारन जिले में अपना कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद उप निरीक्षक चरणजीत सिंह की बहादुरी को सलाम। उनकी असीम हिम्मत और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को सदैव याद रखा जाएगा। श्री मान ने कहा कि पंजाब सरकार एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करेगी तथा एचडीएफसी बैंक एक करोड़ रुपये की अतिरिक्त बीमा राशि का भुगतान करेगा। उन्होंने कहा, ल्लहम अपने शहीदों और उनके परिवारों के साथ पूरी दृढ़ता से खड़े हैं। उनका बलिदान हम सभी को सम्मान और साहस के साथ अपना कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देता है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा, हमारे शहीद उप निरीक्षक चरणजीत सिंह के लिए दो करोड़ रूपये की घोषणा करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान का धन्यवाद। तरनतारन में ड्यूटी के दौरान अपनी जान कुर्बान करने वाले बहादुर अधिकारी को सलाम। उनकी असीम हिम्मत और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को हमेशा याद रखा जाएगा। पंजाब पुलिस अपने शहीदों और उनके परिवारों की देखभाल करती है। पंजाब सरकार एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देगी। एचडीएफसी बैंक द्वारा पंजाब पुलिस कल्याण बीमा से एक करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। हम अपने शहीदों के साथ खड़े हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिमन्यु राणा ने बताया कि घटना उस समय हुई जब बुधवार को देर रात तरनतारन के खडूर साहिब विधानसभा क्षेत्र के गोइंदवाल साहिब थाने के कोट मोहम्मद खान गांव में दो समूहों के बीच लड़ाई रोकने गई पुलिस पार्टी पर गोलीबारी हुई। गोलीबारी में श्री सिंह की मौत हो गई और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गांव कोट मोहम्मद खान में पिछले कुछ दिनों से दो पक्षों में विवाद चल रहा था। पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद दोनों पक्षों को समय दिया गया। बुधवार देर रात जब दोनों पक्षों में फिर से झड़प हुई तो पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई। इस बीच, श्री सिंह पुलिस पार्टी के साथ गांव कोट मोहम्मद खान पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद को शांत करने की कोशिश करते समय कुछ लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। एसएसपी राणा ने बताया कि सरपंच कुलदीप सिंह सहित दोनों समूहों के 20 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनके कब्जे से तीन हथियार बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि घटना की गहराई तक जाने के लिए जांच की जा रही है। देर रात इस घटना की जानकारीमिलने पर डीआईजी फिरोजपुर रेंज के एसएसपी हरमन बीर सिंह गिल भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मौसम में बदलाव के बाद तापमान में आई गिरावट गर्मी से मिली राहत

अररिया। अररिया में मौसम ने करवट बदली और देर रात से ही 40 से 50 किलोमीटर स्पीड से चली हवा के बाद गुरुवार को सुबह से मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हुई बारिश ने गर्मी से लोगों को राहत दी।ठंडी हवा के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट आयी है और लोगों को गर्मी से सुकून मिला। पिछले एक पखवाड़े से तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर अंकुश लगा और अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में करीबन पांच डिग्री सेल्सियस की कमी आई। हालांकि भारतीय मौसम विभाग ने पहले ही 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक को लेकर सूबे के 24 जिलों के लिए मेघ गर्जन,ओलावृष्टि,वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी कर सावधानी बरतने का निर्देश दिया था।मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यह बदलाव आया।साथ ही, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से होकर उत्तर बिहार और बांग्लादेश तक फैली द्रोणिका के कारण वर्षा होने की संभावना जताई गई थी।

# यमुना को अविरल और निर्मल बनाने में जुटी दिल्ली सरकार

**■ एलजी, सीएम और पीडब्ल्यूडी मंत्री ने वजीराबाद में नाले की सफाई का निरीक्षण किया**

**■ यमुना की सफाई के लिए 22 नालों की गाद निकालने का काम लगातार जारी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गुरुवार को वजीराबाद में नाले की सफाई कार्य का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। यमुना को अविरल और निर्मल बनाने को लेकर दिल्ली सरकार यहां के सभी बड़े नालों की सफाई और निरीक्षण लगातार कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस बारे में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यमुना की सफाई के लिए 22 नालों की गाद निकालने का काम लगातार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सफाई कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि पिछली बार के निरीक्षण की तुलना में इस बार उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। कार्य की गति में तेजी आई है और सफाई अभियान को गति देने के लिए कई अत्याधुनिक मशीनें भी तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नालों की सफाई और मरम्मत सिर्फ बरसात के समय की तैयारी नहीं बल्कि दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। इसको लेकर दिल्ली सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी की सफाई के तहत दिल्ली के सभी प्रमुख नालों का हर 15 दिन में निरीक्षण किया जा रहा है। सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उन्नत मशीनों का उपयोग कर इन नालों की सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हंगामे की भेंट चढ़ी इस्लामपुर नगर परिषद बोर्ड की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नालंदा। नालंदा जिलान्तर्गत इस्लामपुर नगर परिषद की सामान्य बोर्ड की बैठक गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के आम बजट पर चर्चा के लिए परिषद सभागार में बुलाई गई थी । लेकिन यह बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद किरण देवी ने की जबकि कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला, उप मुख्य पार्षद तनवीर आलम और 24 वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक के प्रस्तावों की संपुष्टि का मुद्दा उठते ही वार्ड पार्षदों में असहमति फैल गई और हंगामा शुरू हो गया। इसी बीच कार्यपालक पदाधिकारी ने कुछ पार्षदों के प्रतिनिधियों को बैठक से बाहर जाने का निर्देश दे दिया, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। शोर-शराबे और अव्यवस्था के बीच कार्यपालक पदाधिकारी, मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद बैठक बीच में ही छोड़कर अपने कक्ष में चले गए, जिससे बैठक बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गई और बजट पारित नहीं हो सका। विपक्षी पार्षदों का आरोप है कि बजट पारदर्शिता के बिना पारित किया जा रहा है और उन्हें बैठक से पूर्व बजट की प्रतियां तक उपलब्ध नहीं कराई गईं। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी, मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद पर मनमानी, धांधली और पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए। विरोधी पार्षदों ने यहां तक आरोप लगाया कि प्रोसिडिंग रजिस्टर में अनुपस्थित पार्षदों के नाम से भी प्रस्ताव पारित किया जाता है।

## आईपीयू का 17वां दीक्षांत समारोह आज 24,456 छात्रों को मिलेगी डिग्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) का 17वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को द्वारका कैंपस में आयोजित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन कुमार के अनुसार यूजी से पीएचडी तक के कुल 24,456 छात्रों को इस अवसर पर डिग्री प्रदान की जाएगी। 110 छात्रों को पीएचडी, 12 को एमफ़िल, 2,624 को मास्टर्स, 20,739 को बैचलर्स, 483 को एमबीबीएस, 488 को एमडी, एमएस एवं आयुर्वेद वाचस्पति की डिग्री दी जाएगी। प्रो. कुमार ने बताया कि इनमें से 74 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलसचिव डॉ. बीपी जोशी की स्मृति में दिया जाने वाला एक स्वर्ण पदक भी इसमें शामिल है। सिद्धार्थ खिटोलिया अवार्ड के अलावा अशोक साहनी एवं सुमन साहनी अवार्ड क्रमशः टेक्नोलॉजी एवं मेडिसिन के फील्ड में उल्लेखनीय योगदान के लिए दो छात्रों को दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति एवं दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उच्च शिक्षा मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र एवं उच्च शिक्षा सचिव नंदिनी पालीवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. महेश वर्मा इस अवसर पर यूनिवर्सिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इंडियन नेशनल साइंस अकादमी के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत भाषण देंगे।

# बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने में लाभकारी है ‘चेन लिंक घेरबाड़ योजना’

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नैनीताल। उत्तराखंड सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से चलाई जा रही ‘चेन लिंक घेरबाड़ योजना’ नैनीताल जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने और खेती को लाभकारी बनाने में सफल हो रही है। इस योजना से न केवल फसलों को जंगली जानवरों और आवारा पशुओं से सुरक्षा मिली है, बल्कि इससे खेती योग्य भूमि का विस्तार भी हुआ है और ग्रामीणों में खेती के प्रति रुचि भी बढ़ी है। इस योजना के अंतर्गत भीमताल विकासखंड के ग्राम भद्यूनी में कृषि विभाग द्वारा 3.22 लाख रुपये की लागत से 5 हैक्टेयर भूमि क्षेत्र में घेरबाड़ का कार्य किया गया। जिससे 35 से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। पूर्व में यह क्षेत्र जंगली जानवरों की लगातार आवाजाही के कारण अनुपयोगी बनता जा रहा था। खेतों में बार-बार नुकसान होने से ग्रामीणों का खेती के प्रति उत्साह टूटता जा रहा था, लेकिन अब स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। गांव की निवासी आनंदी देवी ने बताया कि गांव की भूमि अत्यंत उपजाऊ है, किंतु पूर्व में जंगली सूअर, बंदर, भालू और अन्य जानवर फसलों को चौपट कर देते थे। जिससे अनेक किसानों ने खेती छोड़ दी थी। किंतु ग्रामीणों ने एकजुट होकर कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या को सामने रखा, जिसके बाद विभाग द्वारा सर्वेक्षण कर योजना के तहत तारबाड़ स्थापित कर दी गई। अब खेतों में फसलें सुरक्षित हैं और ग्रामीण पुनः खेती की ओर लौट रहे हैं। कृषि विभाग के अनुसार ‘चेन लिंक घेरबाड़ योजना’ का उद्देश्य ग्रामीणों को सुरक्षित खेती के लिए प्रेरित करना और कृषि से उनकी आय को बढ़ाना है। साथ ही पलायन की समस्या को भी इस योजना के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा है, क्योंकि जब खेत सुरक्षित होते हैं और आय का साधन बनते हैं, तो लोग अपने गांव छोड़कर जाने के बजाय वहीं रहकर कार्य करने को प्राथमिकता देने लगते हैं। इस योजना के प्रभाव से चयनित क्षेत्रों में भूमि की घेरबाड़ कर बंजर खेतों को फिर से उपजाऊ बनाकर गांवों में हरियाली लौटाई जा रही है। आने वाले समय में विभाग द्वारा और अधिक गांवों को योजना में शामिल कर इसके लाभ को विस्तार देने की योजना है। कृषि विभाग ने अन्य गांवों के किसानों से भी अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में यदि फसल सुरक्षा को लेकर परेशान हैं तो विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लें। योजना में चयनित भूमि को तारबाड़ से घेरा जाता है जिससे सामूहिक खेती को बढ़ावा मिलता है।

## पंजाब सरकार के हाथ से निकल गई है कानून व्यवस्था: चावला

अमृतसर। पंजाब की पूर्व मंत्री प्रो लक्ष्मीकांत चावला ने गुरुवार को कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था पर सरकार का नियंत्रण खो चुका है। प्रो चावला ने कहा कि बुधवार रात को तरनतारन में एक सरपंच द्वारा झगड़ा निपटाने आए थाना इंचार्ज सबइंस्पेक्टर चरणजीत सिंह को उसी के रिवॉल्वर से भून दिया गया। उन्होने कहा कि यह अपराधियों के बढ़े हुए हौसलों की बुरी मिसाल है। इससे पहले भी पंजाब में ग्रेनेड हमले हो रहे हैं। जालंधर के भरे बाजार में मनोरंजन कालिया के घर पर हमला हो गए और अमृतसर व गुरदासपुर जिलों में पुलिस चौकियों पर हमले हुए। प्रो चावला ने कहा कि हैरानी की बात है कि जब पुलिस यह बयान देती है कि जिस अपराधी को रिकवरी के लिए लेकर गए उसने ही पुलिस अधिकारी का हथियार छीनकर उस पर हमला करने की कोशिश की, इसलिए पुलिस ने अपराधी पर गोली चलाई। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि यह कहानी कितनी सच्ची है फिर भी अगर अपराधी को पकड़ कर हथियार बरामद करने जाना है तो यह सोचना पड़ेगा कि छह आठ पुलिस वालों के घेरे में एक अपराधी पुलिस का हथियार छीन सकता है तो यह पुलिस विभाग के लिए कोई शान की बात नहीं, सोचने का विषय है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार तरनतारन में हुई घटना के दोषियों को कठोरतम सजा दे और ऐसा उदाहरण पेश करे कि भविष्य में कोई इस तरह का अपराध करने की सोच भी न सके।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063